CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 23°C

मुरादाबाद, बुधवार 16 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 336 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेना पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत पेज 2



क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक खेल टाइम्स




हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए, क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए सम्पादकीय



ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ लगाने की दी धमकी पेज 12

## कांवड़ यात्रा: क्यूआर कोड विवाद पर उप्र और उत्तराखंड सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर मंगलवार को उन्हें नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा और अन्य की ओर से दायर याचिका पर दोनों राज्यों को एक सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। गत 11 जुलाई से शुरू कांवड़ यात्रा आगामी नौ अगस्त तक चलेगी। अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह, हुजेफा हमदी और शादान फरासत याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए, जबकि उत्तराखंड सरकार का पक्ष रखने उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार शेठी पेश हुए।

# इतिहास रच धरती पर लौटे शुभांशु

## अंतरिक्ष से 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की कैलिफोर्निया में हुई लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्स-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं।

चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4.45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधानों को अंजाम दिया।



■ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए

### मोदी ने शुभांशु को सकुशल लौटने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को एक्सिओम-4 मिशन की सफलता के बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को सकुशल धरती पर लौटने पर बधाई दी और उनका स्वागत किया। श्री मोदी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हू, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और भावनाओं से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है।

स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान भारतीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद चार बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से रवाना हुआ था। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे।

# यमन में निमिषा को मिली दूसरी जिंदगी

सना, वार्ता

**यमन में मौत** की सजा पाने वाली केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा फिलहाल टाल दी गई है। उसे 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जानी थी। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय अधिकारियों के प्रयासों से निमिषा प्रिया की सजा टल गई है। भारतीय अधिकारी वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टिविस्ट ग्रुप और प्रभावशाली धार्मिक नेताओं ने इस मामले में दखल दिया, जिसके बाद निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित कर दी गई है। इससे पहले निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर भी कई कोशिशें की गई थीं। खबर यह भी है कि पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी (लगभग 8.5 करोड़ रुपये) स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर -शेष पृष्ठ दो पर



■ दोनों देशों के धर्मगुरुओं ने की बातचीत, एक्टिविस्ट ग्रुप और धार्मिक नेताओं ने मामले में दखल दिया

■ पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ

## मुंबई धमाके रोके जा सकते थे: उज्ज्वल निकम

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम ने कहा कि 1993 के मुंबई बम धमाके रोके जा सकते थे। अगर एक्टर संजय दत्त उस गाड़ी के बारे में पुलिस को बता देते, जिसमें से उन्होंने एके-47 बंदूक उठाई थी, तो ये धमाके कभी नहीं होते। हाल ही में निकम को राज्यसभा सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि धमाकों से कुछ दिन पहले अबू सलेम (गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का आदमी) हथियारों से भरी एक वैन लेकर संजय दत्त के घर आया था। उसमें हथगोले और एके-47 थी। संजय ने उसमें से कुछ हथियार ले लिए। बाद में उन्होंने सब लौटा दिए, लेकिन एक एके-47 रख ली। निकम ने कहा कि इस बारे में पुलिस को जानकारी न देना धमाकों का कारण बना, जिनमें इतने सारे लोग मारे गए। निकम ने ये बातें एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहीं। 12 मार्च 1993 को मुंबई के अलग-अलग इलाकों में सिलसिलेवार 13 बम धमाके हुए थे। इसमें 257 लोगों की मौत हुई -शेष पृष्ठ दो पर

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals | Affiliations
www.srgcmzn.com | src_mzn@rediffmail.com
NAAC A++ UGC

Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB

Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srgcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹10 Crores Available
For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
Empowering Tomorrow's Educators







B.Ed.
Fee: ₹70,000/- Per Year
ADARSH WOMEN EMPOWERMENT SCHOLARSHIP
For girl candidates: Equal to 20% of Tuition Fee
Applicable to candidates applying for all UG/PG programs and having more than 60% marks in qualifying academic exams
OTHER SCHOLARSHIPS
Based on CUET Score / Academic Merit/
For Sports Persons/Defence Wards/Proud Alumni
NAAC A | NCTE APPROVED | UGC 12B Status Granted | 36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE
Admission Open - Apply Now!
24 Amongst Top Technical Universities of India — India Today University Ranking Survey 2024
Tech-Integrated Curriculum — Focus on educational technology, curriculum design, and real-world teaching practices.
Modern Teaching Methods — Student-centred and interactive pedagogy to prepare educators for digital and inclusive classrooms.
Language & Communication Skills — Language labs to strengthen English and foreign language proficiency for confident teaching.
School of Education
SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be-University established u/s 3 of UGC Act 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
7617505016, 9870265521 | www.shobhituniversity.ac.in
SCAN TO APPLY

# देश पर मर मिटने वाली कौम का नाम क्षत्रिय : राणा

## समारोह में नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बूंदकी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर सिंह राणा ने अपने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा क्षत्रियों का इतिहास रहा है कि सारे समाज को साथ लेकर चले। देश पर मर मिटने वाली कोम का नाम क्षत्रिय है। क्षत्रिय कोई बिरादरी नहीं। क्षत्रिय वह हर इंसान है जो देश पर कुर्बान होने की ताकत रखता है। सुंदर सिंह राणा ने कहा हमें अपने बच्चों को नशे से दूर रखना होगा। क्योंकि अगर हमारे बच्चे नशे के आदी हो गए, तो वह छोटे बड़ों का सम्मान भूल जाएंगे। उन्होंने इस मौके पर लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।



रायपुर सादात के अशोका बैंकट हाल में आज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का आयोजन किया गया था। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर सिंह राणा के सम्मान में इस सभा का आयोजन किया गया था। यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष कुंवर गिरिराज सिंह के नेतृत्व में रामगोपाल सिंह चौहान, हेमराज, रजनीश शर्मा, जगराम सिंह पाल पूर्व प्रधान, चेतराम सिंह प्रजापति आदि लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का साफा बांधकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज समाज के बहुत सारे ठेकेदार जात-बिरादरी के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं। देश की किसी को परवाह नहीं है। आज देश को आगे ले जाने के लिए और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें वह आदर्शवादी सोच दी है कि क्षत्रिय समाज देश के लिए और समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए काम करें।

उन्होंने कहा कि समाज एक माला की तरह है। जिसमें सैकड़ों मोती होते हैं और माला को जप कर हम ईश्वर का नाम लेते हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीप सौरभ पार्थ ने कहा कि प्रदेश में आज गुंडाराज का खात्मा हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब से प्रदेश की कमान संभाली है अधिकारियों ने निष्पक्षता के साथ जो जनहित की योजनाएं थी उनको जनता तक पहुंचाया और आज देश प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुंदर सिंह राणा, प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीप सौरभ पार्थ ने कुंवर गिरिराज सिंह को जिलाध्यक्ष घोषित करते हुए उन्हें साफा पहना कर सम्मान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा केसरिया महासभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें न कोई जात होगी, न बिरादरी। सबको एक छत के नीचे आकर देश को मजबूत करना है और विकास में भागीदार बनना है। क्योंकि सभी लोग क्षत्रिय है। जो देश के लिए काम करें। जुल्म ज्यादती के खातमे के लिए काम करें। वह हर व्यक्ति क्षत्रिय है। केसरिया महासभा का आयोजन कुंवर गिरिराज सिंह, प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित होंगे। जिसमें लोगों को सरकार की जनहित की योजनाओं को बताने के साथ-साथ जात बिरादरी से दूर रहकर समाज की एक जुट बनाने पर जोर दिया जाएगा।

स्वागत समारोह को प्रेम सिंह भाटी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मऊ, विधानसभा सदर के विधायक उम्मीदवार अशोक सिंह, प्रदेश प्रभारी ठाकुर सौरभ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीप सौरभ पार्थ, मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद कविश राणा, मास्टर चंद्रभान सिंह गहलौत, जिला लेखा निरीक्षक भूपेंद्र सिंह सिसौदिया, मुकेश चौहान, अशोक राणा, डॉ. फूल सिंह चौधरी, चौधरी वीर सिंह आदि लोगों ने संबोधित किया।

## 22 जुलाई तक दर्ज कराएं आपत्ति

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने सर्व साधारण को सूचित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश स्टाम्प (सम्पत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 1997 एवं द्वितीय संशोधन नियमावली 2013 के अनुसार जनपद में जारी मूल्यांकन सूची की पुर्नरीक्षित वार्षिक दरें निर्धारित की जानी है। जिनकी प्रस्तावित एक-एक प्रति अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), बिजनौर, सहायक महानिरीक्षक निबंधन बिजनौर तथा सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी एवं एक प्रति सम्बन्धित उपनिबंधक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा रहेगी। यदि किसी व्यक्ति को उक्त रेट लिस्ट की किसी दर के सम्बन्ध में आपत्ति है, तो वह आपत्ति मय साक्ष्य उक्त किसी भी कार्यालय में व्यक्तिगत या प्रतिनिधि के माध्यम से 22 जुलाई की सायं पांच बजे तक दर्ज करवा सकते है, इसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

22 जुलाई, 2025 तक प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण 25 जुलाई, 2025 को सक्षम स्तर से किया जायेगा। तदोपरान्त संशोधित रेट लिस्ट एक अगस्त, 2025 से प्रभावी की जायेगी।

# पर्यावरण संरक्षण में पेड़ों की अहम भूमिका: डॉ. अंकित सिसोदिया



## सीएचसी में जामुन के पौधे रोपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति ने किया। इस दौरान परिसर में फलदार जामुन के पौधे रोपे गए।

चिकित्सक डॉ. अंकित सिसौदिया ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण को समृद्ध और स्वच्छ बनाने में पेड़ों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेड़ हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वातावरण को शीतल व स्वच्छ बनाए रखते हैं।

उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति के साथ जिला उपाध्यक्ष आरेन्द्र शर्मा, चिकित्सक अंकित सिसोदिया सीएचसी, नगर अध्यक्ष अब्दुल बारी, नगर उपाध्यक्ष मौहम्मद इब्राहीम, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, शमशाद अहमद, एहसान शाही, अफसर अली, मौहम्मद शुऐब, महेंद्र सिंह डीलर, इरशाद अली, हाजी मौहम्मद इदरीस, हाजी खलील, मास्टर सलाउद्दीन, शफीक अहमद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गिरनार तीर्थ पर पूजन से रोकने के विरोध में जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जैन मिलन युगल के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी धामपुर के माध्यम से सौंपा। यह ज्ञापन गुजरात के जूनागढ़ स्थित गिरनार तीर्थ क्षेत्र पर जैन समुदाय को पूजन अधिकार से वंचित किए जाने के विरोध में दिया गया।




ज्ञापन में बताया गया कि 2 जुलाई 2025 को गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक, जो कि जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी का मोक्ष स्थल है, वहां देशभर से पहुंचे हजारों जैन श्रद्धालुओं को पूजा, निर्वाण लाडू चढ़ाने और भगवान के जयकारे लगाने तक की अनुमति नहीं दी गई। इतना ही नहीं, पुलिस द्वारा 10 से अधिक स्थानों पर इस प्रकार जांच की गई जैसे श्रद्धालु कोई द्रव्य सामग्री की जगह हथियार लेकर जा रहे हों।

जैन समाज ने संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हवाला देते हुए विरोध दर्ज कराया और कहा कि भारत सरकार के पुरातत्व विभाग तथा गुजरात गजेटियर दोनों ही गिरनार की पंचम टोंक को प्राचीन जैन तीर्थ के रूप में मान्यता देते हैं।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा और गजेटियर के अनुसार आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। पंचम टोंक पर स्थापित अवैध दत्तात्रेय मूर्ति को हटाया जाए। गिरनार की पांचवी टोंक को संरक्षित जैन राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए। जैन मतावलंबियों को वहां पूजा-अर्चना का अधिकार सुनिश्चित किया जाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में वीर पंकज जैन, वीर अजय जैन, अभिषेक जैन, सार्थक जैन, ऋषभ जैन, शुभम जैन, वन्दित जैन, दिवाकर जैन, विशाल जैन, हर्षित जैन, अभिनव जैन, शशांक जैन, चिराग जैन, स्पर्श जैन, मोहित जैन, प्रशांत जैन एवं दीपक जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# एनपीएस, यूपीएस एवं निजीकरण के विरोध में एक अगस्त को रोष मार्च

## 25 नवम्बर को दिल्ली भरेंगे शिक्षक एवं कर्मचारी हुंकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा की जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलौत के संचालन में वर्चुअल बैठक हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग की आड़ में गरीब छात्रों को शिक्षा से वंचित व शिक्षा के अधिकार की हत्या कर रही है सरकार। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राष्ट्रीय आह्वान पर जिला मुख्यालयों पर एक अगस्त को ओपीएस लागू करो एनपीएस/यूपीएस,निजीकरण रोष मार्च पांच सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर देशभर के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी एक साथ ओपीएस के लिए सामूहिक उपवास एक अक्टूबर 2025 को एनएमओपीएस के राष्ट्रीय आह्वान पर गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर सोशल मीडिया 'एक्स' ऑल इंडिया ट्विटर कैंपेन एनएमओपीएस के अखिल भारतीय बैनर तले राष्ट्रीय आह्वान पर 25 नवंबर 2025 दिल्ली में देश भर के शिक्षक एवं कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जाएंगे।

मंडलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लामबंद होकर ही जीता जा सकता है। आंदोलन का विगुल बज चुका है। सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लामबंद होकर संघर्षरत रहे।

इस अवसर पर जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव, सुशील कुमार, बिजेंद्र कुमार, पुनीत गहलौत, मुज्जफर इस्लाम, सिकन्द्र पाल सिंह, जयदेव सिंह, रविंद्र कुमार भूपेंद्र पाल सिंह आदि ने संबोधित किया।

# राशन विक्रेताओं की समस्याओं के निवारण के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राशन विक्रेताओं के वर्तमान समस्याओं का निवारण के सम्बन्ध में ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित डीएम को सौंपा।



ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में फोन से फीडबैक लिया जा रहा है। जिसमें कोटेदारों के विरोधियों के पास फोन जाने पर उल्टा-सीधा जवाब दिया जा रहा है। ऐसा व्यक्ति फोन उठाता है, जो राशन लेने गया ही नहीं था, जिसमें उसको पूर्ण जानकारी नहीं रहती है। वह भी ठीक जवाब नहीं दे पाता है, जिसके आधार पर अनायास जांच होती है, जिससे शोषण बढ़ता है। सरकार किसी भी एक विभाग से जांच कराये। कई विभाग से जांच कराने पर शोषण बढ़ता है। कोटेदारों का लाभांश खाद्यान्न पर रुपये कुन्तल व चीनी पर 70/- रुपये कुन्तल, ही मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा, 200/- रुपये कुन्तल, गोवा में 200/- रुपये कुन्तल, दिल्ली में 200/- रुपये कुन्तल, गुजरात में 20000/- रुपये मिनिमम गास्टी दिया जा रहा है। उ.प्र. के कोटेदारों को अन्य प्रदेश की भांति दिया जाये।

शासनादेशानुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न कोटे के तुकाम पर पहुंचाकर दिया जाये। पूर्व का सभी बकाया भुगतान किया जाये। कोटेदारों द्वारा वितरण ऑन लाइन किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी व वितरण प्रमाण-पत्र व स्टॉक रजिस्टर बंद किया जाये। राज्य सरकार द्वारा पेपर लेस का आदेश दिया जाये। स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन के सभी जिम्मेवारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा, बिजली बिल, मजदूरी भी दी जाती है। कमीशन का पैसा संचालक के खाते में दिया जाये। एमडीएम और आईसीडीएस के खाद्यान्न पर भी एनएएसए खाद्यान्न की भांति कमीशन प्रदान करें।

# कांवड़ियों का जगह-जगह स्वागत, माहौल हुआ शिवमय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सावन मास की पावन बेला में गांव पैजनियां में शिवभक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटते कांवड़ियों का जनसैलाब गांव से होकर गुजरा, जिससे क्षेत्र का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। 'बोल बम', 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोषों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत शिवभक्तों के चेहरों पर उत्साह और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। कांवड़ यात्रा में बुलंदशहर के थाना स्याना क्षेत्र के गांव गजरौला निवासी सचिन, सौरव, देवेंद्र, अनमोल, सौरव, सचिन, आशीष, अमित सहित कुल 40 शिवभक्तों का दल अलग-अलग कांवड़ में 41, 70, किलो गंगाजल से भरे कांवड़ कलश लेकर हरिद्वार से रवाना हुआ है। यह दल पूरे उत्साह, नियम और भक्ति भाव के साथ भगवान शिव की आराधना में लीन दिखाई दिया। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

# भाकियू की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

## विद्युत एवं गन्ना विभाग को दिए मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत 15 जुलाई 2025 को डाक बंगला चांदपुर में संपन्न हुई। मासिक पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष चौधरी हरीराज सिंह ने की, जबकि संचालन मंडल महासचिव अनिल सिद्धू ने किया।



मासिक पंचायत में यूनियन ने बिंदुवार पांच बिंदुओं पर एक मांग पत्र विद्युत विभाग के एसडीओ को दिया जबकि एक मांग पत्र गन्ना समिति सचिव जितेंद्र कुमार को दिया गया। किसान यूनियन द्वारा पांच बिंदुओं पर दिए गए मांग पत्र में बिजली बिलों में चल रही धांधली को तुरंत सही कराया जाए। बिजली बिल रीडर को घर घर जाकर बिल निकालने के आदेश दिए जाएं। किसानों का पेमेंट जल्द से जल्द दिलाया जाए। बास्टा चांदपुर रोड को शीघ्र बनवाया जाए। नए किसान मेंबर जो गन्ना समिति में बनाए गए हैं, उनकी ऋण सीमा बढ़ाई जाए। इस पंचायत में तहसील महासचिव रोहतास प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी ने भी अपने अपने विचार रखे तथा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग अधिकारियों से मांग रखी।

पंचायत में नितिन चौधरी, फिरोज आलम, ऋषि पाल सिंह, विपिन कुमार, सचिन कुमार, मुंशी राम जी, धर्मवीर सिंह, यूनियन के सक्रिय निष्ठावान कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ तहसील चांदपुर सहित बड़ी संख्या में किसान यूनियन कार्यकर्ता मौजूद है।

## हाथियों ने धान की फसल को रौंदा

**बढ़ापुर।** ग्राम हल्दूवाला में बीती रात हाथियों के झुंड ने गन्ने और धान की लगभग 12 बीघा फसल को खाकर पैरों से रौंद डाला।

साहूवाला वन क्षेत्र के ग्राम शहीदनगर उर्फ हल्दूवाला के जंगल में खेतों पर सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। वहां हाथियों ने किसान प्रवेंद्र सिंह की लगभग छह बीघा गन्ना और छह बीघा धान की फसल को खाकर पैरों से रौंद डाला। सुबह होने पर जब किसान खेत पर पहुंचा, तो फसल की दुर्दशा देखकर हक्का बक्का रह गया। किसान ने हाथियों द्वारा फसल बर्बाद करने की जानकारी वन विभाग को दी है। लेकिन वन विभाग की टीम शाम तक भी मौके पर नहीं पहुंची। जिसकों लेकर किसान ने रोष जताया है। किसान सेवक पाल सिंह, कुलवंत सिंह, त्रिलोक सिंह, मौहम्मद गफ्फार, सुखविंदर सिंह व सरवन सिंह आदि ने वन विभाग से हाथियों के फसलों में आने से रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है।

# खेत में आवारा सांड के हमले से किसान घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** एक आवारा सांड ने गांव में लोगों का जीना मुश्किल कर रखा है। आते जाते हुए लोगों पर एवं स्कूल जाते हुए बच्चों पर भी हमला कर रहा है। खेतों पर हल जोतते समय भी सांड ने एक किसान पर हमला कर घायल कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया आसपास खेतों पर काम कर रहे लोगों ने बामुश्किल किसान को सांड से बचाया और परिजनों को सूचना देते हुए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव कुंदनपुर और सुक्खापुर में एक आवारा सांड का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। आज भी खेत पर काम करने जा रहे किसानों पर हमला किया है और कल सोमवार को भी गांव सुक्खापुर निवासी चंद्रपाल सिंह के घर बंधे एक बैल को मार कर जख्मी कर दिया था। वहीं तीन दिन पहले ग्राम कुंदनपुर निवासी करण सिंह (55 वर्ष) पुत्र सूंडा सिंह को भी खेतों में हल चलाते समय सांड ने मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसको गांव के लोगों और परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।

वहीं गांव कुंदनपुर निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजनारायण शर्मा ने बताया कि संबंधित अधिकारियों को इस पूरे प्रकरण की जानकारी दे दी गई है। गांव से विद्यालय के लिए जा रहे बच्चों व खेतों में काम कर रहे किसानों तथा मजदूरों को जान का खतरा बना हुआ है।

जब इस मामले में ग्राम पंचायत सचिव गजवीर सिंह से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मुझे सांड के बारे में जानकारी मिली है। गांव की ओर ही जा रहा हूं।

गांव के लोगों की मदद से बहुत जल्दी ही इस आवारा सांड को पकड़वा कर गौशाला भिजवा देंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यमन में...** मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक के भाई भी शामिल हैं। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया। ऐसा भी पहली बार हुआ है जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ है। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हो रही है, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है। भारतीय नर्स निमिषा 2017 से जेल में बंद हैं, उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट अपने कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। भारत के पास यमन में स्थायी राजनयिक मिशन (दूतावास) नहीं है। 2015 में राजनीतिक अस्थिरता के कारण राजधानी सना में भारतीय दूतावास बंद कर दिया गया था और इसे जिबूती में ट्रांसफर कर दिया गया था। भारत सरकार यमन सरकार से मुख्य रूप से 'नॉन-रेजिडेंट राजदूत' के जरिये बात करती है। फिलहाल भारत सरकार रियाद में मौजूद राजदूत के जरिये बातचीत कर रही है।

**मुंबई धमाके...** थी, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। निकम ने कहा कि संजय दत्त निर्दोष थे। उन्होंने बंदूक सिर्फ इसलिए रखी, क्योंकि उन्हें हथियारों का शौक था। उन्होंने कानून की नजर में अपराध किया, लेकिन वे सीधे-सादे इंसान हैं। संजय के पास एके-47 थी, लेकिन उन्होंने कभी भी वह बंदूक नहीं चलाई। कोर्ट ने संजय को टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज एक्ट (टाडा) के तहत आतंकवादी नहीं माना, लेकिन प्रतिबंधित हथियार एके-47 रखने का दोषी करार दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी छह साल की सजा को घटाकर पांच साल कर दिया था। आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद मामले में सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम के साथ उनकी बातचीत सुर्खियों में रही थी। हालांकि, यह कभी सामने नहीं आया कि दोनों के बीच क्या बात हुई। इंटरव्यू के दौरान निकम ने इस बातचीत का खुलासा किया सजा सुनाए जाने के बाद संजय दत्त ने अपना आपा खो दिया था। मैंने उनके हावभाव बदलते देखे। मुझे लगा कि वे सदमे में हैं। वह फैसला बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे और कांप रहे थे। वे कठघरे में थे और मैं पास में ही था। मैंने उनसे कहा कि संजय ऐसा मत करो। मीडिया तुम्हें देख रहा है। अगर डरे हुए दिखोगे, तो लोग तुम्हें दोषी मानेंगे। तुम्हारे पास अपील करने का मौका है। इस पर उन्होंने कहा कि यस सर, यस सर। उज्ज्वल निकम 26/11 मुंबई हमला मामले में भी सरकारी वकील थे। इंटरव्यू में जब निकम से आतंकी अजमल कसाब को जेल में बिरयानी खिलाए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि कसाब ने वास्तव में बिरयानी मांगी थी, लेकिन नेताओं ने बात को पकड़ लिया और राजनीतिकरण कर दिया। कसाब इकलौता आतंकी था जिसे इस हमले के बाद जिंदा पकड़ा गया था।

# सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को जमानत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में लखनऊ की स्थानीय अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी।



■ लखनऊ की अदालत ने बीस-बीस हजार के बॉन्ड पर दी कांग्रेस नेता को जमानत

अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार रुपये के दो बांड पर श्री गांधी को जमानत दे दी। श्री गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल की तरफ से जमानत याचिका डाली गई थी जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इससे पहले राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे। पिछली पांच सुनवाई के दौरान श्री गांधी अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। जमानत मिलने के बाद राहुल सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि 16 दिसम्बर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी सशस्त्र बलों के लिए अपमानजनक थी और एक पूर्व रक्षा कर्मी के रूप में उनके अपने मनोबल को ठेस पहुंचाने वाली थी। श्रीवास्तव के मुताबिक, श्री गांधी ने अपनी संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं।

# फिल्म निर्माता-अभिनेता धीरज का निधन

**मुंबई, वार्ता**

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता एवं फिल्मकार धीरज कुमार का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। धीरज कुमार को सांस लेने में तकलीफ कारण सोमवार को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया।

सिने एंड टेलीविजन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (सिन्टा) ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर धीरज कुमार के निधन पर शोक जताते हुए लिखा कि धीरेज कुमार जी के निधन से हम दुखी हैं। वह 1970 से सिन्टा के एक आदरणीय सदस्य रहे हैं, उनके योगदान और उपस्थिति को हम हमेशा याद रखेंगे, उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी संवेदनायें हैं, ओम शांति। धीरज कुमार ने सत्तर के दशक में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और 'दीदार', 'रातों का राजा', 'बहारों फूल बरसाओ', 'रोटी कपड़ा व मकान', 'शराफत छोड़ दी मैंने', 'क्रांति' और 'मांग भरो सजना' जैसी कई हिट फिल्मों में अहम किरदार निभाए थे। हिंदी फिल्मों में ही नहीं, बल्कि पंजाबी सिनेमा में भी अपनी पहचान बनाई थी। उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में काम किया, जिनमें 'सज्जन सिंह रंगरूट', 'इक संधू हुंदा सी', 'वॉर्निंग 2' जैसी फिल्में शामिल हैं।

वर्ष 1986 में धीरज कुमार ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'क्रिएटिव आई' की स्थापना की। इस प्रोडक्शन में कई फिल्मों के अलावा लोकप्रिय पौराणिक धारावाहिक का निर्माण किया।

## राजस्थान में भारी बारिश से 16 की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। कोटा में प्रदेश में सबसे ज्यादा 198एमएम बारिश हुई। यहां कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उत्तर प्रदेश में पशुधन क्रांति



उत्तर प्रदेश सरकार ने पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में समग्र और दूरदर्शी नीतियों के साथ राज्य के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने की दिशा में प्रभावशाली पहल की है। किसानों की आय को दोगुना करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण अनुकूल कृषि मॉडल को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं की विस्तृत श्रृंखला चलाई जा रही है। यह बदलाव सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और संरचनात्मक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार की यह रणनीति राज्य को पशुधन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाए रखने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार कर रही है।



"प्रदेश की पशुधन संपदा और दुग्ध उत्पादन की विशाल क्षमता को अगर नियोजित और वैज्ञानिक तरीके से विकसित किया जाए तो उत्तर प्रदेश न सिर्फ देश का अग्रणी दूध उत्पादक राज्य बन सकता है बल्कि वैश्विक डेयरी मानचित्र पर भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकता है"

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



"भारत के डेयरी सेक्टर को मजबूत करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। गाय-भैंस का मजाक उड़ाने वाले लोग ये भूल जाते हैं कि देश के 8 करोड़ परिवारों की आजीविका पशुधन से ही चलती है। यूपी आज न केवल देश का सबसे अधिक दूध उत्पादक राज्य है, बल्कि डेयरी सेक्टर के विस्तार में भी बहुत आगे है"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**7,717** गौशालाएं स्थापित

**14 लाख+** गायों को संरक्षित किया गया

उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन कर देश में **प्रथम स्थान**

लम्पी रोग से बचाव / नियंत्रण के लिए **1.52 करोड़** पशुओं का टीकाकरण

## 2017 से पहले

| | |
|---|---|
| 7 करोड़ पशुओं का टीकाकरण | पशु उत्पादों के प्रोत्साहन के प्रति शून्य प्रयास |

## 2017 के बाद



- 16 करोड़ पशुओं का टीकाकरण
- गोवंश से आर्थिक उन्नति के प्रयास
- पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाने हेतु प्रदेश स्तर पर रेडियम बेल्ट भी लगाई जा रही
- गो-पेंट, गो-दीप और गाय के गोबर के गमले और वर्मी कम्पोस्ट का व्यापक उत्पादन
- जैव ऊर्जा और बायोगैस ईंधन के रूप में गोमूत्र का व्यावसायिक उपयोग
- एनडीडीबी (राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर, 4 प्रमुख डेयरी इकाइयों का प्रभार, कानपुर, गोरखपुर, कन्नौज के डेयरी प्लांट और अम्बेडकरनगर की पशु आहार निर्माणशाला में हैं

**हेल्पलाइन** पशुपालन विभाग 1800-180-5141 | पशु चिकित्सकीय सहायता 1962



- मुख्यमंत्री निराश्रित/ बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत इच्छुक कृषक/ पशुपालक परिवारों को 1 से 4 गाय व ₹1500 प्रतिमाह प्रति गोवंश दिये जाने की व्यवस्था
- मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में 1,63,452 गोवंश इच्छुक कृषक / पशुपालक परिवारों को सुपुर्द
- प्रदेश में पहली बार डी.बी.टी. के माध्यम से भरण-पोषण हेतु ₹50 प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से गो आश्रय स्थलों को धनराशि हस्तांतरण
- प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाये रखने के लिए 5 वर्षों में ₹1000 करोड़ की लागत से नन्द बाबा दुग्ध मिशन का प्रारम्भ
- मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना एवं स्वदेशी नस्ल के गोवंश हेतु मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना संचालित
- नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत दुग्ध उत्पादन तथा डेयरी की स्थापना के लिए लगभग 50 प्रतिशत अनुदान
- ई-कॉमर्स पोर्टल से 1,22,951 उपभोक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं पराग मित्रों को जोड़ा गया
- प्रदेश में दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास एवं उत्पाद प्रोत्साहन नीति का प्रख्यापन
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना (पशुपालन घटक) के अन्तर्गत मार्च 2024 तक 5.60 लाख किसान क्रेडिट कार्ड वितरित
- गो-आश्रय स्थलों में CCTV की स्थापना तथा जनपद स्तरीय कंट्रोल रुम (ICCC) के माध्यम से निगरानी

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप

## नहटौर क्षेत्र से विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर 11 मेडल जीते



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जिला स्तरीय बालक वर्ग ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन नेहरू स्टेडियम बिजनौर में किया गया। जिसमें नहटौर क्षेत्र से विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर 11 मेडल प्राप्त किये।

जानकारी के अनुसार जिला स्तरीय बालक वर्ग ताइक्वांडो चैंपियनशिप 14 जुलाई 2025 को बिजनौर में आयोजित की गई थी। जिसमें नहटौर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया था। जिसमें विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभा करके 11 मेडल प्राप्त किया। इस संबंध में नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच चमन सैनी ने बताया कि एस एन एस एम इंटर कॉलेज से आयुष्य सैनी गोल्ड मेडल, अनस सिल्वर मेडल, यश सैनी ब्रॉन्ज मेडल, एम.टी. सी.ए कॉन्वेंट स्कूल से फैज अंसारी ब्रॉन्ज मेडल, याहिया ब्रोंज मेडल, बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से शिवा सिंह गोल्ड मेडल, वेदांश शर्मा सिल्वर मेडल, साई इंटरनेशनल से देव राजपूत गोल्ड मेडल, ए.बी.वी.पी से मौहम्मद उमेर गोल्ड मेडल, एस.वी. पब्लिक स्कूल से मयंक बाबू ब्रॉन्ज मेडल, जी.टी.ए. से अर्श उस्मानी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। एस.एन.एस.एम. इंटर कॉलेज नहटौर के प्रबंधक दर्पण त्यागी, एम.टी.सी.ए. कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक अशफाक अहमद सिद्दीकी, बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा, जिला बिजनौर ताइक्वांडो श्रृंगार सचिव राजू राजपूत तथा नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच चमन सैनी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रतिबंधित लकड़ी का वाहन पकड़े जाने से वन माफियाओं खलबली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** वन विभाग द्वारा मुखबिर सूचना पर वन क्षेत्र से लाखों रुपये कीमत की चोरी कर ले जाई जा रही खैर की लकड़ी से भरी पिकअप वाहन को चालक सहित हिरासत में लेकर वन क्षेत्राधिकारी ने मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज की कर दिया।

सूत्रों के अनुसार काफी समय से अमानगढ़ वन क्षेत्र व रामगंगा पार से प्रतिबंध सहित कीमती लकड़ी को वन तस्करों द्वारा दिन दहाड़े काटकर चोरी की जा रही थी। बढ़ापुर थाना क्षेत्र के गंगा पार नावबपुरा, कादराबाद होते हैं। कासमपुर गढ़ी होते हुए पिकअप को अफजलगढ़ लाया जा रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी में सोमवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने अपने हमराह वन कर्मियों सहित लाखों रुपए लागत की प्रतिबंधित खैर की लकड़ी से भरा पिकअप वाहन संख्या यूपी 20 टी 0481 को चालक सहित हिरासत में लेकर वानिकी विभाग चौकी रेहड़ ले गए। मीडिया कर्मियों के पहुंचते ही वन विभाग कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूत्रों की माने तो उक्त मामले में पर्दे के पीछे से बड़ी डील होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने बताया कि सोमवार की देर शाम मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि कल्लूवाला क्षेत्र से टाटा पिकअप में अवैध तरीके से खैर की लकड़ी ले जाई जा रही थी। सूचना मिलने पर वन कर्मियों ने वाहन का पीछा करते हुए उक्त वाहन को अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी में पकड़ लिया। वाहन में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी खैर के गट्टू, इमारती लकड़ी आदि सहित कुछ सोख्ता भी बरामद हुआ जिनकी कीमत लगभग तीस हजार रूपये आंकी गई हैं। रेंजर ने बताया कि लकड़ी तस्करी के आरोप में नरेश कुमार, नसीम अहमद, रिफाकत हुसैन निवासीगण कासमपुरगढ़ी व सलीम अहमद निवासी मानियावाला थाना अफजलगढ़ के विरुद्ध वन अधिनियम 1927 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर वाहन को सीज कर दिया गया है तथा रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई हैं।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 140 रोगियों ने लाभ उठाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़ ।** नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों ने 140 रोगियों का चेकअप किया और उन्हें दवाइयां भी वितरित की।

रेहड़ के मेन बाजार में स्थित मुस्लिम हलवाई बिरादरी के पंचायत घर पर मंगलवार सुबह 10 बजे दोपहर दो बजे तक स्थानीय निजी चिकित्सक डॉ. नौशाद अली के सौजन्य से नि:शुल्क चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया। जिसमें काशीपुर के एक निजी प्रसिद्ध अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. फैजान, डॉ. राघव, डॉ. राजकुमार व डॉ. रमीज आदि ने आंख, कान, नाक, गला, हड्डी व दिल आदि के रोगों से संबंधित 140 रोगियों की नि:शुल्क जांच की और उन्हें उचित परामर्श देते हुए उन्हें नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई। शिविर में मौजूद इस अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर संजीव शर्मा ने बताया कि मरीजों को उनके रोगों से संबंधित उचित उपचार के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य संबंधी उचित सलाह भी दी गई है। चिकित्सा शिविर के मुख्य आयोजक डॉ. नौशाद अली ने शिविर में आए सभी चिकित्सकों व सहयोगियों का आभार जताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाने की बात कही और ग्रामीणों से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर से लाभ उठाने का आह्वान किया।

# सुनील पाल मनोहारिया सम्मानित

## अखिल भारतीय खटीक समाज का भव्य सम्मान समारोह संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया को संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने पुन: जिलाध्यक्ष पद की ताजपोशी करते हुए उनको सम्मानित किया है।

चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अटल सभागार में अखिल भारतीय खटीक समाज का भव्य सम्मान समारोह संपन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद मुंशीराम पाल एवं प्रधान राष्ट्रीय महामंत्री अनिल सोनकर शास्त्री ने प्रदेश की बागडोर विजय कुमार को सौंपते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की। इस दौरान बिजनौर के जिलाध्यक्ष सुनीलपाल मनोहारिया को पुन: बिजनौर के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी और संगठन को सामाजिक रूप से एकजुट होकर मजबूत बनाने का आह्वान किया।

उल्लेखनीय हैं कि मंडावर निवासी सुनीलपाल मनोहारिया वरिष्ठ पत्रकार के साथ-साथ आरएसएस के समर्पित और निष्ठावान पुराने मजबूत कार्यकर्त्ता हैं जो खटीक समाज के प्रति जागरूक होकर कार्य करते हैं। समाज मे उनकी अच्छी खासी ख्याति हैं। उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा खटीक समाज के प्रति समर्पित और निष्ठावान होकर संगठन को मजबूत बनाने का तन, मन और धन में कार्य निर्वहन करेंगे।

## एक नजर

### बागपत का शमीम गिरफ्तार



**बिजनौर।** कल वादी ने थाना कोतवाली शहर पर तहरीर दी कि 13 जुलाई को अभियुक्त शमीम पुत्र सफरूल्ला निवासी असरफाबाद थल थाना रमाला जनपद बागपत, वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। इस संबंध में थाना कोतवाली शहर पर मुकदमा अपराध संख्या 606/25 धारा 137 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा अभियोग से संबंधित अपर्हता को बरामद किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग में धारा 65 (1) बीएनएस व 3/4 (2) पॉक्सो अधि. की वृद्धि की गई। आज कोतवाली शहर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्त शमीम पुत्र सफरूल्ला निवासी ग्राम असरफाबाद थल थाना रमाला, जनपद बागपत को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

### संजीव तोमर का भव्य स्वागत



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी में भारतीय किसान यूनियन (तोमर गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर का भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत युवा प्रदेश अध्यक्ष मौहम्मद रिजवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में संजीव तोमर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अफजलगढ़ पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएचसी में आम जनता को सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।संजीव तोमर ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर जल्द ही लखनऊ में महा पंचायत आयोजित की जाएगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर, पवन त्यागी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद रिजवान, असद खान ब्लॉक अध्यक्ष युवा मोर्चा, मौहम्मद दानिश, नाजिम मलिक, हनी चौधरी, बाबू उर्फ भूला, अफसर दीपक चौधरी, अमरकांत शर्मा युवा जिला अध्यक्ष, नदीम अहमद, मौहम्मद आसिफ आदि बैठक में मौजूद रहे।

### जल बचाव कार्यक्रम आयोजित



**नजीबाबाद।** नगर के वालिया ग्लोबल एकेडमी में ब्लू कलर डेव जल बचाव, समुद्री जंतुओं की रक्षा कार्यक्रम शिक्षिकाओं द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने नीले रंग की पोशाक पहनी। इस दिन का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को नीले रंग के महत्व के विषय में बताया गया।

### ट्रैक्टर चोरी में दोषी को एक साल की सजा

**नोएडा ।** जिला न्यायालय ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक नौकर को एक साल दो माह कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर चार दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के मुताबिक नोएडा के सदरपुर गांव के रहने वाले राजकुमार ने सेक्टर-126 थाने में अपने नौकर राजेंद्र निवासी बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित के मुताबिक 25 मई 2024 को उसका नौकर राजेंद्र ट्रैक्टर लेकर खेत पर चारा लेने के लिए गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा और ट्रैक्टर चोरी कर ले गया।

### स्कूलों में बच्चें सीखेंगे संस्कार

**ग्रेटर नोएडा( शाह टाइम्स )।** चारों ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को अब हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान की पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रखा जाएगा बल्कि उन्हें संस्कार भी सिखाए जाएंगे। इसी उद्देश्य से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में स्थापित लाइब्रेरी कॉर्नर को सक्रिय किया जाएगा। क्वालिटी ऑफ स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के लिए 29 और उच्च प्राथमिक स्तर के लिए 58 प्रेरक पुस्तकों का चयन किया गया है। इनमें देश-विदेश के राजाओं, वीर योद्धाओं, संवेदनशील नागरिकों, माताओं, पशु-पक्षियों और पर्यावरण से जुड़े जीवन मूल्यों पर आधारित कहानियां शामिल हैं।

# मंडी समिति परिसर में पौधारोपण

## चेयरमैन व सचिव ने आढ़तियों के साथ लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय पर सफाई व पौधारोपण अभियान को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खान ने शिरकत की। गोष्ठी का संचालन किन्नू आढ़ती हाशिम अहमद ने किया।

इस मौके पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खान ने ऑक्सीजन का महत्व बताते हुए मंडी को हरा भरा रखने के लिए व्यापारियों से पौधारोपण करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मानव जीवन में बैंकों के अंदर धन को जमा किया जाता है। इस तरह ऑक्सीजन के लिए पौधारोपण होना बेहद जरूरी है। ताकि स्वच्छ वातावरण लोगों को मिल सके। मंडी सचिव सचिन शर्मा ने सफाई में सहयोग देने पर आढ़ती हाजी शहजाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। किन्नू व्यापारी हाशिम अहमद की फर्म इंडियन ट्रेडिंग कंपनी द्वारा ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से समय पर मंडी टैक्स अदा करने पर सम्मानित किया। उन्होंने अन्य व्यापारियों से भी मंडी परिसर की सफाई के लिए दुकानों के सामने डस्टबिन का प्रस्ताव रखा है। चेयरमैन ने व्यापारियों को सहयोग का आश्वा. सन दिया। इस मौके पर डॉ. इदरीस अंसारी (सदर), हफीज खलीफा, मास्टर यूनुस, नफीस केले वाले, हाजी अतीक, हाजी नईम, शहशाह आलम, मौहम्मद आबिद, भोलू, फजलुर्रहमान, हाजी शहजाद, रईस, हाजी कामिल, हाजी नासिर, अन्नू, फईम अहमद मूसा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षणेत्तर व आउटसोर्सिंग कर्मियों का धरना आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के आव्हान पर जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर व आऊटसोर्सिंग कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 16 जुलाई को जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के कार्यालय पर धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को सौंपेंगे।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा, जिला मंत्री योगेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शर्मा व कोषाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के हजारों शिक्षणेत्तर कर्मचारी एक लंबे समय से अपनी लंबित मांगों पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षक पद पर पदोन्नति, अवकाश नकदीकरण, नियुक्ति पर लगी रोक हटाने,चिकित्सा सुविधा, वेतन विसंगति, प्रबंध समिति में भागेदारी, लिपिक पद पर पदोन्नति में ट्रिपल सी की अनिवार्यता हटाने, आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित वेतन देने आदि की मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। लेकिन प्रदेश सरकार व विभागीय अधिकारी लंबित मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। जिससे शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में लगातार सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के हर जिला मुख्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर 16-19 जुलाई तक शिक्षणेत्तर व आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों के द्वारा धरना दिया जाएगा। जनपद। बिजनौर में 16 जुलाई को 12 बजे से तीन बजे तक जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के कार्यालय पर धरना दिया जाएगा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित मांगपत्र जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को सौंपा जाएगा।

संघ के पदाधिकारियों ने जनपद के सभी शिक्षणेत्तर व आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों से धरने में शामिल होने की अपील की है।

# नोएडा प्राधिकरण ने दिया 39 लोगों को अवैध निर्माण का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सलारपुर खादर गांव के 24 खसरा पर निर्मित और निर्माणाधीन इमारतों पर अवैध निर्माण का नोटिस चस्पा किया। एक सप्ताह में इन अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश भी दिया। साथ ही करीब 39 लोगों को नामजद करते हुए नोटिस दिए गए। प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर खादर पुलिस चौकी के पीछे खसरा संख्या 723, 724 नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित व खसरा संख्या 727, 728, 729, 730, 731, 732, 733, 734, 735, 736, 737, 738, 739, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752 व 753 प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि है। यहां पर अवैध निर्माण किया गया है।प्राधिकरण की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए। साथ ही पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर अवैध रूप से निर्मित बिल्डिंगों पर नोटिस चस्पा कराए गए। इस दौरान प्राधिकरण की ओर से की जा रही कार्यवाही के विरोध में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। पुलिस बल द्वारा उनको समझा बुझाकर पीछे किया गया। नोटिस के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर अवैध निर्माण को स्वयं के स्तर से हटाए जाने व अपना जवाब देने का समय दिया गया।

समय पर जवाब नहीं देने और अवैध निर्माण नहीं हटाने पर प्राधिकरण इसे ध्वस्त या सील करेगा। साथ ही इस भूमि पर किसी प्रकार की खरीद फरोख्त न की जाये। जिससे आम जनमानस को कोई वित्तीय नुकसान न हो।

**इन लोगों को दिए गए नोटिस:** मोहम्मद अयूब व याकूब, सुनील शर्मा व राहुल शर्मा, सलीम व शमीम, मै० एसए प्रमोटर्स द्वारा पार्टनर के द्वारा सुनील कुमार पुत्र धीरज सिंह, मैसर्स प्रॉपर्टी अरीना इंफ्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रिषि पाल, महर्षि आश्रम के द्वारा राहुल भारद्वाज, मैसर्स एनर्जी बिल्डिंग सॉल्यूशन्स प्रालि के द्वारा विजय त्रिवेदी, एनर्जी बिल्डिंग सॉल्यूशन्स प्रालि के द्वारा संजीव कुमार त्रिपाठी, मैसर्स क्वालिस्टिक टेक्नोज प्रालि के द्वारा सुभाष कुमार भाटी, डालमिया लेटेक्स लिमिटेड के द्वारा अभिषेक जैन, विकास गोयल, नीदरलैंड इंडिया कम्युनिकेशन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जालम सिंह, जया कुमारी, मैसर्स ब्रेकथ्रू इंटरप्राइजेज एलएलपी के द्वारा सर्वेश मिश्रा, जयविन्द, जुगल किशोर गौतम, रामकुमार,हरीश व हरिशचंद, मिंटू व रिंकू व राजेश, राहुल कसाना, मैसर्स स्टूडेंट इंटरनेशनल मेडिटेशन सोसाइटी द्वारा विनीत कुमार श्रीवास्तव, सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र सिंह, सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा सूरजभान, प्रदीप सिंह, गोपाल सागर इंफ्रा प्रालि द्वारा हेरी बजाज, प्राइमस अल्टिमा के द्वारा पवन जिंदल, मैसर्स अरीना प्रापर्टी इंफ्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रामनाथ यादव, शेखर कुमार, कृष्ण कन्हैया आदि मौजूद रहे।

# ग्राइंडर गे एप पर लोगों से करते थे दोस्ती

## समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देकर करते लूटपाट, चार को पुलिस ने पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्राइंडर गे डेटिंग ऐप के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गैंग के चार लोगों को नोएडा थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग ऐप के जरिए लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे। इसके बाद चेटिंग करके उनको अपने जाल में फंसाते है। फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उनके साथ लूटपाट करते है। इनके पास से कई लोगों का डेटा भी मिला है। इसके अलावा दो बाइक, फर्जी नंबर प्लेट 4 मोबाइल फोन और कैश मिला है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग पिछले एक साल से सक्रिय है। इनको थाना सेक्टर-24 पुलिस व सर्विलांस टीम की मदद से मदर डेयरी सेक्टर 11 चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अरबाज, विशाल कुमार, उस्मान और हिमांशु के रूप में हुई है। अब 12 से ज्यादा लोगों को ये अपना शिकार बना चुके है। इनके मोबाइल डेटा के जरिए पीड़ितों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।ये लोग ग्राइंडर गे ऐप पर लड़कों से दोस्ती करते है। इसके बाद उनको समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देते है। ऑफर एक्सेप्ट होने पर ये लोग व्यक्ति को किसी सुनसान इलाके में बुलाते है। वहां तमंचा और हथियार के बल पर उससे लूटपाट करते है। लूटपाट के जरिए मिलने वाले पैसे ये लोग मौज मस्ती के लिए खर्च करते है। इनके गैंग का लीडर विशाल है। सिर्फ विशाल ही 11वीं तक पढ़ा है।

# पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी ने सुनी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बिल्डर बायर्स समस्या सबसे बड़ा मुद्दा है। यहां से कई शिकायत पीएमओ तक पहुंच रही है। ये समस्या क्यों हो रही है और इनका समाधान क्या हो सकता है। रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिल्डर को कहां दिक्कत है। बायर्स को समय पर फ्लैट क्यो नहीं मिल रहे या रजिस्ट्री क्यो नहीं हो रही । इस तरह की सभी समस्याओं को देखने के बाद मंगलवार को पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल नोएडा प्राधिकरण पहुंचे।

यहां उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी के साथ बैठक की। इस बैठक में रेरा के रिकवरी ऑफिसर के अलावा अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके बाद बिल्डर और बायर्स के साथ अलग से बैठक की गई। करीब दो से ढाई घंटे बैठक के बाद उन्होंने बारी-बारी से सभी इन समस्याओं को किस तरह से समाप्त किया जाए इसके लिए सुझाव मांगे। सभी ने अपनी समस्या और उससे जुड़े सुझाव दिए। बैठक में नोएडा से बिल्डरों में प्रतीक, गुलशन, आरजी के अलावा ऐस शामिल हुए। वहीं ग्रेटर नोएडा के कुछ बायर्स भी बैठक में रहे। इस दौरान नोट्स बनाए गए, जिन्हें डिप्टी सेक्रेटरी अपने साथ ले गए। बता दें नोएडा, ग्रेटर नोएडा में अमिताभ कांत की सिफारिश के बाद भी रजिस्ट्री की संख्या कम है। साथ ही हजारों की संख्या में बायर्स ऐसे हैं जिनको फ्लैट पर कब्जा नहीं मिल सका है। यही लोग लगातार पीएमओ में मेल और पत्राचार के जरिए अपनी शिकायत रख रहे हैं।

# घर से नकदी और गहने चोरी

**नोएडा।** हिंडन विहार सोसाइटी के गली नंबर-15 में स्थित घर से चोर नकदी और गहने चोरी कर फरार हो गए। जिस समय वारदात हुई दंपती बाहर थे। सेक्टर-49 थाने में दी शिकायत में दिनेश कुमार नागर ने बताया कि दस जुलाई की रात को उनके घर में चोर घुसे और नकदी, गहने व महत्वपूर्ण काग. जात चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता की पत्नी ने जब आलमारी खोली तब घटना की जानकारी हुई।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र वसीम अहमद पुत्र नसीम अहमद व पुत्रवधु गजाला खातून पत्नी वसीम अहमद को उनके गलत चाल-चलन, गलत व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने समस्त पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करती हूं। भूतकाल या भविष्य में इनके किसी भी लेनदेन, कृत्य व अपराध के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**-कौशर जहां पत्नी नसीम अहमद निवासी मझौली, कस्बा व परगना व थाना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर**

# वसूली कार्य में लापरवाही न बरतें : एडीएम

## कांवड़ मार्ग को दुरुस्त करने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज 11:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय एवं नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगरीय क्षेत्र में कांवड़ मार्ग को पूरे मानक के अनुसार दुरुस्त करना सुनिश्चित करें, किसी भी स्थान पर गड्ढे अथवा जल भराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए तथा आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित कराएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 15 वित्त आयोग में आवंटित धनराशि के सापेक्ष जिन नगर निकायों द्वारा कुछ भी व्यय नहीं किया गया है, का कारण स्पष्ट करें तथा नियम अनुसार आवंटित बजट को व्यय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को यह भी निर्देश दिए कि जिन नगर निकायों में चारागाह की भूमि मौजूद है, वहां पर संपूर्णना घास, नेपियर घास अथवा कोई भी हरा चारा नियमित रूप से उगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि नगर निकायों में स्थापित गौशालाओं में मौजूद गौवंशों के लिए चारे की समुचित व्यवस्था हो सके।

वसूली कार्य की समीक्षा करते हुए उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों को प्रतिबंधित प्लास्टिक/पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए छापामार कार्यवाही करें और जब्त की गई पॉलिथीन आदि को नियम अनुसार नष्ट भी करें और संबंधित पर दंड भी रोपित करें। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त योजना से संबंधित जो भी कार्यवाही नगर पालिका स्तर पर लंबित है, आज शाम तक उसका शत-प्रतिशत रूप से उसका निस्तारण करते हुए आख्या डूडा कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक के सभी बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निकाय क्षेत्रों में जो बड़े-बड़े कार्य लंबित हैं, उनकी टेंडर प्रक्रिया पूरी कर यथाशीघ्र उनको पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डूडा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजनौर विकास कुमार सहित सभी नगर निकाय क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरीफ अहमद उर्फ मनोरे का निधन

**नजीबाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शरीफ अहमद उर्फ मनोरे नेता के निधन पर तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उनके पार्थिव शरीर पर कांग्रेस का झंडा डालते हुए उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके लिए दुआ ए मगफिरत की। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व जिला महासचिव श्रीमती दयावती, पूर्व नगर अध्यक्ष शजर तय्यब, पूर्व उपाध्यक्ष सुलेमान खान, अमजद सिद्दीकी, सचिव खालिक हुसैन, जसविंदर सिंह, शक्ति रॉय, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नावेद फरीदी, पूर्व उपाध्यक्ष फैज अहमद, युवा नेता फैसल, अरबाज दुर्रानी, भूपेंद सिंह, खालिद हुसैन, मुदस्सर खान, सुचित्रा देवी, राहुल कुमार, यास्मीन बेगम आदि अनेकों कांग्रेसियों ने शिरकत की और अफसोस व्यक्त किया। नगर अध्यक्ष शजर तय्यब ने कहा कि कांग्रेस परिवार दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने फोन करके दुख व्यक्त किया।

# आचार्य प्रमोद कृष्णम और डॉ. मनोज वर्मा के बीच विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** संभल स्थित कल्कि धाम के प्रमुख संत और समाज में अपने बेबाक विचारों के लिए आचार्य प्रमोद कृष्णम सोमवार को ताजपुर में समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा से मिले। यह मुलाकात बेहद आत्मीय और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

आचार्य प्रमोद कृष्णम सोमवार को भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए हुर्रनंगल पहुंचे थे। वापस लौटते समय वे ताजपुर में टिल्लू त्यागी के आवास पर कुछ समय के लिए रुके, जहां समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा भी उनसे मिलने पहुंचे। करीब दस मिनट चली इस मुलाकात में दोनों के बीच समाज, धर्म और राष्ट्रीय मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने डॉ. वर्मा को कल्कि धाम आमंत्रित भी किया और भविष्य में समाजहित में मिलकर कार्य करने की इच्छा जताई। डॉ. मनोज वर्मा ने बातचीत में बताया कि आचार्य प्रमोद कृष्णम देश में धर्म और राष्ट्रहित के कार्यों को लेकर सतत सक्रिय हैं। वे हमेशा समाज में सद्भाव और राष्ट्र की उन्नति के लिए कार्यरत रहते हैं। डॉ. वर्मा ने कहा आचार्य जी का मार्गदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

यह भी उल्लेखनीय है कि डॉ. मनोज वर्मा की आचार्य प्रमोद कृष्णम से वर्षों पुरानी आत्मीयता है। जब भी आचार्य प्रमोद कृष्णम इस क्षेत्र में आते हैं तो वे डॉ. वर्मा से भेंट किए बिना नहीं जाते। डॉ. मनोज वर्मा न सिर्फ सामाजिक सरोकारों में सक्रिय हैं बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव सेवा के क्षेत्र में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनकी सादगी, मिलनसारिता और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता ने उन्हें क्षेत्र में अलग पहचान दिलाई है। वे हमेशा गरीबों, जरूरतमंदों और युवाओं के हित में कार्य करने के लिए जाने जाते हैं। इस आत्मीय भेंट ने क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश दिया है और समाजसेवा व राष्ट्रहित के कार्यों के लिए नई ऊर्जा का संचार किया है।

# मिनी मेट्रो की चपेट में आकर बालक गंभीर रूप से घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासूचन्द में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में एक मासूम बालक मिनी मेट्रो की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम निवासी रियासत अलवी का बेटा सुफियान बाजार से घर लौट रहा था। जैसे ही वह मौहल्ले की गली में पहुंचा, अचानक एक मिनी मेट्रो वहां से गुजरी और सुफियान उसकी चपेट में आ गया। हादसे में सुफियान सड़क पर गिर पड़ा और उसे गंभीर चोटें आई। परिजनों ने तुरंत उसे धामपुर के

## गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया।

हादसे के बाद ग्राम में दहशत का माहौल है और परिजन बच्चे के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। वहीं, स्थानीय लोग गली में तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# पौराणिक घाटों पर गंगा अवतरण की मांग

## गंगा सुधार समिति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गंगा सुधार समिति ने जिलाधिकारी को दिए गए एक ज्ञापन में विदुर कुटी तथा पौराणिक घाट गंज में गंगा की धारा लाने की मांग की है।

गौरतलब है कि लगभग 35 सालों से विदुर कुटी व गंज के पौराणिक घाटों पर गंगा की दूरी बैराज बनने के बाद लगभग तीन किलोमीटर हो गई तभी से ये पौराणिक स्थल वीरान पड़े हैं। तीन दशक पूर्व इन जगहों पर 12 महीने श्रद्धालुओं के आने से रौनक रहती थी। दो वर्ष पहले बिजनौर में प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा की धारा विदुर कुटी पौराणिक घाट पर लाने की घोषणा की थी पर वह भी घोषणा तक ही सीमित रह गई।

पौराणिक घाट तथा महाभारत कालीन विदुर आश्रम गंगा के दूर जाने के कारण उत्पन्न सुनापन देख श्रद्धालुओं में निराशा व्याप्त है। पिछले कुछ वर्षों से जिला प्रशासन द्वारा भी गंगा की धार विदुर आश्रम तथा पौराणिक घाटों पर लाने के लिए काफी प्रयास किए गए पर प्रदेश व केंद्र स्तर के नकारात्मक रुख के चलते योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका।

विगत कई वर्षों से गंगा सुधार समिति तथा जिला पंचायत विभाग द्वारा ऐतिहासिक छड़ी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्यूबवेल पंप से हर वर्ष नहाने की व्यवस्था कराई जाती है। इस मेले में दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस मामले में रुचि लेते हुए कहा कि वह अपने स्तर से पूरा प्रयास करेंगी। तथा गंज के पौराणिक घाटों की स्थिति को देखने भी जाएंगी। जिलाधिकारी को ज्ञापन देने वालों में विकास अग्रवाल, नरेंद्र कुमार मारवाड़ी, कौशल अग्रवाल, नीरज शर्मा, डॉ. सत्येंद्र शर्मा रहे।

# दुकान में घुसे चोर की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद

## गल्ले में कुछ न मिलने पर भागा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** चोरों ने दिनदहाड़े नांगल-चंदक मार्ग के किनारे स्थित एक दुकान में घुसकर गल्ले का लॉक तोड़ दिया, मगर गल्ले में धनराशि न होने पर भाग खड़ा हुआ। गल्ला तोड़ने वाले युवक की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

नांगल थानांतर्गत ग्राम सौफतपुर निवासी मिथुन कुमार पुत्र अशोक कुमार की दुकान सिद्धांत बीज भंडार के नाम से नांगल-चंदक मार्ग के किनारे घर के बाहरी हिस्से में स्थित है। बगल में उसके भाई एवं किसान नेता अरुण कुमार का मेडिकल स्टोर भी स्थित है। सोमवार को अपराह्न 3 बजे मिथुन दुकान का शटर डाउन करके पीछे की तरफ घर में भोजन करने गया था। उस समय मेडिकल स्टोर भी बंद था। तभी एक युवक वहां आया, इधर - उधर देखा और शटर को उठाकर दुकान के अन्दर घुस गया। उसने कमर की तरफ हाथ ले जाकर पेंचकस निकाला और गल्ले का लॉक तोड़ दिया। उसने गल्ले को बाहर खींचकर अन्दर झांका , मगर उसमें कोई धनराशि नहीं थी। इस पर चोर युवक दुकान से निकलकर भाग गया। मिथुन लगभग 20 मिनट बाद भोजन करके वापस दुकान पर आया, तो शटर को ज्यादा खुली हुई देखकर उसका माथा ठनका। अंदर जाकर देखा , तो गल्ला भी बाहर निकला हुआ था। चोर युवक की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

मिथुन के बड़े भाई किसान नेता अरुण कुमार ने घटना की सूचना फोन पर नांगल थाना प्रभारी को दी। सूचना पर हलका दरोगा सुनील पूनिया मौके पर पहुंचे और घटना की जांच-पड़ताल की।

# कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के आने जाने के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था

## प्रधान अध्यापक की हो रही सराहना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** कंपोजिट विद्यालय हिलालपुर बहावलपुर के प्रधान अध्यापक मोहम्मद असलम ने स्कूल में आने जाने वाले बच्चों को बेहतर व्यवस्था प्रदान करते हुए अपने स्तर से अपनी जेब खर्च पर कुछ ई-रिक्शाओं की व्यवस्था की है जिनके द्वारा स्कूल आने जाने वाले बच्चे समय पर स्कूल आ जा सकेंगे।

विद्यालय के प्रधान अध्यापक मोहम्मद असलम का कहना है कि यह व्यवस्था मेरे और मेरे शिक्षक स्टाफ के सहयोग से इसी शिक्षा सत्र से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि उनके और उनके स्टाफ के सहयोग से की गई इस बेहतर व्यवस्था से स्कूल में आने-जाने वाले बच्चे पूरी तरह सुरक्षित रहे और अपने स्कूल और घर आ जा सकेंगे। क्षेत्र में एक अनोखी और पहली ऐसी अच्छी व्यवस्था को देख और जानकर ग्रामीणों व क्षेत्राभर में प्रशंसा की जा रही है। इस बारे में मोहम्मद असलम का कहना है कि मैं चाहता हूं कि मेरे स्कूल में आने वाले बच्चे सुरक्षित रहें और सुरक्षित अपने घर और स्कूल आ जा सके। उन्होंने बताया कि समय-समय पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पौधारोपण कार्य कराया जाता है। विद्यालय में बच्चों को स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ योग भी कराया जाता है।

# बासमती धान की 28 प्रजातियों के साथ नवीनतम तकनीक का प्रदर्शन

## निर्यात योग्य बासमती धान को मिलेगा बढ़ावा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** निर्यात योग्य बासमती धान उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर कृषकों के साथ बासमती धान की 28 प्रजातियों के साथ-साथ कुल 50 तकनीकियों का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें नगीना के अलावा जनपद भर के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर तैनात कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों में निर्यात योग्य बासमती धान उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफ मौसम में नवीनतम तकनीकी का सजीव प्रदर्शन किया जाता है। इस वर्ष खरीफ 2025 में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा केंद्र के तकनीकी पार्क में निर्यात योग्य बासमती धान उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु बासमती धान की 28 प्रजातियों के साथ-साथ कुल 50 नवीनतम कृषि तकनीकी का प्रदर्शन किया जा रहा है। तकनीकी प्रदर्शन में 35 प्रजातीय प्रदर्शन, 03 धान की सीधी बुवाई तकनीक, 03 खरपतवार नियंत्रण, धान की फसल में कीट एवं बीमारी प्रबंधन पर 05 तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र नगीना पर प्राकृतिक खेती तकनीकी से बासमती धान का उत्पादन का सजीव प्रदर्शन किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनों पर समय-समय पर कृषक भ्रमण कर नवीनतम तकनीक से लाभान्वित होते रहते हैं।

## एक नजर

### बाइक सवार युवक पर हमला

**नहटौर।** शुगर मिल से काम करके वापस घर लौट रहे बाइक सवार पर रास्ते में चार नकाबपोश बाइक सवारों ने हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। ग्राम हरपुर निवासी सोनू (35 वर्ष) पुत्र राम किशन बिलाई शुगर मिल में वेल्डिंग का काम करता है। बताया जाता है कि वह काम करके सोमवार की रात करीब नौ बजे बाइक से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान अकबरपुर और हमीदपुर के बीच तिराहे पर चार से पांच बाइक सवार नकाबपोश बाइक सवार युवकों ने उसे रोक लिया और लाठी डंडों से मारपीट करते हुए बुरी तरह से घायल कर दिया। हमला करने के बाद युवक बाइकों से फरार हो गए। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है।

### छात्राओं के लिए एक दिवसीय शिविर



**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में नारी गांधी कल्याण समिति एवं एनएसएस छात्रा इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्त अल्पता के टेस्टो द्वारा होने वाली गंभीर बीमारियों की जानकारी दी गई और निशुल्क दवा वितरित की गई। प्राचार्या डॉ. रश्मि रावल ने बताया को गंभीर बीमारियों की जानकारी दी और कहा कि उचित आहार और टेस्ट के द्वारा अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सकता है। डॉ. प्रीति विश्नोई ने छात्राओं को बताया कि आप लोग खानपान में पौष्टिक खाने की चीजों का सेवन करें। फास्ट फूड आदि बिल्कुल ना खाएं। स्वास्थ्य शि. विर में आयरन कैल्शियम मल्टी विटामिन आदि की दवाई निशुल्क वितरित की गई। छात्राओं में करिश्मा, संजना, रिया, कृतिका, रितिका, सुष्मिता, अमन, कहकशां नाज, दीप, पूजा, प्रिया, अलीना आदि ने इस प्रकार के शि. विर की सराहना की और छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी बताया। कार्यक्रम में नीरा गोयल, ऐश्वर्या चौधरी, मीनू सिसोदिया, डॉ. भारती चौहान, सुमेधा चौहान, डॉ. अनुपम विश्नोई, विनोद शर्मा, मीनू रानी आदि शामिल रहीं।

### विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन



**बिजनौर।** विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मुख्य अतिथि डॉ. हरि सिंह ढिल्लो (सदस्य विधान परिषद) बरेली मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सम्बोधित करते हुये कहा गया कि वर्तमान सरकार उ.प्र. कौशल विकास विभाग को बढ़ाने के लिए बड़े-बड़े काम कर रही है। इसी की बजह से रोजगार मेले में बड़ी-बड़ी कम्पनियों द्वारा युवाओं को सेवायोजित किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम मंजुल मयंक प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिजनौर की अध्यक्षता में आईटीआई कैम्पस में आयोजित किया गया। जिसका संचालन राकेश कुमार शर्मा प्रधान सहायक राजकीय आईटीआई बिजनौर द्वारा किया गया, विश्व युवा कौशल दिवस में आंचल कुमार प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नजीबाबाद, विशाल राठी जिला सेवायोजन अधिकारी बिजनौर, मारकण्डे चौरासिया (एमआईएस मैनेजर), रोहिताश्व कुमार पाण्डे (एमआईएस मैनेजर), कौशल विकास मिशन, धर्मेन्द्र कुमार, सेवा सिंह ढिल्लो, धीर सिंह, अर्जुन सिंह, विमल कुमार चन्दुला, महा प्रबंधक मोहित पेपर मिल, किशन लाल प्रधानाचार्य, किसान निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गंज एवं प्रतिनिधि समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# स्वास्थ्य सुधार जागरूकता कार्यक्रम में 11 कुपोषित बच्चों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चिन्हित 11 कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच हेतु नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र धामपुर से डॉ. राहुल देव एवं डॉ. अनीता द्वारा सभी बच्चों की विस्तारपूर्वक जांच की गई।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद धामपुर के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, लिपिक नितिन अग्रवाल तथा विकास गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों एवं आंगनबाड़ी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। शिविर के अंत में अभिभावकों को संतुलित आहार, साफ-सफाई और नियमित जांच के महत्व को लेकर भी जागरूक किया गया।

## मनोरे मियां के निधन पर शोक

**नजीबाबाद।** युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेसियों ने वरिष्ठ कांग्रेसी शरीफ अहमद उर्फ मनोरे मिया के निधन पर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता करने और उनके परिवार जनों को सब्र - ए - जमील अता करने की दुआ की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एम अकरम खां एड. ने बताया कि मनोरे मिया कांग्रेस के कर्मठ एवं समर्पित सिपाही थे तथा उनका इंतकाल पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। शोकसभा में विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड., एम अकरम खां एड, फराज हुसैन एड., वसीम अख्तर, शारिब अंसारी एड., रिहान जमाल अंसारी, फैज अंसारी एड., शाही दिलशाद, अमजद सिद्दीकी, हिफजुर्रहमान फरीदी, गोविंद सिंह कुशवाहा, रिहान नवाज एड., वसीम अहमद, शारिक अहमद आदि रहे।


# एम.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर के एम.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया। कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इनफोर्मेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर के छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुन: सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। एम.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। एम.एड. विभागाध्यक्ष श्री एम.एस. अंसारी ने बताया कि एम.एड द्वितीय वर्ष में नीता पाल ने 79.34 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, कुमारी चंचल ने 78.54 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शीतल कुमारी ने 77.54 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय परिवार इन सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, प्रबंध निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता डा. दीपशिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, प्रतिमा रानी, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने के लिए कृषि विभाग जनपद बिजनौर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज पीएचसी प्रभारी डॉ. निराला के दिशा निर्देश में ग्राम भूतपुरी में भ्रमण करते हुए ग्रामीणों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया।

सोमवार को ग्राम मौहम्मदपुर राजोरी इस्लामनगर पंचायत घर पर कृषि विभाग बिजनौर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विशेष संचारी रोगों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें चूहों व चकचुंदर से फैलने वाले रोगों के बारे में लोगों को बताया, डेंगू मलेरिया वह दिमागी बुखार के बारे में भी जानकारी दी। एटीएम कृषि विभाग अधिकारी मौहम्मद आरिफ ने बताया कि अपने घरों के आसपास सफाई रखें। गंदगी न होने दे। जिससे चूहों व छछूंदर से बचाव किया जा सके। उन्होंने कहा कि इनसे स्क्रब टायफस नामक बीमारी फैलती है।

इसकी रोकथाम के लिए जिंक फास्फाइड नामक दवाई कृषि स्टोर पर उपलब्ध है। इन्हें चावल व केले में मिलाकर रखें। जिससे छछूंदर व चूहों से बचा जा सकता है। साथ ही किसान फार्मर रजिस्ट्री में गड़बड़ी होने पर तुरंत जन सेवा केंद्र पर जाकर सही करा लें। सरकार द्वारा जारी किसान निधि व सम्मान योजना सही समय पर मिल सके। इसके लिए लेखपाल व कृषि विभाग में जाकर शुद्धिकरण करा ले। बैठक में डॉ. सर्वेश निराला, ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप सिंह, समाज कल्याण विभाग की सहायक विकास अधिकारी प्रियांशी चौहान, ग्राम प्रधान सुभाषचन्द्र, मुकेश कुमार शर्मा, भूदेव, मुन्नी, सुनीता, पूनम देवी, बबीता देवी, राजकुमारी, अर्चना, दिनेश कुमार आदि लोग शामिल रहे।

# चांदपुर में दो बच्चों की मौत

## परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** जनपद बिजनौर के चांदपुर में एक दर्दनाक हदसे में दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। बच्चों की मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त समाचार अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव हिरना खेड़ी में सोमवार की शाम भैसा बुग्गी पलटने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई।



वीरेंद्र सिंह अपनी बुग्गी में नया कटरा जोड़कर उसे प्रशिक्षित कर रहे थे।



बुग्गी में उनके साथ उनका नाती कुश कुमार (13) और पोता लव कुमार (6) वर्ष भी सवार थे। कुश मुरल. िवाला के दीपक का बेटा था जबकि लव हिरनाखेड़ी में जितेंद्र का पुत्र था। गांव में कुछ दूर जाने पर कटरा अचानक तेज दौड़ना शुरू कर दिया, जिससे वीरेंद्र सिंह के हाथ से कटरे का रस्सा छूट गया। बेकाबू कटरे की वजह से बुग्गी पलट गई, जिससे लव और कुश गंभीर रूप से घायल हो गए। लव की कुछ देर बाद मौत हो गई जबकि कुश को इलाज के लिए मेरठ ले जाया गया, जहां देर रात उसने भी दम तोड़ दिया। मुमेरे फुफेरे भाइयों की मौत से परिवार, रिश्तेदार और गांव में मातम का माहौल है।

# ताकिम को दस वर्ष का कठोर कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** वादी ने तहरीर में कहा कि उसकी पोती उम्र करीब 05 वर्ष गांव में ही घर के पास खेल रही थी, तो अकियुक्त ताकिम पुत्र अख्तर निवासी थाना मंडावर क्षेत्र जनपद बिजनौर ने वादी की पोती के साथ छेड़छाड़ करते हुये गलत कार्य करने का प्रयास किया।

इस संबंध में थाना मंडावर पर मुअसां 23/25 धारा 137(2)/75/65(2)/62 बीएनएस व धारा 5/6/7/8 पॉक्सो अधिनियम पंजिकृत किया गया। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। इस अभियोग में स्थानीय पुलिस एवं मॉनिटरिंग सैल द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप आज न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट, जनपद बिजनौर द्वारा मु.अ.सां. 23/2025 धारा 137(2), 74, 65(2)/62 बीएनएस व 10 पॉक्सो अधिनियम के आरोपी अकियुक्त ताकिम उर्फ शक्तिमान पुत्र अख्तर निवासी थाना मंडावर को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 40,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# कारोबार में गच्चा खा गए रिटायर्ड पुलिस अफसर, 55 लाख गंवाए

## तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बिजनौर के दो रिटायर्ड पुलिस अफसरों ने फलों का कारोबार किया। आयात-निर्यात के लिए फर्म बनाई और कश्मीर से 12 ट्रक सेब भी मंगाए। मगर सब्जी मंडी के आढ़तियों ने ही ठग लिया। 55 लाख की धोखाधड़ी करने में आढ़ती समेत तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला आदर्शनगर निवासी अशोक कुमार सिंह सीओ और संसार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हैं। इन दोनों रिटायर्ड अफसरों ने शहर के बड़े कारोबारी अरूण चौधरी के साथ मिलकर अशद ओवसीज फैसिलिटीज एंड मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म बनाई। जिसका काम फलों का आयात-निर्यात और बिक्री करना है।

शहर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में अशोक कुमार सिंह ने कहा कि वे दो अप्रैल को संसार सिंह और अरूण चौधरी के साथ फल सब्जी मंडी पहुंचे। मंडी में उन्हें फलों का व्यापार करने वाले नवेद, उमेद और उमैर मिले, जिन्होंने कहा कि वे कश्मीर से फल मंगवा देंगे। इसके बाद सेब की बिक्री करते हुए पैसा उनको फर्म में जमा करा दिया जाएगा। आश्वासन मिलने पर 55 लाख 49 हजार रुपये तीनों आरोपियों को दे दिए।

पैसा देने के बाद सेब से लदे हुए 12 ट्रक बिजनौर पहुंचे। सेब आरोपियों ने अपने गोदाम में भर लिया। आरोप है कि उन्होंने न तो पैसा दिया और न ही फल दिए। 22 अप्रैल को नवेद और उमेर को आदर्शनगर स्थित फर्म के कार्यालय पर बुलाया गया। तब पांच लाख रुपये उनकी फर्म में ट्रांसफर कर दिए और बाकी रकम देने का आश्वासन दिया। इसके बाद भी बाकी पैसा नहीं दिया गया। दबाव बनाने पर नवेद और उमेद ने 55 लाख रुपये का चेक दे दिया। पांच मई को चेक लेकर बैंक में पहुंचने पर मालूम हुआ कि इस नाम से कोई खाता उक्त बैंक में नहीं है। जिसके बाद ठगी होने का अहसास हुआ।

मामले में पुलिस ने मौहल्ला मिर्दगान बी-10 के रहने वाले नवेद, उमेद अहमद और उमैर अहमद के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धारा में केस दर्ज कर लिया। सीओ राकेश वशिष्ठ ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है। जांच कर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# चारा लेने गई महिला पर गुलदार का हमला

## गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलाना में उस समय हड़कंप मच गया जब जंगल चारा लेने गई एक महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर महिला को बचाने आए आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने बामुश्किल बचाया और उसे हल्दौर सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसकी नाजुक हालत देखते हुए डॉक्टरों ने महिला को बिजनौर जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।



हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलाना में जंगल से चारा लेने गई महिला पर घात लगाए बैठे गुलदार ने हमला कर दिया और उसे अपना निवाला बनाने की भरपूर कोशिश की, जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उधर शोर शराबा सुनकर महिला की ओर दौड़े आसपास कम कर रहे किसानों को देखते ही गुलदार भाग खड़ा हुआ। वहीं किसानों ने गंभीर अवस्था में खेत पर पड़ी महिला को सीएचसी हल्दौर में भर्ती कराया। जहां से उसे बिजनौर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जहां महिला की स्थिति नाजुक बनी हुई है। उधर घटनास्थल पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

# गुलदार ने किया घर में बकरियों पर हमला

## एक बकरी घायल, दूसरी को उठा कर ले गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के गांव मकसूदाबाद में बीती रात एक गुलदार ने घर के बाहर बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। यह घटना तब हुई, जब ग्राम निवासी रामकृष्ण पुत्र इतवारी रात के समय सो रहे थे।

रात में नींद खुलने पर उन्होंने आहट सुनी और जैसे ही बाहर देखा, तो पाया कि उनकी बकरियों के पास कोई भारी-भरकम जानवर है। पास जाकर ध्यान से देखने पर उन्हें गुलदार दिखाई दिया, जो एक बकरी को घायल कर चुका था और दूसरी को उठाकर जंगल की ओर ले गया।

घटना से ग्राम में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार खेतों और जंगलों की ओर जाते समय गुलदार और उसके बच्चों को देखा गया है। रामकृष्ण समेत अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि ग्राम में पिंजरा लगाया जाए, ताकि वन्यजीवों से लोगों और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# विद्वान ब्रह्मर्षि राधे श्याम त्रिफला का स्वागत

## अभिव्यक्ति रत्न सम्मान किया प्रदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रयागराज से मोटरसाइकिल पर निकले अमरनाथ यात्रा के पथिक, पौराणिक स्थल शोधकर्ता, वेद-पुराण मर्मज्ञ और समर्पित साहित्यकार ब्रह्मर्षि राधे श्याम पाण्डेय त्रिफला का नगर आगमन एक सांस्कृतिक पर्व बन गया।

नगर की सांस्कृतिक संस्था 'अनिल अभिव्यक्ति' की ओर से डाक्टर्स लेन स्थित एक प्रतिष्ठान में आयोजित सारस्वत सम्मान समारोह



में नगर के बुद्धिजीवी वर्ग और साहित्य प्रेमियों ने त्रिफला जी का अंगवस्त्र, माल्यार्पण एवं अभिव्यक्ति रत्न सम्मान प्रदान कर भव्य स्वागत किया।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा ने की।मुख्य आयोजक डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल' सहित डॉ. भूपेन्द्र कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह 'सरस', नरेन्द्र जीत सिंह 'अनाम', डॉ. ए.के.सक्सेना आदि अनेक विशिष्ट जनों ने त्रिफला जी के सत्संग और विद्वत्ता से प्रेरणा ग्रहण की। अपने उद्‌बोधन में त्रिफला जी ने बताया कि उन्होंने रामायण और महाभारत से संबंधित स्थलों का स्वयं जाकर साक्षात्कार किया और पुराणों में वर्णित प्रसंगों की ऐतिहासिक पुष्टि की है। भारत के कोने-कोने में ही नहीं, अपितु श्रीलंका, जापान और अन्य देशों में जाकर भी उन्होंने उन स्थलों की मिट्टी व जल एकत्र कर भारतीय संस्कृति की वैश्विक उपस्थिति को रेखांकित किया।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिलान्यास में त्रिफला जी द्वारा एकत्र 151 पवित्र नदियों का जल एवं पवित्र स्थलों की मिट्टी उपयोग की गई थी। यह एक ऐसा कार्य है, जो उन्हें सांस्कृतिक राष्ट्र निर्माण के अग्रणी कर्मयोगियों की पंक्ति में स्थापित करता है।

# भारतीय किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा में गुस्सा

## गन्ना महाप्रबंधक को मिल के प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों के गन्ना भुगतान में हो रही देरी को लेकर भारतीय किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध दर्ज कराया।

मंगलवार को संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मिल के महाप्र. बंधक राहुल चौधरी के कार्यालय पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने गन्ना महाप्र. बंधक को मिल के प्रबंध निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। वार्ता के दौरान विकास चौधरी ने कहा कि बिलाई चीनी मिल द्वारा लंबे समय से किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान आर्थिक तंगी और मानसिक दबाव झेलने को मजबूर हैं।



उन्होंने बताया कि इस देरी का सीधा असर किसानों के बच्चों की शिक्षा, बिजली बिल, पारिवारिक खर्च, बीमारियों के इलाज और आगामी फसलों की तैयारी पर पड़ रहा है। प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मिल प्रबंधन की लापरवाही पर शासन-प्रशासन की चुप्पी किसानों के शोषण को बढ़ावा दे रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही किसानों का समस्त बकाया भुगतान नहीं किया गया, तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।

साथ ही गांव-गांव जाकर किसानों से अपील की जाएगी कि वे बिलाई मिल को गन्ना देना बंद करें। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष विकास कुमार उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने बैठक कर एसडीएम को ज्ञापन दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भाकियू के तहसील क्षेत्र के नेताओं ने तहसील परिसर में मीटिंग की और विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के नगीना तहसील के संगठन की मासिक पंचायत नगीना तहसील के प्रांगण में संपन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह एवं संचालन तहसील महासचिव विजेंद्र सिंह ने किया। पंचायत के बाद एक ज्ञापन तहसील संबंधित समस्याओं को लेकर एसडीएम नगीना के नाम नायाब तहसीलदार अजब सिंह को सौंपा गया।

मीटिंग में बंद पड़े चक मार्गों से किसानों को होने वाली परेशानी पर चर्चा की गई। उन्होंने किसानों की विरासत, खतौनी में नाम गलत होने, कामों में हो रही देरी, फर्द कटवाने, आवारा पशुओं द्वारा फसलों का नुकसान होना, आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला छुड़वाने, ट्रैफिक आदि विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा कर उनके समाधान की मांग की।

उन्होंने समस्याओं के 23 जुलाई तक समाधान न होने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दी।

# सपा नेता कुतुबुद्दीन का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के सीनियर लीडर मौहल्ला नई बस्ती बिजनौर निवासी कुतबुद्दीन का इंतकाल हो गया। वे पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनकी आयु करीब 68 वर्ष थी। सपा नेताओं ने उनके निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए इसे पार्टी की क्षति बताया। कुतुब. ुद्दीन सपा के फाउंडर मेम्बरों में शामिल थे। वे पार्टी में जिला उपाध्यक्ष पद पर भी रहे।

कुतुबुद्दीन नेक और मिलनसार थे। सिविल लाइन बिजनौर में उनकी दिल्ली टीवी सेंटर के नाम से दुकान है। एक जमाने में उनकी दुकान को राजनीति का अड्डा कहा जाता था। सपा के जिला मीडिया प्रभारी अखलाक पप्पू के अनुसार उन्हें जुहर की नमाज के बाद सुपुर्दे खाक किया गया। उनके जनाजे में लोगों की भारी



भीड़ थी। सपाईयों ने अपने जांबाज सिपाही को पार्टी का झंडा अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कुतुबुद्दीन के दो बेटे और एक बेटी है। उनकी बेटी लंदन में एमबीबीएस डॉक्टर हैं। छोटा बेटा भी एमबीबीएस एमडी है, जबकि एक बेटा अमेरिका की कंपनी में इजीनियर है।

# पंचायत चुनाव की होने लगी तैयारियां

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सार्वजनिक अवकाश में भी खुले रहेंगे कार्यालय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव से पहले होने वाली तैयारियों को पूरा करने में प्रशासन ने खाका तैयार कर लिया है। बाकायदा निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं।

18 जुलाई से 13 अगस्त के बीच बीएलओ और पर्यवेक्षकों को कार्य क्षेत्र आवंटित कर दिए जाएंगे। जिससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण को समय से पूरा किया जा सके। चुनाव आयोग से मिले निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने आदेश जारी किए। जारी की गई समय सारिणी में जिक्र किया गया कि 18 जुलाई से 13 अगस्त के बीच बीएलओ और पर्यवेक्षकों को कार्य क्षेत्र आवंटन होना है। 14 अगस्त से बीएलओ घर-घर जाकर गणना और सर्वे करेंगे। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए 14 अगस्त से 22 सितंबर तक ऑनलाइन या आफ लाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

23 सितंबर से 29 सितंबर तक ऑनलाइन प्राप्त हुए आवेदन की घर-घर जाकर जांच की जाएगी। 30 सितंबर से छह अक्टूबर तक मतदाता सूची में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन होगा। सात अक्टूबर से 24 नवंबर तक सूची में बढ़ने या घटने वाले नामों को आनलाइन कर दिया जाएगा। 25 नवंबर से चार दिसंबर तक मतदान केंद्रों और बूथों के वार्डों की मैपिंग की जायगी। एक जनवरी 2026 को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं के दावे और आपत्तियां 12 दिसंबर तक स्वीकार की जाएंगी।

अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन पांच दिसंबर को होगा। 15 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रदर्शन कर दिया जाएगा। जारी किए गए आदेश में कहा गया कि मतदाता सूची या चुनाव से संबंधित कार्य करने वाले कार्यालय सार्वजनिक अवकाशों में भी खुले रहेंगे। ताकि समय से काम को निपटाया जा सके। कोई तारीख आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

### गांव-गांव बढ़ीं चुनाव की सरगर्मियां

**बिजनौर।** मौजूदा प्रधानों का कार्यकाल अब ज्यादा नहीं रह गया है। साल 2026 में मार्च या अप्रैल तक चुनाव होना माना जा रहा है। जिसे लेकर पंचायतों में चुनाव की सरगर्मियां बढ़ी हैं। संभावित उम्मीदवारों ने मतदाताओं से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। हालांकि कुछ जगहों पर आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार किया जा रहा है।

## एक नजर

### तमंचे से फायर करने का आरोपी अरेस्ट



**चांदपुर।** मौहल्ला सरायरफी फीना कालोनी निवासी जुबैर अहमद पुत्र मौहम्मद असलम ने पुलिस को सात फरवरी 2025 को एक प्रार्थना पत्र देते हुए कहा था कि शादाब, सुहैल अहमद पुत्रगण मौहम्मद असलम निवासी मौहल्ला सराय रफी फीना कालोनी व सुहैल पुत्र जावेद निवासी शास्त्री पार्क दिल्ली द्वारा वादी के ऊपर तमंचे से फायर कर उसे घायल कर दिया था। पुलिस ने इस सम्बंध में मुअसं.78/2025 धाारा 3(5)/109(1)/352 बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में दर्ज कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी थी। पुलिस ने आज वांछित आरोपी शादाब को फीना कालोनी से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस व एक खोका 315 बोर बरामद किया।

### सिपाही व दरोगा लाइन हाजिर

**बिजनौर।** पुलिस को आज एक वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुआ। जिसमें पुलिस टीम पर एक युवक से अभद्रता एवं मारपीट किए जाने आदि के आरोप लगाए गए हैं। इस वीडियो की जांच कराए जाने पर यह घटना थाना मंडावर क्षेत्र की पाई गई तथा वीडियो में उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह एवं आरक्षी दिनेश भाटी दिखाई दिये। पुलिस अधीक्षक अभिषेक द्वारा वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह एवं आरक्षी दिनेश भाटी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है तथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोई लापरवाही न बरतें एवं शालीनता एवं मर्यादा का पूर्ण पालन करें। कार्य में लापरवाही या अमर्यादित आचरण पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। लेकिन इस मामले में उप निरीक्षक और सिपाही को सस्पेंड न किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**स्योहारा।** ताजपुर निवासी धर्मेंद्र सिंह पुत्र मुरारी सिंह अपनी मोटर साइकिल से हरिद्वार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे मोहल्ला इंदु चौधरियान निवासी फैजान पुत्र रशीद की मोटर साइकिल से बुढ़नपुर में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फैजान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्योहारा पुलिस के उपनि. रीक्षक पप्पू सिंह व कांस्टेबल अमित कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। बताया जा रहा है कि फैजान काफी गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### धार्मिक भावना आहत करने वाला गिरफ्तार



**नहटौर।** ग्राम मानकपुर के रविदास मंदिर में शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति द्वारा लघुशंका करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर किया। ग्राम मानकपुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सोमवार की रात से वायरल हो रहा है। रविदास मंदिर में लघुशंका करने को लेकर धार्मिक भावना आहत होने को लेकर ग्रामीणों में रोष फैल गया। बताया जाता है कि एक व्यक्ति शराब के नशे में रविदास मंदिर में लघु शंका कर रहा है। जिसको लेकर पुलिस ने संज्ञान लिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान ग्राम मानकपुर के ही आशे के रूप में की। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि आरोपी आशे को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### कावंड़ मार्ग पर मेडिकल स्टोर की जांच

**कोतवाली देहात।** कांवड़ यात्रा के चलते कांवड़ मार्ग पर तीन मेडिकल स्टोर की जांच की गई। जिला औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम अकबराबाद पहुंचे तथा उन्होंने कांवड़ मार्ग पर स्थित शुभम मेडिकल स्टोर तथा सलमान मेडिकल स्टोर की जांच की। उन्होंने मेडिकल स्टोर स्वामियों से दवाइयों के बिल देखे। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर न चलाएं। फार्मासिस्ट मेडिकल स्टोर पर बैठे। बिना बिल की दवाइयां न खरीदे। मेडिकल स्टोर पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। एक्सपायर दवाईयों को अलग स्थान पर रखें। एक्सपायर दवाईयों के स्थान पर लिखकर रखें। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम मखवाड़ा में भी मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। जिला औषधि निरीक्षक ने एक मेडिकल स्टोर से नमूने भी लिए।

### दुकान का शटर तोड़कर बैटरा चोरी

**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला पोखर में स्थित शूज विक्रेता की दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने बैटरा चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित दुक. ानदार द्वारा मामले की शिकायत करने पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। नगर के मौहल्ला चमनवाला निवासी मौहम्मद असलम की पोखर बाजार में शूज विक्रेता है। दुकानदार सोमवार की देर शाम दुकान बंद कर घर चला गया। मंगलवार की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो शटर के ताले टूटे हुए मिले। चोर उसकी दुकान में रखा बैटरा चोरी कर ले गए। पीड़ित की सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने जांच की। वह नगर निवासी विकास अग्रवाल की धूलिया महादेव मंदिर संस्थान पर चाट आदि की दुकान है। चोर उसकी दुकान का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला ने कहा कि किसी भी दुकानदार ने मामले की तहरीर नहीं दी है।

### भोली भाली ग्रामीण महिलाओं को ठगा

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा में हरिजन बस्ती में पहुंचे एक बाइक सवार ने भोली भाली ग्रामीण महिलाओं को अपने शिकंजे में फंसे हुए 9000 का चपत लगा दिया। पल्सर बाइक से पहुंचे और स्वयं को कपड़ा विक्रेता बनने वाले एक युवक ने ग्राम हीमपुर दीपा की हरिजन धर्मशाला पर पहुंच कर वहां सस्ते कपड़े की बात कहते हुए कई महिलाओं को अपने जाल में फंसने की कोशिश की और वह कामयाब भी हो गया जिसने एक महिला को तरह-तरह के कपड़े बताते हुए एक फर्श पर बिछाने वाली कालीन रूपए 9000 में बेच दी और रफू चक्कर हो गया। जब तक महिला को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ तब तक युवक थाना क्षेत्र ही छोड़ चुका था। जब आसपास यह बात फैली तो ग्रामीणों ने सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किये जिसमें युवक अपने बाइक सहित दिखाई दिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# नाबालिग लड़की की जबरन शादी का प्रयास विफल

## मां के साहस और हंगामे से अधेड़ से विवाह टला, तहसील चौराहे के पास हाईवोल्टेज ड्रामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** योगी सरकार भले ही बाल विवाह और महिला सुरक्षा के लिए सख्त कानून बना चुकी हो लेकिन चन्दौसी में मंगलवार को कानून को ठेंगा दिखाते हुए एक 14 वर्षीय नाबा. लिग बच्ची की जबरन शादी कराने की कोशिश की जा रही थी। मगर बच्ची की मां ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए मौके पर हंगामा कर दिया जिससे पूरा मामला उजागर हो गया। घटना तहसील चौराहे से कुछ ही कदम दूर की है, जहां भीड़ एकत्र हो गई और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। मौके से लड़की की खरीद-फरोख्त में लिप्त बताए जा रहे दलाल और उनके सहयोगी महिलाएं फरार हो गए। यह मामला रसूलपुर, तहसील सहसवान, जनपद बदायूं निवासी बच्चू यादव से जुड़ा है, जो अपनी पत्नी और सात बच्चों के साथ चन्दौसी की इंद्रा कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता है। उसकी सबसे बड़ी बेटी, जिसकी उम्र मात्र 14 वर्ष है, को शातिर दलालों द्वारा शादी के नाम पर



एक अधेड़ व्यक्ति को सौंपने की तैयारी की जा रही थी। दलालों ने परिवार की आर्थिक स्थिति का फायदा उठाकर बच्चू यादव को बहला-फुसला लिया। इसमें विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव करेला निवासी बदनसिंह, गोवर्धन, कैलाश, ग्रीश, रुपराम आदि के नाम सामने आए हैं जिन्होंने खुद को बीमा एजेंट की तरह पेश कर लाभ दिलाने का झांसा दिया। मंगलवार को करेला गांव से कुछ लोग बच्ची, उसके पिता और अधेड़ व्यक्ति को लेकर चन्दौसी-बबराला मार्ग से हटकर एक मंदिर की ओर ले जा रहे थे। तभी मां को शक हुआ और जब उसे सच्चाई का पता चला तो उसने चन्दौसी-बदायूं चुंगी के पास एक निजी स्कूल के सामने जमकर हंगामा कर दिया। उसने बेटी को लेकर तुरंत वहां से निकलने का प्रयास किया। यह भी आरोप है कि मकान मालिक भी इस साजिश में शामिल था। मां का सारा सामान जबरन स्कूल के आगे रखवा दिया गया और दलाल बच्ची को जबरन ले जाने का दबाव बनाने लगे। हाईवोल्टेज ड्रामा होते देख पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पीडिघ्त बच्ची, उसकी मां और सातों बच्चे पुलिस की सुरक्षा में हैं। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्ष कोतवाली में मौजूद थे। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, और सूत्रों के अनुसार मानव तस्करी व बाल विवाह से जुड़े गिरोह की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

# शिवभक्तों का डीजे रोकने पर हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**डिलारी।** नगर पंचायत ढकिया में भंडारे की परमिशन को लेकर पुलिस ने शिव भक्तों का डी जे व जुलूस रुकवा दिया, जिस पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया, सूचना पाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुर द्वारा रुद्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर भोले के भक्तों और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को समझा बुझाकर शोभा यात्रा शुरू कराई, मंगलवार को नगर पंचायत ढकिया में भाजपा नेता जगदीश वाल्मीकि के नेतृत्व में मौके पर शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, आरोप है की नई परंपरा बताकर पुलिस ने शोभा यात्रा रूकवा दी ,जिस पर भोले के भक्त और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हंगामा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, जिससे नगर में अपरा तफरी भगदड़ मच गई,



सूचना पाकर एसपी देहात मुरादाबाद,, सी, ओ, ठाकुरद्वारा रुद्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर भारी पुलिस वल के साथ सकुशल शोभा यात्रा निकलवाई। इस दौरान दयानंद सिंह, विक्की कुमार, गुड्डू सिंह, मनोज कुमार आदि, महिलाएं सहित उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल हुए मां व बेटे की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से एफआईआर दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांठ।** पिछले महीने रसूलपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए मां बेटे की शिकायत पर एसएसपी के आदेश से पुलिस ने बाइक सवारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना 17 जून की है।

मुरादाबाद थाना नागफनी क्षेत्र की रहने वाली हुमैरा पत्नी कासिम ने कहा कि 17 जून को वह अपने बेटे अरशद के साथ मोटर साइकिल से कांठ किसी काम से आई थी जब वह यहां से वापस हुए तो रसूलपुर गांव की नहर के पास पीछे आ रही बुलेट मोटरसाइकिल ने जान बूझकर टक्कर मार दी जिससे वह गिर गए और उनके चोटे आई उसके बाद दूसरी बाइक पर सवार लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देनी शुरू कर दी, 112 पर फोन करना चाहा तो इन लोगों ने धमका दिया पीड़ित थाने पहुंचे जहां पर उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की मां बेटे ने एसएसपी के पास जाकर अपनी परेशानी बताई उनके आदेश पर पुलिस ने बाइक सवारो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# टीएमयू लॉ कॉलेज में करियर के द्वार ही द्वार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** अब विधि क्षेत्र केवल पारंपरिक करियर विकल्प नहीं रह गया है, बल्कि यह सामा. जिक बदलाव और न्यायिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। कानून की तालीम युवाओं को न केवल न्यायपालिका या वकालत सरीखे पुरातन मार्गों की ओर ले जाती है, बल्कि यह उन्हें नीति-निर्माण, कॉर्पोरेट क्षेत्र, मानवाधिकार संरक्षण, साइबर कानून, बौद्धिक संपदा अधिकार- आईपीआर जैसे विविध और उभरते क्षेत्रों में अवसर भी प्रदान करती है। कॉर्पोरेट कंपनियों, स्टार्टअप्स, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, एनजीओ और सरकारी विभागों में विधि विशेषज्ञों की मांग निरंतर बढ़ रही है। साथ ही एडीआर- अल्टरनेटिव डिसप्यूट रिसॉल्यूशन जैसे वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र में मध्यस्थता और पंचायती समाधान का महत्व भी दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज- टीएमसीएलएलएस स्नातक स्तर पर इंटीग्रेटेड लॉ कोर्सेस बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी और बीबीए एलएलबी के जरिए स्टुडेंट्स को सामाजिक




विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन के साथ-साथ कानून की समग्र समझ प्रदान कर रहा है। उच्च शिक्षा में एलएलएम में भी विशेषीकृत अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में क्रिमिनल एंड सिक्योरिटी लॉ, कांस्टिट्यूशनल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ, कॉरपोरेट एंड कॉमर्शियल लॉ जैसे विशेष विषयों में एक वर्षीय एलएलएम पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही कॉलेज में पीएचडी के जरिए शोध के द्वार भी खुले हैं। कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित कहते हैं, आज जब हमारा समाज तकनीकी और वैश्विक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में विधि क्षेत्र युवाओं को नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और संवैधानिक मूलभूत अधिकारों के साथ आगे बढ़ने का अवसर देता है। टीएमयू से पासआउट स्टुडेंट्स आज देश की न्यायिक सेवाओं, विभिन्न उच्च न्यायालयों, सुप्रीम कोर्ट तथा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लॉ फर्म्स में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह यूनिवर्सिटी के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और छात्रों के समर्पण का प्रमाण है। कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में हम न केवल अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे रहे हैं, बल्कि स्टुडेंट्स को व्यावहारिक कानूनी प्रशिक्षण, मूट कोर्ट, क्लाइंट काउंसलिंग, लीगल एंड क्लीनिक जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाजोपयोगी व व्यावसायिक दक्षता प्रदान कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी के चीफ प्रॉक्टर एवम् लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. सुशील कुमार सिंह कहते हैं, विधि एक ऐसा क्षेत्र है, जहां ज्ञान और न्याय साथ-साथ चलते हैं। यदि युवा सही मार्गदर्शन और प्रतिबद्धता के साथ इस क्षेत्र को अपनाएं, तो न केवल वे अपने करियर में सफल हो सकते हैं, बल्कि समाज में बदलाव के वाहक भी बन सकते हैं।

## एक नजर

### डीएल बनवाना होगा आसान, कॉमन सर्विस सेंटर पर व्यवस्था की तैयारी

**कांठ।** अब गांवों में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की कयावद चल रही है। शहर की राह पकड़कर आरटीओ कार्यालय जाने की जरूरत नहीं होगी। प्रदेश में करीब डेढ़ लाख कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर ड्राइविंग लाइसेंस आसानी से बनवाया जा सकेगा। एनआइसी व परिवहन विभाग ने मिलकर कई चरण में इसकी टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है, जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस सुविधा का शुभारंभ करेंगे। प्रदेशभर में कामन सर्विस सेंटर जनसेवा केंद्र, लोकवाणी केंद्र और ई-सुविधा केंद्र जैसे नामों से चल रहे हैं। इनकी तादाद करीब डेढ़ लाख है। सीएससी विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब सीएससी परिवहन विभाग लर्निंग डीएल के साथ अन्य आनलाइन सेवाएं मुहैया कराएंगे, विभाग की लगभग 40 सेवाओं को आनलाइन किया जा चुका है। इनमें ड्राइविंग लाइसेंस सहित लर्निंग लाइसेंस के लिए आवे. दन, डीएल में पता बदलना, नाम बदलना, फोटो और हस्ताक्षर बदलना, डुप्लीकेट डीएल जारी करना आदि हैं। अब यह व अन्य सुविधाएं लोगों को सीएससी पर भी उपलब्ध होंगी। परिवहन विभाग की पहल पर शासन ने मार्च में ही परिवहन विभाग की आनलाइन सेवाओं को सीएससी पर शुरू करने पर मुहर लगाया था। अपर परिवहन आयुक्त आइटी सुनीता वर्मा ने बताया, स्वीकृति मिलने के बाद बाद से परिवहन विभाग व एनआइसी मिलकर टेस्टिंग कर रहे थे, यह प्रक्रिया करीब तीन माह चली, अब परीक्षण पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री से सुविधा का शुभारंभ कराने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

### नहर की सफाई न होने से पानी सड़क पर उतरने लगा, राहगीरों की बढ़ी परेशानी



**डिलारी।** गांव जमशेदपुर से नहटौरा तक सरकारी नहर की सफाई न होने से पानी सड़क पर उतरने लगा है जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, गंदे पानी से कपड़े खराब हो रहे हैं। क्षेत्रवासी निसार अहमद, शमशाद ,हरपाल सिंह, महिपाल ,ओम प्रकाश ,सतपाल ,महेश सिंह, रहमत अली, फिरोज आलम ,दिलशाद आदि, ने बताया कि अब से दो माह पहले ठेकेदार ने नहर की सफाई के नाम पर खाना पूरी कर दी । जिससे नहर में ऊंची ऊंची घास उग आई है, कूड़ा कचरा होने से नहर की तट पर मिट्टी ना रखने पर पानी सड़क पर उतरने लगा है, जिससे राहगीरों को निकालने मैं परेशानी पैदा हो रही है, जबकि सरकार ने किसानों के हित में नहर की सफाई के लिए विभाग को काफी धनराशि उपलब्ध कराई है, क्षेत्र वासियों ने जांच कर विभागीय अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

### सड़कों पर बेसहारा घूम रहे गोवंश गंवा रहे दुर्घटनाओं में अपनी जान

**कांठ।** सड़कों पर बेसहारा घूम रहा गोवंश अपनी जान गवा रहा है मगर सड़कों पर इनकी संख्या कम नहीं हो रही है बताया गया कि सोमवार को गढ़ी गांव के सामने एक बेसहारा गोवंश को किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई ग्राम प्रधान द्वारा उसका अंतिम संस्कार कराया गया इसके बाद कंबोडिया धावे के पास एक बछड़े को किसी वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया उसकी हालत काफी खराब थी विकास शर्मा द्वारा पशु चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर बछड़े का उपचार कराया। मगर गांधी आश्रम के सामने एक और निराश्रित गोवंश को डम्पर द्वारा टक्कर मार दी गई जिसका उसका एक पैर का भी जख्मी हो गया। गौ सेवा गतिविधि की टीम ने पहुंचकर उसका उपचार कराया विकास शर्मा का कहना था कि उनके द्वारा काफी समय से गोवंश को सुरक्षित करने के लिए शासन प्रशासन से मांग की जा रही है। लेकिन उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे लगातार बेसहारा गोवंश की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो रही है, गौशालाओं में संरक्षित कराए जाने के बाद भी सड़कों पर घूम रहे गोवंश की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है।

### गैर-कंपनी व्यापारियों के नए बैलेंस शीट प्रारूप पर सीए क्लब की बैठक

**चन्दौसी।** व्यापारिक एवं वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता और एकरूपता लाने के उद्देश्य से गैर-कंपनी व्यापारियों के लिए निर्धारित नए बैलेंस शीट प्रारूप को लेकर सीए क्लब चन्दौसी द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मंगलवार को सीतारोड स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। बैठक के मुख्य वक्ता सीए हेमंत गर्ग ने नए प्रारूप की प्रमुख विशेषताओं और उससे जुड़े अनुपालन दायित्वों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने व्यापारियों को इस प्रारूप के अनुसार बैलेंस शीट तैयार करने में आने वाली जटिलताओं और उनके समाधान भी बताए। बैठक में वरिष्ठ सीए विपिन अग्रवाल, सीएम अंकुर भूषण अग्रवाल, शिवांगी, योगेश, सुधीर, नमन आदि मौजूद रहे।

# अपराधियों पर फिर चला न्यायालय का चाबुक

■ एडीजे अवधेश कुमार सिंह के न्याय से अपराधियों में भय

शाह टाइम्स संवाददाता

**चन्दौसी।** न्यायिक व्यवस्था सुदृढ़ होने पर अपराधी थर-थर कांपने लगते हैं लेकिन लचीली न्याय व्यवस्था से अपराधियों का हौंसला बुलंद होता है और कई बार सफलता मिल भी जाती है। चन्दौसी स्थित जनपद न्यायालय संभल में पहली बार ऐसा लगा है कि न्यायिक व्यवस्था आज भी मजबूत है। यह एक तरह का वह समय है, लगातार जनपद न्यायालय पॉक्सो एक्ट



न्यायाधीश द्वारा पुराने से पुराने केसों का निस्तारण किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि एडीजे अवधेश कुमार सिंह द्वारा अपराधियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जा रही है। बहस व साक्ष्यों के उपरांत पता लग जाता है अपराध करने वाला अपराधी शत-प्रतिशत यही है। यही कारण है कि एडीजे द्वारा वर्ष 1985 के बलात्कार केस को डिस्पोजल करने में तत्परता दिखाई गई। हालांकि केस 45 वर्ष पुराना था, किसी न्यायाधीश द्वारा अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंचाया जा सका और पीडिघ्त महिला न्याय की आस में 65 वर्ष की हो गई थी, उस केस में लगभग 85 वर्षीय गवाह शेष बचा था। आज वह पीडिघ्त महिला नाती-पोते वाली हो चुकी थी। उस वाद का भी निस्तारण एडीजे द्वारा किया गया। संभवतः जितनी त्वरित गति से केसों का निस्तारण एडीजे द्वारा किया जा रहा है, यदि सभी न्यायाधीश उनकी गति का अनुसरण कर लें तो संभवतः न्यायालय में वादों का बोझ किसी हद तक कम हो जायेगा।

मंगलवार को एडीजे न्यायाधीश अवधेश कुमार द्वारा सत्र परीक्षण संख्या 23/2018, मु0अ0सं0 465/2017 राज्य बनाम सत्यपाल थाना रजपुरा जिला संभल के मामले में सत्यपाल व ओमपाल को आईपीसी की धारा 452 में तीन-तीन वर्ष का कारावास तथा दो-दो हजार रु0 का अर्थदंड व धारा 376 के मामले में 20-20 वर्ष का कठोर करावास तथा 20 हजार रु. जुर्माने से दंडित किया गया। साथ ही दोनों अभियुक्त कठघर में पश्चाताप के आंसू बहाने लगे। यहां बताते चलें कि पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश के न्यायालय में वादों का निस्तारण पिछले तीन महीने से तेजी से हो रहा है। सजाएं सुनकर अपराधी थर-थर कांप रहे हैं।

# टिमिट के बीबीए के अधिकतम छात्र-छात्राओं को मिली बड़ी कंपनियों में नौकरियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में स्थित टिमिट मैनेजमेंट इंस्टिटयूट ने न सिर्फ जिले बल्कि मंडल व राज्य में प्लेसमेंट के नये कीर्तिमान स्थापित कर विगत 24 वर्षो से नं0 1 रहा है। टिमिट के एमबीए, बीबीए व बी.कॉम. के छात्र-छात्रायें न सिर्फ संपूर्ण भारतवर्ष में बल्कि वैश्विक स्तर की बडीघ् कम्पनियों में जॉब्स पा रहे हैं और टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन कर रहे हैं। संस्थान ने प्लेसमेंट के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं और टिमिट के बी.बी.ए के अधिक्तम अर्हविद्यार्थियों का प्लेसमेंट अच्छे पैकेज पर बड़ी-बड़ी कम्पनियों में हो चुका है और कई विद्यार्थियों के पास 2 से 3 जॉब ऑफर्स भी हैं। टिमिट के बीबीए के विद्यार्थी विश्व की बड़ी कंपनियों जैसे एक्सेंचर, एस्ट्रोटॉक, कॉन्सेन्ट्रिक्स, हाइक एजुकेशन, इंडियामार्ट, जारो एजुकेशन, पैसाबाजार, पेटीएम, पॉलिसीबाजार, टीचनुक, अनएकेडमी, विद्याशाला, विप्रो लिमिटेड में जॉब्स कर रहे हैं। इसी कारण आज समूचे मंडल में टिमिट एमबीए व बीबीए मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोत्तम कॉलिज बन गया है और उच्च गुणवत्ता व कर्मठ मैनपॉवर की खोज में संपूर्ण भारतवर्ष से कंपनियां यहाँ विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिये लगातार आती हैं। मैनेजमेंट के क्षेत्र में गुणवत्तायुक्त पढ़ाई, कार्पोरेट एक्सपोजर और अच्छी जॉब्स के क्षेत्र में टिमिट सर्वोत्तम हैं। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।इस अवसर पर टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट गुणवत्तापूर्ण पढाई, अच्छा



कल्चर और बेहतरीन प्लेसमेंट के लिये प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों के अच्छे पैकेज व बड़ी कम्पनियां टिमिट में आमंत्रित करने के प्रयास भविष्य मे आगे और अधिक धनीभूत होगें। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। इस अवसर पर टिमिट कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने विद्यार्थियों को कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया और उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा अपने छात्रों को उद्योग की मांगों के अनुसार प्रशिक्षित करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे अपने कार्यस्थल पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने संस्थान का नाम रोशन करें।

# आईएफडब्ल्यूजे की कार्यकारिणी बैठक प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में हुई संपन्न

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** देश भर के पत्रकार, मीडिया शिक्षक, विभिन्न ट्रेड यूनियन संगठनों (पीटीआई कर्मचारी संघ, टाइम्स कर्मचारी संघ, समाचार पत्र कर्मचारी संघों का कंफेडरेशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर एम्प्लॉइज) के प्रतिनिधियों सहित, पत्रकार संघों के प्रतिनिधि और प्रेस कर्मचारियों के नेता नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एकत्र हुए, ताकि पत्रकार और जन-नायक कामरेड के. विक्रम राव के निधन पर शोक व्यक्त कर सकें। देश के सबसे पुराने और सबसे प्रशंसित संगठन के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के लिए प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आईएफडब्लूजे (I.F.W.J.) की कार्यसमिति की बैठक हुई, जिसमे डॉ. राव की विरासत को आगे बढ़ाने पर कई अहम् फैसले लिए गए। यह भी निर्णय लिया गया कि तीनो उपाध्यक्ष, गोपाल मिश्रा, उपेंद्र सिंह राठौड़ और मोहन कुमार एवं कोषाध्यक्ष श्री रजत मिश्रा का एक "कोर ग्रुप" होगा, जो संगठन के दैनिक मुद्दों का प्रबंधन करेगा और महासचिव विपिन धूलिया इसके समन्वयक होंगे। आईएफ डब्लूजे (I.F.W.J.) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव एवं नयी कार्यकारिणी के गठन तक, जो 2025 के अंत तक संपन्न होने हैं, तब तक यह "कोर ग्रुप" आईएफडब्लूजे (I.F.W.J.) के कार्यों का सञ्चालन करेगा।

इससे पहले, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हुई शोक सभा में समाचार पत्रों और समाचार एजेंसियों के कर्मचारियों के सामान्य हितों का अभिसरण और मजबूत हुआ, जब अधिकांश वक्ताओं ने भारी आवाज में याद किया कि के विक्रम राव साहब अपनी दुखद मृत्यु से कुछ घंटे पहले तक पत्रकारिता में योगदान दे रहे थे। उनकी अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी पर भी उत्कृष्ट पकड़ थी। वे अपनी मातृभाषा तेलुगु और उर्दू भी जानते थे। उनके लेख विभिन्न भाषाओं में 80 से अधिक प्रकाशनों में छपते थे। वक्ताओं में समाचार पत्र कर्मचारी परिसंघ के उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, पी टी आई के यूनियन नेता, इंदुकांत दीक्षित, अध्यक्ष पीटीआई, बलराम दहिया महासचिव, सी. एल. गुप्ता, पीटीआई के उत्तर भारत विंग के प्रभारी और पीटीआई की वरिष्ठ पत्रकार सुश्री कविता शामिल थीं। भारत भर से विभिन्न आईएफडब्लूजे इकाइयों के वक्ता जिसमे श्री विपिन धूलिया महासचिव I.F.W.J., रजत मिश्रा कोषाध्यक्ष I.F.W.J., हसीब सिद्दीकी, अध्यक्ष शिव शरण घरवार अध्यक्ष लखनऊ यूनियन, श्री नितिन श्रीवास्तव सदस्य कार्य समिति स्रश्रन्, प्रमोद दत्ता अध्यक्ष बिहार यूनियन, सुधीर मधुकर महासचिव बिहार यूनियन, अभिजीत पांडे, सलमान खान अध्यक्ष मध्य प्रदेश यूनियन, हरिओम पांडे राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, उपेंद्र सिंह राठौड़ अध्यक्ष राजस्थान यूनियन, बेणु पांडा महासचिव उत्कल जर्नलिस्ट यूनियन उड़ीसा, पी. आनंदम सचिव तेलंगाना यूनियन, सोमैय्या मामीडी संस्थापक अध्यक्ष तेलंगाना



यूनियन, बसवा पुन्नैया बोडिगे सदस्य तेलंगाना विधान सभा मीडिया सलाहकार, प्रभाकर येलोजी, सुश्री शांता कुमारी संयोजक आईएफडब्लूजे (I.F. W.J.) कर्नाटक,संतोष चतुर्वेदी सचिव आईएफडब्लूजे (I.F.W.J.), परमेश्वर राव अध्यक्ष आंध्र यूनियन, इकबाल चौधरी नॉएडा, मारूफ रजा संयोजक आईएफडब्लूजे (I.F.W.J.) नई दिल्ली ने दिवंगत नेता को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रेस कर्मचारी परिसंघ के प्रतिनिधियों ने भी दिवंगत नेता को अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसमे श्री अयोध्या प्रसाद वशिष्ठ संस्थापक अध्यक्ष एन.एफ.एन.ई., उमेश चतुर्वेदी, भोपाल के एक प्रतिष्ठित ट्रेड यूनियन नेता, एन.यू.जे.आलई. के प्रोफेसर शिवाजी सरकार, सी. एम. पपने महासचिव एन. एफ.एन.ई., प्रदीप फुटेला उत्तराखंड, हवलदार सिंह अध्यक्ष टाइम्स एम्प्लॉइज यूनियन, टाइम्स यूनियन के सदस्य श्री उमाशंकर कुकरेती, श्री राजेंद्र पांडे, श्री हरि, सुरेश डोबरियाल वरिष्ठ पत्रकार, सुश्री सरोज धूलिया उपाध्यक्ष इंडियन वीमेंस प्रेस कॉर्प शामिल थे। रिहार्य परिस्थितियों के कारण उपस्थित नहीं हो सके, उन्होंने अपने संदेश भेजे। कंफेडेरशन के महासचिव, जी. भूपति,. के उपाध्यक्ष श्री मोहन कुमार, सुश्री नमिता बोरा, असम, अमित कुमार, कोल. कत्ता, पश्चिम बंगाल, बी. आर. प्रजापति और आर. मणिकम, अध्यक्ष और सचिव गुजरात जर्नलिस्ट यूनियन, विजय पौल अध्यक्ष त्रिपुरा जर्नलिस्ट यूनियन और अन्य के संदेश पढ़े गए। बाद में आईव्एफव्डब्लूव्जे० (I.F.W.J) की कार्यसमिति ने प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में अपनी बैठक की और अपने अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव द्वारा शुरू किए गए आंदोलन को पूरा करने का संकल्प लिया। राजस्थान में होने वाले राष्ट्रीय परिषद सत्र को मंजूर किया गया। आईएफडब्लूजे (I.F.W.J) की नई इकाइयों के रूप में शामिल होने के लिए आये विभिन्न राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा की गई, उन्हें अनुमोदन के लिए I.F.W.J कोर समिति को अग्रेषित किया गया। I.F.W.J की कार्यसमिति ने वरिष्ठ टीवी पत्रकार और दिल्ली संयोजक श्री मारूफ रजा को हमारे नेता डॉ. के. विक्रम राव की श्रद्धांजलि को एक गरिमामय कार्यक्रम बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहा।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र मोहम्मद अमान व पुत्रवधू श्रीमति हादिया को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **मोहम्मद शराफत हुसैन पुत्र मोहम्मद रियासत व श्रीमती शाहाना बेगम पत्नी मोहम्मद शराफत हुसैन निवासीगण गेट नंबर-5 नालापार कोठीवाल नगर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पासपोर्ट में मेरे पिताजी के नाम की स्पेलिंग मसीउल्लाह (**MASIVULLAH**) है जो कि गलत है, मेरे नाम की सही स्पेलिंग मसीतुल्लाह (**MASITULLAH**) है जो मेरे आधार पर अंकित है। भविष्य में मुझे मसीतुल्लाह नाम से जाना जाए मसीतुल्लाह पुत्र करीमुल्ला निवासी मोहल्ला झादेवाला भोजपुर पोस्ट पीपलसाना, जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू. डि. ) एफ.टी.सी, महोदय मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं:०**-1314/2023
**तारीख पेशी:** 26.08.2025
**श्रीमती कविता चौधरी आदि बनाम रोहताश कुमार आदि।**
**बनाम**

1. रोहताश कुमार पुत्र महीपाल सिंह निवासी ग्राम हला नगला तहसील व जिला मुरादाबाद हाल निवासी ग्राम हमीरपुर जिला रामपुर, 2. श्रीमती विनेश देवी पत्नी योगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अबूनगर सिरसी देहात जिला सम्भल, 3. योगेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अबूनगर सिरसी देहात जिला सम्भल, 4. धर्मेन्द्र कुमार पुत्र मित्रपाल सिंह निवासी ग्राम पसियापुरा तहसील व जिला मुरादाबाद-**विपक्षीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादनी** ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 08 के 26 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 14.07.2025 को निकाली गई।

**प्रबन्धक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ) फार्स्ट ट्रैक कोर्ट, मुरादाबाद।**

# बार के चुनाव में 35 प्रत्याशियों ने दूसरे दिन कराए अपने नामांकन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के वार्षिक निर्वाचन हेतु एल्डर्स कमेटी और चुनाव समिति ने नामांकन प्रक्रिया बार एसोसिएशन हाल में सम्पन्न करायी।

नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए अमीरुल हसन जाफरी ने नामांकन कराया, वहीं महासचिव पद के लिए अब्दुल रहमान, दिनेश चंद तिवारी, कुलभूषण सक्सेना, कपिल गुप्ता, और प्रभात सिंघल ने अपने दल बल और समर्थकों संग जयकारों की गूंज से नामांकन कराये। कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती पारुल अग्रवाल (जैन) ने अपना नामांकन कराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद हेतु अरविंद मोहन मल्होत्रा ने नामांकन कराया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु आसिफ अतीक और खलील अहमद ने नामांकन कराये। संयुक्त सचिव पद के लिए विनीत गौड, आवरण अग्रवाल, जितेंद्र प्रताप सिंह जेपी, मंजू बिहार, अलका शर्मा, दीपिका वर्मा, हबीब हुसैन, प्रतीक गोयल, और राजू गुप्ता ने नामांकन कराये। सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ पद हेतु नीरज सिंह, अनिल गुप्ता, जाबिर हुसैन, सुरेंद्र कुमार शर्मा, कैलाश सिंह, शिवकुमार गौतम, अशीष उपाध्याय, आकाश, अनुपम सिंह, श्याम रंजन भारद्वाज, श्रीमती मुन्नी देवी ने नामांकन कराये वहीं सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ वर्ग हेतु फिरोज आलम, काजल सिंह, उमर अब्बास, लोकेश कुमार, सुनील कुमार सक्सेना,और पंकज शर्मा ने अपने नामांकन कराये। इस प्रकार कुल 76 नामांकन दो दिन में किए गए। कल तीसरे दिन 16 जुलाई को भी नामांकन जारी रहेंगे। नामांकन के समय एल्डर्स कमेटी के चैयरमेन रामाशंकर, विजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता और महेश चन्द्र त्यागी के साथ चुनाव समिति के सदस्य नरेंद्र सिंह चौहान, शमशेर सिंह, सजंय सक्सैना सोनी, रमेश सिंह आर्य, विशाल कांत ,चौधरी राजेंद्र सिंह, ठाकुर अनिल कुमार सिंह, सतीश कुमार विश्नोई, संजय कुमार यादव ,मनोज कुमार गुप्ता, जगदीश चंद्र मिश्रा, कपिल विश्नोई, प्रमोद प्रत्येकि, अरशद परवेज, विवेक शर्मा, सोनू पाल, सुनील कुमार, अनिल कुमार चौहान, उस्मान अली, विशेष स्वरुप माथुर, रामव. ीर सिंह,वकार रजा, संदीप खन्ना आदि की उपस्थिति रही।

# ठा. नरेश चौहान के पोस्ट पर पुलिस ने किया महक परी को गिरफ्तार

■ स्वच्छ सोशल क्लीन सोशल के नाम से अब चलाएंगे अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** स्वर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष ठाकुर नरेश चौहान के प्रयासों से गालीबाज लड़कियो को गिरफ्तार कर पुलिस ने चालान किया है। मामला संभल से जुड़ा है संभल क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली लड़कियों ने महक परी नाम से सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाया और इंस्टाग्राम के जरिए उन्होंने गाली गलौज करते हुए अभद्र भाषा को अपने वीडियो में जगह देकर समाज में गंदगी फैलाने का काम शुरू कर दिया। यह वीडियो स्वर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष ठाकुर नरेश चौहान के



सामने आया तो उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को ट्वीट किया और गाली गलौज करने वाली लड़कियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाने की मांग उठाई उन्होंने संभल एसपी से भी इस बारे में बात करते हुए लड़कियों के व्यवहार पर आपत्ति जताई और कहा कि इन पर रोक नहीं लगी तो यह समाज के लिए बहुत हानिक. ारक होंगी। थाना छजलैट क्षेत्र के गांव थाना निवासी ठाकुर नरेश चौहान के ट्वीट पर पुलिस ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए दोनों लड़कियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली और आज उन्हें गिरफ्तार कर चालान करते हुए बड़ी हवेली के लिए रवाना कर दिया। नरेश चौहान का कहना था कि सोशल मीडिया पर परोसी जा रही अश्लील सामग्री के खिलाफ अब उन्होंने अभियान छेड़ दिया है उन्होंने इस अभियान को स्वच्छ सोशल, क्लीन सोशल का नाम देते हुए इस तरह की गति. विधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने का मन बनाया है।

उन्होंने युवाओं से कहा कि इस तरह की अश्लील सामग्री सोशल मीडिया पर परोसे जाने वालों के खिलाफ वह भी अपने स्तर से कार्रवाई कराने का प्रयास करें।

# ब्लॉक प्रमुखपति का एक शख्स के साथ लोहे की रॉड से मारपीट का वीडियो वायरल

■ ब्लॉक प्रमुखपति और भूमि विक्रेता ने एक दूसरे पर लगाया मारपीट का आरोप, तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** इजमीन विवाद में भाजपा ब्लाक प्रमुख पति ने दिन दहाड़े एक शख्स पर लोहे की रॉड से अपने चालक के साथ हमला कर घायल दिया। जिसमें भाजपा लाक प्रमुख पति द्वारा मारपीट की वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मारपीट में घायल व्यक्ति और ब्लाक प्रमुख पति ने एक दूसरे पर गाली गलोज और मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ठाकुरद्वारा ब्लाक प्रमुख पति डॉ. वीर सिंह सैनी की पत्नी संजना सैनी ब्लाक प्रमुख ठाकुरद्वारा है। ब्लाक प्रमुख पति ने बताया कि नगर निवासी चिंटू नामक के व्यक्ति से नगर के मोहल्ला होलिका मंदिर के निकट 1400 गंज भूमि खरीदी थी। आरोप है कि है कि भूमि विक्रेता पीयूष चौहान उर्फ चिंटू ने 350 गंज सरकारी भूमि के पैसे ले लिये थे। जब भूमि की पैमाइश हुई तो वह खरीदी गई भूमि राजस्व निकली। इसपर ब्लाक प्रमुख पति ने विक्रेता से अपने पैसे मांगे तो आरोप है कि भूमि विक्रेता ने पैसे देने से साफ इंकार दिया। इसी को लेकर मंगलवार को विक्रेता तिकोनिया पुलिस चौक पोस्ट के पास मिला तो ब्लाक प्रमुख पति ने अपने पैसे मांगे। इस दौरान के बीच गाली गलौज शुरू हो गई। देखते ही देखते ब्लाक प्रमुख पति और विक्रेता में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट की वायल वीडियो में प्रमुख पति अपने कार चालक के साथ भूमि विक्रेता को




लोहे की रॉड से सरेराह मारते पीटते नजर आ रहे है। मारपीट के दौरान मौके पर पहुंची भूमि ने ब्लाक प्रमुख की सरेराह दंबंगाई की वीडियो बनाकर सोशाल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं भूमि विक्रेता भी लाठी डंडा लेकर मारपीट करता साफ नजर आ रहा है। सरेराह हुई मारपीट की वीडियो वायरल तेजी से रही है। भाजपा ब्लाक प्रमुख पति ने अपने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सरकारी अस्पताल पहुंचकर मेडिकल कराया तो वहीं मारपीट में घायल भूमि विक्रेता ने मेडिकल कराया। ब्लाक प्रमुख पति ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि अपनी कार से तिकोनिया बस स्टैड पर पहुंचे तो पहले से मौजूद पीयूष चौहान उर्फ चिंटू पुत्र विनोद कुमार से अपने उधार के 17 लाख रूपये मागें तो वह आग बबूला हो गया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान पीयूष चौहान ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। ब्लाक प्रमुख पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं नगर के मोहल्ला ताली निवासी पीयूष चौहान पुत्र विनोद कुमार ने भी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह तिकोनिया चौक पोस्ट पर सलीम डेंटर के अपनी कार ठीक करा रहा था। तभी भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख पति अपने चालक एक अज्ञात साथी के साथ पहुंचे। जहां पर तीन लाख रूपये की फिरौती मांगी। फिरोती की रकम न देने पर पीयूष चौहान को लोहे की रॉड से जमीन पर गिराकर बुरी तरह मारा पीटा। मारपीट ,जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### प्राचीन शिव मढ़ी मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक अस्पताल के निर्माण पर रोक को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट की कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी ठाकुर द्वारा प्रीति सिंह को एक ज्ञापन दिया ज्ञापन में मुरादाबाद ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्राचीन एवं सिद्ध पीठ मणि मंदिर की गाटा संख्या 595 मि 0.3760 हैकटेयर पर आयुर्वेदिक अस्पताल के निर्माण पर तत्काल रोक लगाई जाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि ठाकुरद्वारा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्राचीन एवं प्रसिद्ध शिव मढ़ी मंदिर स्थापित है। इस मंदिर की सड़क के दोनों मार्गों पर भूमि स्थित है। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के फ्रंट पर मढ़ी मंदिर की गाटा संख्या 595 मि है। जबकि इसी के निकट 595 ग रकबा 0.0810 हेक्टेयर बंजर झाड़ी के रूप में ग्राम समाज की भूमि खतौनी में दर्ज है। जिस पर नगर पालिका परिषद द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण के लिए प्रस्ताव पास किया गया था, किंतु आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण भूमि की पैमाइश किए बिना ही मढ़ी मंदिर की भूमि पर किया जा रहा है। जिसके लिए इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के सीएम पोर्टल पर शिकायत की गई थी किंतु स्थानीय अधिकारियों द्वारा जांच रिपोर्ट में लीपा पोती कर भूमि की पैमाइश किए बिना ही मढ़ी मंदिर की भूमि पर ही निर्माण कार्य पुन: प्रारंभ कर दिया गया । जिस पर मंगलवार को कमेटी के मंत्री के संजय सिंघल ,आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, मोहित अग्रवाल आदि कार्यकर्ताओं ने एसडीएम प्रीति सिंह से मिलकर इस निर्माण कार्य को तत्काल रोके जाने की मांग की। जिस पर एसडीएम ने आश्वासन दिया कि वह इसकी रिपोर्ट बनाकर शीघ्र जिला अधिकारी मुरादाबाद को भेज देगी।

### ईओ ने नगर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था परखी

**भोजपुर।** बरसात होने पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने सफाई कर्मचारियों को नालों की तलीझाड़ सफाई करने के निर्देश दिए। सभासदों की शिकायत पर मंगलवार को अधिशासी अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक फिरासत अली ने मोहल्ला बगियवाला,बड़ी मंडी, गढ़ी,झादेवाला, घासमंडी आदि का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को समय पर कूड़ा उठाने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### मारपीट में तीन घायल, चार के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव मक्खन गंज सरदार नगर अटरिया में दिन में खेलने के दौरान बच्चों में हुई कहासुनी रात में मारपीट में बदल गई।घविवाद में पिता-पुत्र और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने घायल मौहम्मद असलम उसके भाई यासीन और बेटे साबिक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरी मुआयना कराया है। मौहम्मद असलम की तहरीर पर गांव के मौहम्मद उमर, मौहम्मद हसन,शरीफ और नाजिम के खिलाफ तहरीर के आधार पर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डीजे की ऊंचाई 12 फीट से ज्यादा हुई तो होगी कार्रवाई, भरवाए बंधपत्र



**कांठ।** क्षेत्र के कावड़ जत्थादारों एवं डीजे संचालकों की बैठक का आयोजन थाने में किया गया। जिसमें उच्च अधिकारियो एवं शासन के आदेश निर्देश से अवगत कराया गया। डीजे संचालकों को डीजे की ऊंचाई 12 फुट से अधिक ना रखने एवं डीजे की ध्वनि निर्धारित डेसीबल में रखने के निर्देश दिए गए। डीजे संचालकों से बंधपत्र भरवाए गए और साफ कहा कि ऊंचाई 12 फुट से ज्यादा रखने पर कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### बिना अनुमति लकड़ी कारोबारियों ने काटा हरा भरा पेड़ , वन विभाग ने किया जब्त



**ठाकुरद्वारा।** नगर से लेकर देहात क्षेत्र तक लकड़ी माफिया के हौसले बुलंद जो बिना अनुमति के वृक्षों का वन विभाग की साठ गॉठ सेअवैध कटान कर मोटे मुनाफे में बेच रहे हैं । और साथी पर्यावरण को दूषित करने का काम कर रहे हैं । इसी के चलते सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मनावाला टांडा में लकड़ी ठेकेदार ने किसान के खेत में खड़े कीमती तुन नामक हरे भरे वृक्ष को बिना अनुमति के चोरी से काट लिया । सूचना प्रपंच विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तुन की कटी लकड़ी को ठेकेदार की टाल पर पकड़ कर जाँच शुरू कर दी । बताया जाता है कि उक्त वृक्ष प्रतिबंधित है । इस वृक्ष से तमाम तरह की दवाइयां के साथ-साथ बंदूक में राइफल की बट बनाने में उपयोग होता है। इस लकड़ी की विशेषता है कि यह लकड़ी ने गलती है और न ही इसमें धुन नामक विमारी भी नही लगती है । मंगलवार को वन दरोगा पीयूष जोशी ने बताया कि टाल स्वामी और खेत स्वामी के खिलाफ वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया और अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


## महत्वपूर्ण सूचना

### कांवड़ मेला-2025 के लिए विशेष व्यवस्था (23.07.2025 तक)

कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74022 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | दिल्ली जं. | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

चलने की तिथिः 74023 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक और 74022 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थानः सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली जं.-सहारनपुर-दिल्ली जं. एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 64558 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

चलने की तिथिः 64557 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक और 64558 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
स्थानः सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालनः**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 | | ↑ स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04312 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

चलने के दिनः 04311 मुरादाबाद एवं 04312 लक्सर से 25.07.2025 तक।
ठहरावः बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

चलने के दिनः 04314 हरिद्वार से 24.07.2025 तक एवं 04313 दिल्ली जं. से 25.07.2025 तक।
ठहरावः ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04315 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश से 24.07.2025 तक एवं 04315 दिल्ली शाहदरा से 25.07.2025 तक।
ठहरावः रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश से 09.08.2025 तक एवं 04317 आलमनगर से 10.08.2025 तक।
ठहरावः रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार – दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04413 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04414 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

चलने के दिनः 04413 दिल्ली जं. से 24.07.2025 तक एवं 04414 हरिद्वार से 25.07.2025 तक।
ठहरावः दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फख़रपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
स्थानः सामान्य।

**दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सूबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ट एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली – दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली – बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**ठाकुरद्वारा।** रतूपुरा मार्ग पर देर सायं बाइक से घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए नगर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने घायल को रैफर कर दिया। परिजनों ने घायल को उपचार के लिए काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई।

मौत की सूचना परिजनो में को. हराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर लेदा निवासी 20 वर्षीय शुभम कुमार पुत्र मुखराम सिंह मंगलवार को दोपहर बाद करीब सायं 5.00 बजे बाइक से अपने घर जा रहा था। तभी ठाकुरद्वारा रतूपुरा मार्ग पर अब्दुल्लापुर लेदा और रूपपुर के बीच झाड़िया मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने की उसकी बाइक को टक्कर मार दी । जिसमें बाइक सवार शुभम् कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना की सूचना पर परिजनों ने घायल को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए रैफर दिया। इसके बाद परिजन उपचार के लिए काशीपुर एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। जहां पर घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना पर परि. जनो में कोहराम मच गया। युवक की मौत के बाद उसके पिता मुखराम सिंह, मां फूलवती देवी, बहन शिवानी , भाई सुमित सहित अन्य परिजनों का रोते विखलते बुराहाल है।

# तेजी से पैर पसार रहे मलेरिया डेंगू -चिकनगुनिया: गोयल

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने दिल्ली में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह एवं निगम आयुक्त अश्विनी कुमार से मांग की है कि दिल्ली वालों को जल एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष मलेरिया के अब तक सबसे ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र फैजान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फैजान के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **तसलीम पुत्र स्वर्गीय शौकीन निवासी मोहल्ला सादात तकिया कस्बा व थाना कुंदरकी, जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र जमाल अहमद व पुत्रवधू श्रीमति उर्फिया को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **इसरार अहमद पुत्र अजमेरी व श्रीमती सलमा पत्नी इसरार अहमद निवासीगण करूला जाहिद नगर नजदीक नूरी मस्जिद गली नम्बर-17 बी, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "मैसर्स रॉयल कैमिकल इन्डस्ट्रीज", मौहल्ला सुल्तानपुर बुजुर्ग चौधरी सराय सम्भल, तह0 व जिला-सम्भल (उ0प्र0) पंजीकरण सं0- SBU/0009225 नामक फर्म में पाँच पार्टनर श्री तेहजीब आलम, श्री तसलीम आलम, श्री तनजीम आलम, श्री तौकीर अशरफ एवं श्री कमरूज्जमा थे। पार्टनर श्री तेहजीब आलम, श्री तनजीम आलम एवं श्री कमरूज्जमा ने दिनांक 25.06.2022 को रिटायरमेंट लेकर अपनी साझीदारी समाप्त कर ली है। वर्तमान में फर्म में दो पार्टनर श्री तसलीम आलम एवं श्री तौकीर अशरफ रह गये हैं। रिटायरमेंट लेने वाले पार्टनरों की उक्त फर्म पर अब कोई लेनदारी/देनदारी नहीं है।

**भवदीय-( तौकीर अशरफ ) पार्टनर "मैसर्स रॉयल कैमिकल इन्डस्ट्रीज" मौहल्ला सुल्तानपुर बुजुर्ग चौधरी सराय सम्भल, तह० व जिला- सम्भल ( उ०प्र० )**

## खोया-पाया सूचना

मेरा हाई वर्ष 2014 अनुक्रमांक 0837134 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **कुमारी वर्षा पुत्री प्रवेश कुमार निवासी सुरजननगर ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणपुर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2024-25 दिनांक: 15.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत कल्याणपुर में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 24.07.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहन के घेर से मेंहदी के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य होना है। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी सीसी टाईल्स आदि। | 120144/- | 2403/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | सूरज के घेर से शमशुददीन के घर तक नाली निर्माण कार्य होना है। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, बजरी आदि। | 262387/- | 5248/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-कल्याणपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 141वीं बोर्ड बैठक में शहरी विकास के अहम प्रस्तावों पर मुहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की 141वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को दिल्ली रोड स्थित प्राधिकरण कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह ने की। इसमें उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, बोर्ड सदस्य, नगर निगम अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से मुरादाबाद के सुनियोजित विकास और शहरी प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विचार किया गया और जरूरी निर्णय लिए गए। बागड़पुर क्षेत्र की कुछ भूमि (गाटा संख्या 292, 293, 295) के भू-उपयोग में संशोधन का




अनुमोदन किया गया, जिससे क्षेत्र विशेष की उपयोगिता बढ़ सकेगी। जगतपुर रामराय मुस्तकम और हुसैनपुर हमीर गांव की भूमि को विशेष अनुमति के तहत ग्रीन बेल्ट में शामिल करने का निर्णय लिया गया है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। नई टाउनशिप योजना हेतु एक राजस्व निरीक्षक और दो लेखपालों की तैनाती अगले छह माह के लिए बढ़ाई गई है। इसके साथ ही सेवानिवृत्त अभियंताओं को मानदेय पर रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। प्राधिकरण के तीन पुराने निष्प्रयोज्य वाहनों के स्थान पर एक नया वाहन खरीदे जाने की स्वीकृति मिली, ताकि निरीक्षण और क्षेत्रीय कार्यों में सुगमता आए। संपत्ति और योजनाओं के हस्तांतरण: विकसित योजनाओं को नगर निगम को सौंपने पर विचार किया गया, ताकि रखरखाव और प्रशासनिक जवाबदेही तय हो सके।

दिल्ली रोड पर स्थित मुख्य चौराहों और तिराहों के नाम महापुरुषों और क्रांतिकारियों के नाम पर रखने संबंधी प्रस्ताव पास हुआ, जिससे स्थानीय पहचान सशक्त होगी। अदालतों में लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्राधिकरण अधिवक्ताओं की फीस और व्ययों का पुनर्निर्धारण किया जाएगा। बैठक में डिजिटल और प्रशासनिक सुधार से जुड़े छोटे स्तर के निर्णय भी लिए गए, जिसमें नागरिक सेवाओं की पारदर्शिता और सुगमता पर ध्यान दिया गया। बैठक के अंत में अध्यक्ष आञ्जनेय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि लिए गए निर्णयों का प्रभावी क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से हो ताकि मुरादाबाद के नगर और आसपास के क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को दी साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज में अध्यापक सुन्दर सिंह ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से बताया कि साइबर अपराध कंप्यूटर इंटरनेट या नेटवर्क का उपयोग करके किया जाने वाला आपराधिक कार्य है।

साइबर अपराध से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करना अज्ञात स्रोतों से ईमेल या फाइलों पर क्लिक करने से बचना और अपने सॉफ्टवेयर को अपडेट रखना महत्वपूर्ण है इसी के साथ-साथ हम सभी को सोशल मीडिया से दूरी बनानी चाहिए आजकल का युवा वर्ग सोशल मीडिया फेसबुक इंस्टाग्राम आदि



पर अपना समय बर्बाद कर रहा हैं और साइबर अपराध को बढ़ावा दे रहा हैं।

प्रधानाचार्य मदन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया से दूर रहने तथा अपने कैरियर के प्रति सचेत रहने की अपील की, कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, सुंदर सिंह, अखिलेश कुमार बिश्नोई, निशिकांत पाठक, अतवीर सिंह त्यागी, ओम प्रकाश सिंह दीपक सिंह गौरव कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के सौन्दर्यकरण के लिए ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योंडारा विद्यालय के ग्राउंड का सीसी टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन रूपा देवी पत्नी राजपाल सिंह ब्लॉक प्रमुख बिलारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह यादव समाथल, कुवर कपिल राज यादव पूर्व अध्यक्ष गन्ना विकास परिषद बिलारी, श्रीमती कमलेश शर्मा पत्नी मोहनलाल शर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य की उपस्थिति में आज लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं प्रबंधक एच के शर्मा एडवोकेट सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी का आभार कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के शिक्षक हरिशंकर शर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल द्वारा की गई कॉलेज के प्रबंधक श्री हनीश कुमार शर्मा



एडवोकेट तथा प्रवीण कुमार अग्रवाल अध्यक्ष ने ब्लॉक प्रमुख बिलारी राजपाल सिंह यादव को शॉल उड़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों नरेंद्र कुमार यादव समाथल, मोहनलाल शास्त्री, कपिल राज यादव को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया तथा पुष्पगुच्छ देकर भी स्वागत किया गया।

# प्रावि ढकिया नरू में संकुल बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया नरू में जुलाई माह की शिक्षक संकुल बैठक का शुभारंभ फरहत अली संकुल प्रभारी ने दीप प्रज्वलन करके किया। बैठक में सभी शिक्षक संकुल एवं उत्तर प्रदेश जूनियर शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष राज बहादुर सिंह, डॉ वीरपाल यादव, न्याय पंचायत सहसपुर के समस्त अध्यापक और अध्यापिकाएं भी उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना के उपरांत स्वागत गीत प्रस्तुत किया।अर्चना सिंह के द्वारा छुट्टी के बाद वापसी बच्चों को सीखने की लय में लाना एजेंडा अनुसार शब्द संकेत गतिविधि कराई गई इसके बाद विज्ञान किट का उपयोग करना शाहीन परवीन सहायक अध्यापिका सहसपुर ने



बताया। आसमा कमाल पीएम श्री कंपोजिट स्कूल बिलारी ने स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब के बारे में चर्चा की। अंत में प्राथमिकता एवं प्रशंसा सत्र के बारे में मोहर सिंह प्रधान अध्यापक मिल्क नगलिया जट ने विस्तार से अपनी बात समस्त शिक्षकों तक पहुंचाई। इस मीटिंग का कुशल संचालन सीमी सदफ एवं नाजिम हुसैन ने संयुक्त रूप से किया। इस मीटिंग की प्रबंधक अरुणा सिंह ने सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया और फरहत अली संकुल प्रभारी ने समापन की घोषणा की।

## एक नजर

### गर्भवती महिलाओं को दी गई प्रसवपूर्व जांचों की जानकारी



**चन्दौसी/गुन्नौर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुन्नौर के उपकेन्द्र गढ़ा में चिकित्साधीक्षक डा0 राजकिशोर की अध्यक्षता में संस्था द्वारा गर्भवती महिलाओं की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रसवपूर्व चारों जांचे कराने को लेकर प्रेरित किया गया। साथ ही खून की कमी, मधुमेह, बी.पी. अधिक, सांस लेने में तकलीफ आदि के बारे में विस्तार से जागरुक किया गया। साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व परिवार नियोजन नियोजन के विषय में बताया गया। बैठक में बीपीएम आशीष गुप्ता, आईओ सुमनलता, डा0 दीपिका अस्थाना, प्रीति, गुंजन सक्सेना, प्रगति शर्मा, राज. कुमार, शकुंतला देवी, आशा आदि उपस्थित रहे।

### पथरा गांव में स्कूल तक कीचड़ से भरा रास्ता, बच्चे नहीं पहुंच पा रहे स्कूल



**चन्दौसी।** 01 जुलाई से विद्यालय खुल गये हैं परंतु बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे क्योंकि रास्ते में पाइपलाइन के कारण रास्ता खराब हो गया है। बता दें कि विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव पथरा में जूनियर हाईस्कूल उसी रास्ते पर है जहां से रात्रि भर खनन करने वाले ट्रैक्टर-ट्राली व बुल्डोजर निकलते हैं। ग्राम प्रधान के अनुसार जूनियर हाई स्कूल से पहले ओवरहैड टैंक बना हुआ है जहां गांव की जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन की गई है परंतु बड़े वाहनों के कारण पाइपलाइन टूट गयी है जिस कारण पानी सड़क पर फैल गया है। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं का कहना था कि अमृत योजना की वजह से जहां गांव की सड़कें जगह-जगह बेकार हो गयी हैं, वहीं कीचड़ के कारण बच्चे विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं। हालांकि ग्राम प्रधान द्वारा जल निगम के ठेकेदार से की गई परंतु संतोषजनक उत्तर नहीं दिया।

# जनपदीय क्रीड़ा समिति की होने वाली खेल प्रतियोगिताओं की बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपदीय क्रीड़ा समिति की बैठक में सत्र 2025-26 में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु बनाई गई कार्य योजना मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक निद. शक महोदय द्वादश मंडल मुरादाबाद के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में शैक्षिक सत्र 2025- 26 के लिए स्पोर्ट फॉर स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय खेल कार्यक्रमों का निर्धारण तथा जनपद में आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं की सुचितापूर्ण ,सफल आयोजन के लिए कार्य योजना बनाने हेतु जनपदीय क्रीड़ा समिति की एक आवश्यक बैठक जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय मुरादाबाद देवेंद्र कुमार पांडेय जी की अध्यक्षता में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित की गई जिसका संचालन जनपदीय क्रीड़ा सचिव बंश बहादुर व आसिफ हसन ने संयुक्त रूप से किया स बैठक में इस वर्ष के खेल कार्यक्रमों के निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सफलतापूर्वक आयोजन के लिए जनपदीय क्रीड़ा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा विचार विमर्श किया गया स बैठक में सर्वप्रथम जनपद में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को जनपद के विभिन्न विद्यालयों को आवंटित किया गया स तत्पश्चात खेलों के निष्पक्ष आयोजन तथा श्रेष्ठ खिलाड़ियों के चयन हेतु चयनकताओं की नियुक्ति का निर्णय लिया गया स बैठक में सर्वसम्मति से मेजर एस0के0 नेथन प्रधानाचार्य पार्कर इंटर कॉलेज मुरादाबाद को कोषाध्यक्ष तथा वंश बहादुर प्रवक्ता जीजी हिंदू इंटर कॉलेज मुरादाबाद को सचिव चुने जाने पर सहमति व्यक्त की गई स बैठक में प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता को सबके सहयोग से सफल बनाने का निर्णय लिया गया स बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महोदय देवेंद्र कुमार पांडे जी ने ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है अतः सभी विद्यालयों के बच्चों को खेल कूद में प्रतिभागिता का अवसर मिलना चाहिए।

सभी विद्यालयों में खेल कूद के कार्यक्रम आयोजित हों, संकुल स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं तत्पश्चात चयनित छात्र छात्राओं को जिले स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जाए स खेल कार्यक्रमों का आयोजन निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सफलतापूर्वक किया जाए इसके साथ ही सभी बच्चों को प्रमाण पत्र समय से दिए जाएं स जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार जी ने खेलों को बढ़ावा देने तथा उसके व्यापक प्रचार -प्रसार पर जोर देते हुए सभी को पूर्ण मनोयोग के साथ इस कार्य में लगने के लिए प्रेरित किया स बैठक में विद्यालयों में कम से कम दो खेलों में प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने पर विचार विमर्श किया गया । जिन विद्यालयों द्वारा कम से कम दो खेलों में छात्र छात्राओं को प्रतिभाग नहीं कराया जाता है उन विद्यालयों के क्रीड़ा कोष की जांच पर भी चर्चा की गई तथा तथा यह भी तय किया गया की शारीरिक शिक्षा शिक्षक को खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा की गतिविधियों के लिए उत्तरदायी बनाया जाए उन्हें अन्य विषयों के अध्यापन तथा कक्षा अध्यापक आदि के उत्तरदायित्व से यथासंभव मुक्त रखा जाए स जनपदीय क्रीडा सचिव बंश बहादुर ने बताया कि खेलों में प्रतिभागिता के लिए खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को ेचनच.पद पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा तथा खेल में पात्रता के लिए कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा पिछली वर्ष की मार्कशीट, विद्यालय का यू डाइस नंबर तथा छात्र का पेन नंबर लगाना अनिवार्य होगा स कक्षा 11 व 12 के लिए जन्म प्रमाण पत्र की अनिवार्यता नहीं है उन्हें अपनी हाई स्कूल की मार्कशीट की छाया प्रति लगानी होगी स इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलवीर सिंह ,डॉ0 मुक्ता अग्रवाल, डॉ0 मधुबाला त्यागी, रेणुका जोयल, मेजर एस0के0 नेथन, डॉ0 हिमांशु यादव , डॉ0 कुलदीप बरनवाल, अरुण कुमार शुक्ला, रश्मि विमल, स्वदेश कुमारी, बृजबाला तोमर, सीमा शर्मा, शशि आर्य, छोटेलाल मुरारी लाल, रफीउद्दीन, शान ए आजम, रवि कुमार, शिवकुमार शर्मा, साइमा बेगम, मीनाक्षी मोहन, इति रस्तोगी, हेमलता, महेंद्र कुमार ,नोमान जलील, डॉ0चंद्रभान, खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार व राजेश कुमार चतुर्वेदी, जिला व्यायाम शिक्षक गंगा शरन, जिला व्यायाम शिक्षिका वर्षा भटनागर, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र, कार्यालय सहायक आसिफ हसन, शारीरिक शिक्षक के रूप में वीर सिंह, नीतिपाल, कल्पना सैनी, पदम सिंह, शमशाद हुसैन, श्यामवीर सिंह, आफताब आलम, राजपाल सिंह, भोजराज सिंह, क्लेरिस सिंह ,मनोज कुमार, सचिन चौधरी, विपिन कुमार, राहुल कुमार, नेहा सैनी, क्लेरिस सिंह, कल्पना सैनी, कु0 रेखा , संगीता चौधरी स्वाति राठी आदि उपस्थित रहे स अंत में राष्ट्रगान के बाद बैठक समाप्त की गई।

# डायल 112 को बुलाया, तो पहले पीड़ित को हड़काया, बाद में मिली बाइक

**कांठ।** डायल 112 को मदद के लिए बुलाया तो पुलिस वालो ने पहले पीड़ित को हड़का दिया हालांकि बाद में उनके द्वारा किए गए प्रयासों से पीड़ित को बाइक मिल गई लेकिन पीड़ित के साथ सरेआम किए गए व्यवहार की लोगों ने निंदा भी की है। मामला स्टेशन रोड का है।

बेगमपुर गांव निवासी वाजिद पुत्र रईस अहमद किसी काम के लिए स्टेशन रोड स्थित वेल्डर की दुकान पर गया था उसने बाइक खड़ी की और अपने बनवाए गए सामान को तुलवाने लगा समान तुलवाकर उसने पीछे देखा तो उसकी बाइक गायब थी।

जबकि दूसरी बाइक वहां पर खड़ी हुई थी पीड़ित ने डायल 112 को फोन किया पुलिसकर्मी लोकेशन को समझ नहीं पाए और वहां से आगे निकल गए इस बीच में बाइक सवार ने छोड़ी गई बाइक के नंबर ट्रेस करके उसकी जानकारी प्राप्त कर ली युवक ने आरसी पर डाले गए मोबाइल नंबर की मदद से उसको कॉल भी कर दी लेकिन बाइक ले जाने वाले ने कॉल नहीं उठाई उसके बाद डायल 112 घटनास्थल पर पहुंची है और उसने पीड़ित को ही आडे हाथो ले लिया पुलिसकर्मियो कहना था कि जब उसने उनकी गाड़ी को जाते हुए देखा तो हाथ देकर रोका क्यों नहीं तुम इस गाड़ी की अहमियत क्या बिल्कुल नहीं समझते हो। पुलिस कर्मियों का व्यवहार देखकर आम लोगों को भी नाराजगी हुई हालांकि बाद में उन्ही पुलिस कर्मियों के प्रयास से बाइक ले जाने वाले युवक से संपर्क हुआ वह गलत फहमी के कारण बाईक उठा कर ले गया था और बाद में आकर बाइक को लौटाकर अपनी बाइक ले गया। मगर इस तरह का व्यवहार करने को लेकर लोगों ने नाराजगी भी जाहिर की है।



## 50 से कम पंजीकरण वाले 125 स्कूलों का विलय

**कांठ।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने और छात्रों को लाइब्रेरी, खेल मैदान, स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं साझा रूप से इस्तेमाल करने के उद्देश्य से विद्यालय का विलय चल रहा है। इस क्रम में अब विलय होने वाले स्कूलों की संख्या 125 हो गई है। बच्चों को आने - जाने में कोई परेशानी न हो। इसको ध्यान में रखते हुए इन स्कूलों को पास के ही स्कूलों में विलय किया गया है। विद्यालयों की दूरी 100 मीटर से लेकर अधिकतम 1.50 किलोमीटर तक है।जनपद में कुल 1402 परिषदीय विद्यालय है। विलय हुए स्कूलों का तमाम स्टाफ दूसरे स्कूल में पहुंच गया है, इससे बच्चे समस्त विषय पढ़ सकेंगे। स्कूलों में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, ओपन जिम, बाल सुलभ फर्नीचर, वाई-फाई, स्वच्छ शौचालय, खेल मैदान, कला-संगीत आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**डिलारी।** क्षेत्र के ग्राम सिडलऊ नजरपुर में आधार कार्ड बनवाने के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है ,कि आधार केंद्र पर कार्यरत कुछ कर्मी व एजेंट नया आधार बनवाने, अपडेट कराने और मोबाइल नंबर लिंक करने के नाम पर निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक पैसे वसूल रहे हैं। कई मामलों में यह रकम 300 से 1000 रुपये तक ली जा रही है, जबकि सरकार द्वारा इसकी स्पष्ट सीमा तय की गई है। स्थानीय लोगों रहमत अली, नासिर हुसैन, अमर सिंह, रोहित चौधरी, मिसकीन जहाँ, यूनुस अली, महबिश, अतर सिंह, हीरा सिंह का कहना है कि विशेष रूप से अशिक्षित, बुजुर्गों और महिलाओं को टारगेट करके अवैध रूप से पैसा वसूला जा रहा है। अगर कोई व्यक्ति निर्धारित शुल्क की बात करता है, तो उसका कार्य टाल दिया जाता है, या उसे घंटों बैठाया जाता है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना सं०: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-05 दिनांक : 14.07.2025

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर न. | T-07-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों के सेक्शनिंग आरेखों का नवीनीकरण |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 05.08.2025, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | Rs. 17,44,183.01/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | Rs. 34,900/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 03 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2132/2025

# अमन, शांति, दया और इंसानियत का नाम है धर्मः मंसूर आलम

■ गरीबों व बेसहाराओं की मदद करना अल्लाह की सच्ची इबादत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** वरिष्ठ समाजसेवी का राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित मैटल मास्टर्स मंसूर आलम का कहना है, अमन शांति दया और इंसानियत का नाम है धर्म है। हम सबको मानवता के प्रति गंभीर होना है। यदि दया और मानवता खत्म हो गई तो यह समाज खत्म हो जाएगा। आज भी हर दिल मे दया और मानवता जिंदा है। हम सबको बस उसको जगाना है। यदि हमारे समाज मे सभी लोग दयावान हो गए तो एक नए युग की



शुरुआत होगी हमारा राष्ट्र महान राष्ट्र बनेगा और दुनिया में भी हमारी अलग पहचान होगी हमे हमेशा इंसानियत के लिए जाना गया है और हमें आगे भी इंसानियत के लिए जाना जाएगा।

# आवरण अग्रवाल ने कराया नामांकन

**मुरादाबाद।** द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के वार्षिक चुनाव में आवरण अग्रवाल एडवोकेट ने संयुक्त सचिव के पद पर अपने चैम्बर से बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के हाल में एल्डर कमेटी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अपना नामांकन करने के पश्चात्त उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि यदि उन्हें चुनकर कार्यकारिणी में भेजा जाता है तो वह बार एसोसिएशन की पहचान उसकी लाइब्रेरी को अपडेट करने व डिजिटल पटल से जोड़ने का प्रयास करेंगे जिससे अधिवक्ताओं को आवश्यक रूलिंग और अधिनियम सुगमता से मिल सके।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 95-DRM-MB-25-26 Dt. 09.07.2025 | 96-DRM-MB-25-26 Dt. 09.07.2025 | 97-DRM-MB-25-26 Dt. 09.07.2025 | 98-DRM-MB-25-26 Dt. 09.07.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair to leaky roof, improvement of waiting hall and circulating area at MTB, HBW & PNI station in the section of SSE/W/NBD under the jurisdication of ADEN/NBD. | Heavy repair to PWI store cum office at NBD, DPR and KNT under the section of ADEN/NBD. | Heavy repair of corroded pipelines and colony drains at NGG, DPR, SEO & KNT station in the section of SSE/W/NBD under the jurisdication of ADEN/NBD. | Repair to gate lodge road, surface, height gauge and other miscellaneous work related to standardization of LCs in the section of ADEN/NBD. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 12.08.2025 | 12.08.2025 | 12.08.2025 | 12.08.2025 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 84,92,135.15 | 59,88,502.90 | 89,91,199.12 | 89,88,397.69 |
| धरोहर राशि | 1,69,900.00 | 1,19,800.00 | 1,79,800.00 | 1,78,800.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह | 6 माह | 8 माह | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 29.07.2025 | 29.07.2025 | 29.07.2025 | 29.07.2025 |

टेन्डर नं. Tender No. Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक—15.07.2025 2140/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# लॉस एंजेलिस ओलंपिक-2028 में क्रिकेट की वापसी

**लॉस एंजेलिस, वार्ता।** लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 से क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी हो रही है। इस बार के ओलंपिक में क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि 20 और 29 जुलाई को पदक के मैच होंगे। सभी

● **मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, 20 और 29 जुलाई को पदक मैच होंगे**

मैच फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में खेले जाएंगे। लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किमी दूर पोमोना शहर में एक अस्थायी स्टेडियम बनाया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों ही टूर्नामेंट में छह-छह टीम खेलेंगी, जिसमें 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी मैच टी-20 प्रारूप में होंगे। हर टीम टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन सकती है।

ज्यादातर दिनों पर डबल हेडर मुकाबले होंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। मैच लोकल समयानुसार सुबह 9 बजे और शाम 6-30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही समय रखा गया है। लॉस एंजेलिस की मेयर करेन बास ने एक बयान में कहा कि जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आएगी, तो हम सभी के लिए खेलों की मेजबानी करते हुए हर इलाके को उजागर करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि यह एक यादगार विरासत छोड़े। उन्होंने आगे कहा कि हम उस विरासत को पहले ही पूरा कर रहे हैं क्योंकि हम घोषणा करते हैं कि प्लेएलए में दस लाख से ज्यादा नामांकन हो चुके हैं।

मैं एलए28 और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ को धन्यवाद करना चाहती हूं, जिनकी वजह से ये कार्यक्रम मुमकिन हो पाए। क्रिकेट पहली बार ओलंपिक में 1900 में शामिल किया गया था। तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने दो दिन के मैच में भाग लिया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक में क्रिकेट का शामिल होना इस खेल के बढ़ते कद को और मजबूत करता है। महिला क्रिकेट ने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्ध्स में पदार्पण किया, जबकि पुरुष और महिला दोनों 2010, 2014 और 2023 में एशियन गेम्स का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में ग्रैंड प्रेयरी, लॉडरहिल और न्यूयॉर्क ने 2024 के टी-20 विश्व कप के कई मैचों की मेजबानी की।

## क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक



**प्रयागराज, वार्ता।** यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे क्रिकेटर यश दयाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत मिली है। अदालत ने इस मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी की है कि पांच साल से महिला और यश दयाल रिलेशनशिप में थे, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि शादी का झांसा देकर संबंध बनाए गए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से यश दयाल की अर्जी का विरोध किया गया। कोर्ट ने पीड़िता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है और राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने को कहा है। यश दयाल के अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी ने अदालत में अपने मुवक्किल का पक्ष रखा। उनके मुताबिक चार से छह हफ्ते बाद इस मामले पर अगली सुनवाई होगी। इस पूरे मामले की सुनवाई न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा और न्यायाधीश अनिल कुमार दशम की डिवीजन बेंच में हुई। गौरतलब है कि क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ छह जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में एक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। यह एफआईआर बीएनएस की धारा 69 के तहत दर्ज की गई। यश दयाल ने अपने खिलाफ हुई एफआईआर को रद्द करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली। याचिका में राज्य सरकार, इंदिरापुरम थाने के एसएचओ और पीड़िता को पक्षकार बनाया गया है।

## इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए डॉसन को टीम में शामिल किया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को अपनी टीम में शामिल किया है। बशीर लॉर्ड्स में इंग्लैंड की रोमांचक जीत के बाद शेष श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

बशीर को तीसरे टेस्ट के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें तीसरे दिन मैदान से बाहर जाना पड़ा था। 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अंततः अंतिम विकेट लेकर इंग्लैंड को शानदार जीत दिलाई। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर डॉसन ने 2016 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक तीन मैचों में सात विकेट अपने नाम कर चुके हैं। 35 वर्षीय इस खिलाड़ी को मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है, जहां उन्होंने हैम्पशायर के

● **डॉसन को मौजूद काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला**

लिए नौ मैचों में 21 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने उनके चयन पर कहा कि लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, लॉर्ड्स में रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद इंग्लैंड मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में 2-1 से आगे है। दोनों टीमें अब 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगी।

### खेल विशेष

## फौजा सिंह के निधन पर पीए मोदी, मान ने शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक फौजा सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को मैराथन धावक फ़ौजा सिंह का उनके पैतृक गांव ब्यास के पास सड़क हादसे में घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 114 वर्ष के थे। फौजा सिंह, जिन्हें प्यार से 'टर्बन्ड टॉरनेडो' कहा जाता था, इस वर्ष एक अप्रैल को 114 वर्ष के हुए थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक संदेश में कहा कि फ़ौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के अपने तरीके के कारण असाधारण थे। वे अद्भुत दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे। उनके निधन से बहुत दुघ्ख हुआ। मेरी संवेदनाएँ उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शोक संदेश में कहा कि प्रसिद्ध पंजाबी सिख धावक फौजा सिंह जी के देहांत की खबर सुनकर बेहद दुघ्ख हुआ। अपनी लंबी दौड़ों के दम पर पूरी दुनिया में सिख कौम का नाम रोशन करने वाले, विश्व के सबसे अधिक उम्र के धावक फौजा सिंह जी हमेशा हमारे दिलों और यादों में जीवित रहेंगे। परिवार और चाहने वालों के साथ दिल से संवेदना। परमात्मा उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। वाहेगुरु वाहेगुरु। लेखक खुशवंत सिंह, जिन्होंने उनकी जीवनी 'टर्बन्ड टॉरनेडो' लिखी थी, ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि मेरा पगड़ीधारी टॉरनेडो अब नहीं रहा। मुझे अत्यंत दुख के साथ अपने श्रद्धेय स्व. फ़ौजा सिंह के निधन की सूचना मिल रही है। आज दोपहर लगभग 3:30 बजे उनके गाँव बियास में सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## अगले टेस्ट से पहले ऋषभ पंत के फिट होने की पूरी संभावना:गिल

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपनी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में लगी चोट के बावजूद ऋषभ पंत 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले फिट हो सकते हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि उनके स्कैन में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है।

पंत इस सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने छह पारियों में 70.83 की औसत से 425 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान जब 34वां ओवर चल रहा था, तब जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड की एक गेंद को पकड़ने की कोशिश में पंत की उंगली में गेंद लग गई थी। वह काफी दर्द में थे और फिजियो को मैदान पर आना पड़ा, जिससे खेल थोड़ी देर रुका रहा। उन्होंने ओवर तो पूरा किया, लेकिन फिर विकेटकीपिंग जारी नहीं रख सके।

इसके बाद ध्रुव जुरेल ने मैच के बाकी हिस्से में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, पंत ने भारत की दोनों पारियों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 112 गेंदों पर 74 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में 12 गेंदों पर 9 रन। बल्लेबाज़ी के दौरान खासकर दूसरी पारी में कई बार वह असहज दिखे। शॉट खेलने के दौरान वह चोटिल हाथ को लगातार बल्ले से अलग कर ले रहे थे। यह तकलीफ सबसे ज्यादा तब दिखी जब भारत आखिरी दिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था।

## पंत का रन आउट होना मैच का निर्णायक पल: गिल



**लंदन, वार्ता।** भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंततः भारत 170 रन पर ऑल आउट

● **निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए**

हो गया और 22 रन से हार गया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं। जब शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को आउट कर इंग्लैंड को जीत दिलाई, तब रवींद्र जडेजा 61 रन पर नाबाद रहे। यह एक अद्भुत पारी थी। उन्होंने 181 गेंदें खेलीं और निचले क्रम को बखूबी संभाला। उन्होंने नीतीश रेड्डी के साथ 30, जसप्रीत बुमराह के साथ 35 और सिराज के साथ 23 रन जोड़े। गिल ने जडेजा के बारे में कहा कि 'वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं। हमने उन्हें कोई संदेश नहीं भेजा। वह निचले क्रम के साथ शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। हम बस यही चाहते थे कि वह और निचले क्रम के बल्लेबाज जितना लंबा खेल सकें, खेलें। जब इस दिल तोड़ने वाली हार की वजह बात की गई, तो गिल ने माना कि भारत ने खुद को चौथे दिन की आखिरी घड़ी में मुश्किल में डाल दिया। चौथे दिन शाम को करुण नायर, खुद गिल और नाइटवॉचमैन आकाशदीप का विकेट काफी कम अंतराल में गिर गया था। उस समय भारत का स्कोर 41/1 से 58/4 हो गया था। गिल को लगा कि अगर शीर्ष क्रम से एक अर्धशतकीय साझेदारी मिल जाती, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। उन्होंने कहा कि आखिरी एक घंटे में हम थोड़ी बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। खासतौर पर जो दो आखिरी विकेट गिरे। वहां हमसे गलती हुई। आज सुबह भी, जिस तरह इंग्लैंड ने योजनाबद्ध गेंदबाजी की, हम बस एक 50 रन की साझेदारी की उम्मीद कर रहे थे। अगर टॉप ऑर्डर से एक भी साझेदारी मिल जाती, तो चीजें आसान हो जातीं। क्या पंत, राहुल और वाशिंगटन सुंदर के एक ही सत्र में आउट हो जाने के बाद भी कोई उम्मीद बची थी। इस सवाल के जवाब में गिल ने कहा कि जब तक बल्लेबाजी बची थी, उम्मीद भी थी। हमें बस एक 50-60 रन की साझेदारी चाहिए थी। टारगेट बहुत बड़ा नहीं था। बस एक अर्धशतकीय साझेदारी और हम मैच में वापस आ सकते थे। गिल ने चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत के रनआउट को भी मैच का टर्निंग प्वाइंट माना। पंत और राहुल ने शतकीय साझेदारी कर पहली पारी में भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। लेकिन राहुल को लंच से पहले शतक दिलाने की

## कुंबले ने भारत की हार की तुलना चेन्नई में पाकिस्तान की हार से की

**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के रोमांचक अंत में, इंग्लैंड ने भारत को केवल 22 रनों से हरा दिया।

जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और जोनाथन ट्रॉट ने अंतिम सत्र, जडेजा के वीरतापूर्ण प्रयास और दोनों टीमों के लिए इसके महत्व पर जानकारी दी। तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन की समाप्ति के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने भारत की हार और मैच के आखिरी पलों पर टिप्पणी की: कि मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन। जडेजा नाबाद रह गए-मतलब,



उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। लेकिन इंग्लैंड अपने काम पर डटा रहा।

मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर के पिछले ओवर ने मोहम्मद सिराज को जरूर परेशान किया होगा। ऐसा नहीं था कि वह गेंदबाज पर हमला करना चाहते थे, लेकिन एक बेतुके पॉइंट ने दबाव बढ़ा दिया। मुझे लगा कि यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने का एक शानदार मौका था। लेकिन भारत के लिए यही होना चाहिए-22 रनों से हारने के बावजूद, कई सकारात्मक पहलू भी हैं। सीरीज के उत्साह पर प्रतिक्रिया देते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि एक बार फिर, मैच का फैसला बेहद कम अंतर से हुआ-22 रन से। हमने सिराज को सांत्वना देते देखा। हम यही देखना चाहते हैं। हमने पांच दिनों तक कड़ा मुकाबला देखा, और फिर हर तरफ हाथ मिलाते हुए। किसी एक टीम को जीतना ही था, और इस बार इंग्लैंड था। अंतिम सत्र की तीव्रता के बारे में, जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि यह बहुत तनावपूर्ण था-नाखून चबाने वाला। मुझे यकीन नहीं है कि मेरे पास कोई नाखून बचा है!

## ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से मिली भारतीय टीम

● **विमेंस टीम भी पहुंची, कप्तान शुभमन गिल बोले-हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से सेंट जेम्स पैलेस में मुलाकात की। भारतीय मेंस और विमेंस टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है। भारतीय विमेंस टीम जहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज 3-2 से जीत चुकी है, जबकि टीम को 3 वनडे मैचों की सीरीज अभी खेलना है। वहीं, भारतीय मेंस टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। इंग्लैंड फिलहाल 2-1 से आगे है। उन्होंने दूसरा (लार्ड्स) टेस्ट 22 रन से जीता। इस खास मुलाकात में कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। टीम को क्लैरेंस हाउस गार्डन में किंग चार्ल्स तृतीय से मिलवाया गया, जहां उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की। इस खास



मौके पर सभी खिलाड़ियों के साथ किंग चार्ल्स ने फोटो सेशन भी किया। मुलाकात पर कप्तान गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय ने हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात है। विमेंस टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलने का अनुभव खास रहा। यह हमारी उनसे पहली मुलाकात थी और वे बहुत ही दोस्ताना स्वभाव के हैं। उन्होंने आगे कहा, हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और हमें खुद को दिखाने के बहुत मौके मिल रहे हैं। भारतीय विमेंस टीम ने हाल ही इंग्लैंड विमेंस की खिलाफ पहली बार इंग्लैंड में टी-20 सीरीज अपने नाम की। टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से जीतीं। टीम 16 से 22 जुलाई के बीच 3 वनडे मैच भी खेलेगी। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलना शानदार अनुभव रहा।

# ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

● **ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के तीसरे ही दिन विंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया**




**किंग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन वेस्टइंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर था। इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 176 रनों से बड़ी जीत हासिल की और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। तीसरे दिन लंच के बाद जो हुआ वह गुलाबी गेंद वाले टेस्ट मैचों के मानक से भी कमतर था, क्योंकि मिचेल स्टार्क ने सबसे तेज पांच विकेट (15 गेंद) लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर अपनी लस्वग और सीम गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया।

पूरे मैच में मुश्किल हालात में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे स्टार्क ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर विंडीज के पतन की शुरुआत कर दी। उन्होंने एक ही ओवर में जॉन कैंपबेल, केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट कर दिया, जबकि आखिरी दो बल्लेबाज देर से स्विंग हुई और बल्ले और पैड के बीच से निकलकर फुल लेंथ की गेंदों पर आउट हुए। 0/3 के स्कोर पर, मेजबान टीम पहले से ही मुश्किल में थी, लेकिन स्टार्क का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था। अपने तीसरे ओवर में, उन्होंने मिकेले लुइस को आउट करके 400 टेस्ट विकेट पूरे किए, ऐसा करने वाले सिर्फ चौथे ऑस्ट्रेलियाई बने, और दो गेंद बाद उन्होंने एक और तेज इनलस्वगर पर शाई होप को आउट कर दिया। गुलाबी गेंद से स्टार्क का यह अंदाज कमाल का था, तेज गेंदबाजी, गेंद को देर से घुमाना और बल्लेबाजों को कोई मौका न देना। इसके बाद जोश हेजलवुड ने रोस्टन चेज को आउट करके स्कोर को और बिगाड़ दिया और स्कोर 11/6 हो गया। जस्टिन ग्रीव्स, जो दोहरे अंक तक पहुंचने वाले वेस्टइंडीज के एकमात्र बल्लेबाज थे, अल्ज़ारी जोसेफ़ के साथ कुछ देर टिके रहे और उन्होंने चाय तक पारी को संभाला। लेकिन ब्रेक के बाद, केंद्र में आने की बारी बोलैंड की थी। चायकाल के बाद तीन गेंदों में नाटकीय अंदाज में बोलैंड ने ग्रीव्स की गेंद को स्लिप में पहुंचाया, एक सफल रिव्यू के बाद शमार जोसेफ को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर जोमेल वारिकन को बोल्ड किया, जो ऑफ स्टंप के ऊपर से टकराकर अंदर की ओर आई। यह बोलैंड की पहली टेस्ट हैट्रिक थी और टेस्ट इतिहास में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा ली गई सिर्फ 10वीं हैट्रिक थी।

## आईजीपीएल ने युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर बनाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और गोल्फ प्रेमी युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। भारत में इस खेल की नींव को मजबूत करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए, आईजीपीएल ने भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू)-भारत में पुरुषों के शौकिया गोल्फ के लिए आधिकारिक शासी निकाय - के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। यह ऐतिहासिक समझौता उभरती प्रतिभाओं को निखारने और भारत की ओलंपिक गोल्फ आकांक्षाओं के लिए एक स्थायी मार्ग बनाने की उनकी संयुक्त प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



● **आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अदभुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साह जनक है: युवराज सिंह**

आईजीपीएल को हाल ही में खेल मंत्रालय से भी समर्थन मिला है और युवराज के एलीट बोर्ड में शामिल होने से लीग के लिए समग्र गोल्फिंग पारिस्थितिकी तंत्र में एक वास्तविक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त होता है। आईजीपीएल के साथ अपने जुड़ाव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, युवराज ने कहा कि 'आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अद्भुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साहजनक है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक होने के बावजूद, गोल्फ को अभी भी एक विशिष्ट खेल माना जाता है और अधिक दर्शकों और खिलाड़ियों तक पहुंचने और गोल्फ को दर्शकों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए एक तेज और त्वरित प्रारूप की आवश्यकता है। युवराज ने कहा कि यह टूर्नामेंट भारतीय गोल्फरों को निखारने और अतिरिक्त अवसरों के साथ उनके विकास में भी मदद करेगा। हमें विश्वास है कि आईजीपीएल भारत में आम जनता के बीच इस खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद करेगा।

# सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैलाने वाली तीन युवतियां व एक युवक गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर महक परी अकाउंट पर गाली-गलौच, अभद्र भाषा व आपत्ति जनक पोस्ट की जा रही थी वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सोशल मीडिया पर अशलीलता की हदों को पार कर आपत्ति जनक कंटेंट वायरल करने की आरोपी तीन युवतियां और एक आरोपी समेत चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार की गई युवतियां सहित युवक पर आपत्ति जनक सामग्री वयरल कर बच्चों और महिलाओं पर बुरा प्रभाव डालने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि असमोली थाना क्षेत्र की चौकी क्षेत्र के शहबाजपुर कलां से सामने आया था कि युवतियां और एक युवक अपने सोशल मीडिया अकाउंट अभद्र भाषा और अशलील वीडियो पोस्ट कर वायरल कर रहे थे। इससे समाज की महिलाओं और बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा था। ग्रामीणों और अन्य स्थानों से लगातार इसका विरोध किया जा रहा था। लेकिन इसके बावजूद युवतियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा था बल्कि वह विरोध के बाद भी लगातार अशलीलता की हदों को पार करते हुए आपत्ति जनक कंटेंट को वायरल कर रहे थे। जिससे गांव और क्षेत्र में आसपास नकारात्मक माहैल पैदा हो रहा था। ग्रामीणों और अन्य लोगों की शिकायत पर असमोली थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी मंसूरपुर माफी चौकी इंचार्ज मोहित कुमार की और से आईटी की धारा 296 बी और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने इसे गमीभीरता से लेते हुए अपनी कार्रवाई शुरू की तो प्रारम्भिक जांच में ही युवतियों की पहचान मेहरुल निशा उर्फ परी पुत्री सरफराज निवासी शहबाजपुर कला थाना समोली जनपद सम्भल, महक पुत्री सरफराज निवासी शहबाजपुर कला थाना असमोली जनपद सम्भल, हिना पुत्री कल्लू निवासी मौ. इकबाल नगर जोया थाना डिडौली जनपद अमरोहा, जर्रार आलम पुत्र हामिद निवासी ग्राम भवालपुर माफी थाना डिडौली जनपद अमरोहा के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार इन सभी ने परी और महक नाम से आईडी बना रखी थी। उन्होने बताया कि पूछताछ में इस आईडी पर यह अभद्र भाषा और अशलील इशारे व गाली-गलौंच वाली वीडियो को अपलोड करते थे। एसपी ने बताया कि अश्लील भाषा का प्रयोग कर वीडियो अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो चारों ने एक स्वर में बताया कि हम रुपये कमाने के लालच और अपने ज्यादा से ज्यादा फालोवर्स बढ़ाने के लिए अश्लील भाषा का प्रयोग कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते हैं। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया और उनका चालान कर दिया।




**सोशल मीडिया पर अशलीलता फैलाने की गिरफ्तार युवतियों व युवक की जानकारी देते एसपी के के विश्नोई।**

### सोशल मीडिया पर अश्लीलता फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**सम्भल।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्ति जनक व अशलील पोस्ट सामग्री करने के आरोप में गिरफ्तार की गई तीन युवतियां और एक युवक की गिरफ्तारी के बाद एसपी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म चलाने वालों से आपत्ति जनक पोस्ट वायरल नहीं करने की अपील की है। इसी के साथ एसपी ने आम नागरिकों व सोशल मीडिया प्लेटफार्म चलाने वालों से किसी भी तरह की कोई आपत्ति जनक वीडियो पोस्ट नहीं करने जबकि इस तरह की पोस्ट करने पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उस पर नकारात्मक पोस्ट वायरल कर चमकने और जल्द प्रसिद्वी पाने की जैसे बाढ़ सी आई हुई है। कई युवकों और युवतियों ने इसे जल्दी प्रसिद्वि पाने के साथ कमाई का भी ज़रिया बना लिया है। ऐंसे कई सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अशलील और आपत्ति जनक पोस्ट दिखायी देनी आम बात हो गयी है। छोटे बच्चे और युवतियों व महिलाओं के हाथों में मोबाईल पर सोशल मीडिया पर जाते ही तरह-तरह के अशलील सामग्री दिखायी दे जाते है। इससे बच्चों और नाबालिग बच्चियों पर बुरा व नकारात्मक प्रभाव पड़ता है लेकिन जनपद की पुलिस की नज़र सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अशलीलता परोसने वालों पर पड़ गयी है। यदि किसी सोशल मीडिया अकाउंट से आपत्ति जनक व अशलीला की हदों को पार किया गया तो उसकी खेर नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई ने कहा कि ऐंसा करते हुए पाये जाने पर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लायी जाएगी।

# सांसद संजय सिंह करेंगे स्कूलों का दौरा

### 17 जुलाई को सम्भल में कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 17 को सम्भल आगमन पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और स्कूलों का दौरा करेंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और, तीन विधानसभाओं के प्रभारी आतिर हुसैन ने बताया कि पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह' 17 जुलाई को सम्भल दौरे पर आ रहे हैं। संभल में संजय सिंह चौधरी सराई स्थित दफ्तर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और उसके बाद ग्राम कल्याणपुर, ग्राम रिठाली (दिल्ली-हसनपुर रोड एवं सम्भल' में स्थित स्कूलो का दौरा करेंगे। उन्होने बताया कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह दोपहर 12:30 बजे सम्भल पहुंचेंगे उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा संसद संजय सिंह ने 14 जुलाई को एक बयान जारी करके योगी आदित्यनाथ सरकार पर शिक्षा विरोधी मानसिकता रखने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि जिस प्रदेश में लाखों बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं, वहां हजारों स्कूल या तो बंद कर दिए गए हैं या जर्जर हालत में चल रहे हैं, और दूसरी तरफ शराब की दुकानों की बाढ़ आई हुई है। संजय सिंह ने कहा कि आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में प्राथमिक स्तर पर 1.93 लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। माध्यमिक में 3,872 और वरिष्ठ माध्यमिक में 8,714 शिक्षक नहीं हैं। मतलब ये कि सरकार खुद मानती है कि करीब 2 लाख शिक्षक नहीं हैं, लेकिन रिर भी उनकी भर्ती की कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। कई जिलों में ऐसे प्राथमिक विद्यालय चल रहे हैं जहां सिर्फ एक शिक्षक पूरे स्कूल को सम्भाल रहा है। प्रयागराज जिले में ही 633 स्कूल खतरनाक घोषित किए।

# हत्या के विरोध अर्द्धनग्न होकर सड़क पर आए वाल्मीकि युवक

### हरियाणा के हिसार में हत्या के विरोध में निकाला पैदल मार्च, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हरियाणा के हिसार में 15 वर्षीय दलित किशोर गणेश वाल्मीकि की मौत के विरोधमें जनक्रांति संगठन के कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता अर्धनग्न होकर नगर पालिका परिषद से एसडीएम कोर्ट तक पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हिसार पुलिस को गणेश की मौत का जिम्मेदार बताया गया है। जनक्रांति संगठन के प्रमुख अनुज राजौरिया ने बताया कि पुलिस ने गणेश को पीटने के बाद मकान की छत से फेंक दिया। गंभीर चोटों के कारण गणेश की मृत्यु हो गई। वाल्मीकि समुदाय के सामाजिक बहिष्कार का मुद्दा भी उठाया पीड़ित परिवार पिछले 8-10 दिनों से धरने पर बैठा है। राजोरिया ने कहा कि यह घटना दुर्घटना नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या है। उन्होंने हरियाणा में दलित समुदाय के उत्पीड़न और वाल्मीकि समुदाय के सामाजिक बहिष्कार का मुद्दा भी उठाया।

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें हैं संदिग्ध पुलिसकर्मियों का निलंबन और उन पर हत्या का मुकदमा, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दलितों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई। इस दौरान एड. अनुज राजोरिया, एड. अमरजीत सिंह, आयुष भंडारी, राजन चौहान, विनीत सहदेव, रोहित मदान, आकाश विक्रमा, दिपेश वाल्मीकि, मुकुल वाल्मीकि आदि मौजूद रहें।




**हरियाणा के हिसार में वाल्मीकि युवक की हत्या के विरोध में अर्द्धनग्न होकर प्रर्दशन करते जनक्रांति संगठन के कार्यकर्ता।**

### तीन दिवसीय विद्युत मेगा शिविर का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** विद्युत वितरण केंद्र बबराला के कार्यालय पर तीन दिवसीय मेगा विद्युत बिल समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विद्युत वितरण केंद्र बबराला के अधिशासी अभियंता अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि कार्यालय पर मेगा विद्युत बिल समाधान (तीन दिवसीय) शिविर 17, 18 व 19 जुलाई को 10 से 5 बजे तक लगाया जाएगा। जिसमें बिजली उपभोक्ताओं की बिल सम्बन्धी,खराब मीटर,भार बढ़ना आदि का समाधान किया जायेगा। उपभोक्ता अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं।

# नगर पंचायत ने कराया एंटी का छिड़काव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** नगर पंचायत ने कस्बे में डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए एन्टी लारवा का छिड़काव कराया। बदलते मौसम के कारण जगह-जगह मच्छर पनपने लगते हैं।

जिससे मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कस्बा क्षेत्र में एन्टी लारवा का छिड़काव शुरू किया गया। नगर पंचायत चैयरमेन कौसर अब्बास के अनुसार कस्बेवासियोंको मच्छरों के डंक से राहत पहुंचाने और मच्छरों के प्रजनन को कम करने के लिए दवा का छिड़काव शुरू किया गया है। गर्मी और मौसम में हो रहे बदलाव से लोगों को मच्छरों के प्रकोप से काफी राहत मिलेगी। सभी वार्डो में किया जा रहा छिड़काव आगे भी जारी रहेगा।



**कस्बे में एंटी लारवा दवा का छिड़काव करते नगर पंचायत के कर्मचारी।**

# जमीन खरीदने के लिए लाखों की रकम लेकर दूसरे को बेची

**सम्भल।** जमीन खरीदने के मामले में धोखाधड़ी कर दूसरे को जमीन का बैनामा कराने तथा पीड़ित से 11.05 लाख रुपए लेकर विक्रेता द्वारा धामकी देने तथा विक्रेता की पत्नी द्वारा छेड़छाड़ के झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी गई।

जहां पीड़ित की तहरीर पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कैला देवी थाना क्षेत्र के खिरनी निवासी शिवनारायन पुत्र खुशीराम ने हयात नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर धतरा निवासी चेतन पुत्र वीर सिंह से बागड़पुर छोइया में 17 बीघा कृषि भूमि खरीदने का सौदा किया था। जहां शिवनारायन द्वारा बीते 27 जनवरी को 1 लाख पांच हजार रुपए नकद दे दिए गए थे। तथा 10 लाख रुपए का चौक के माध्यम से दिए गए थे। इसके बाद चेतन ने अपनी भूमि रंतौधपुरी वाजिदपुर सराय निवासी संतोष पुत्र कर्ण सिंह को बेच दी। जिसका बैनामा हसनपुर करा दिया गया। पता चलने पर शिवनारायन ने जब अपने 11 लाख 5 हजार रुपए वापस मांगे तो टालमटोल करने लगा। कुछ दिन बाद शिवनारायण जब चेतन के घर गया तो चेतन की पत्नी रेनू ने गाली गलौज कर रुपए देने से इन्कार कर दिया।

### श्रीमदभागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म का किया वर्णन

**बबराला।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव असदपुर की धर्मशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्म लीला कथा हुई। कथावाचक विजय कुमार तिवारी ने कहा कि भगवान दुष्टों के संहार और भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की से कथा स्थल गूंज उठा। उन्होंने माखन चोरी, मिट्टी खाना और गोवर्धन पूजा जैसे प्रसंग की कथा सुनाई।

# मंदिर की सम्पत्ति पर दुकाने निर्माण कराने पर बढ़ा रोष

### राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के कार्यकर्ताओं ने सौंपा मुख्यमंत्री को सम्बोधित डीएम के नाम ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मंदिर की सम्पत्ति पर बिना किसी अनुमति के निर्माण का रोष बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र भेजकर बाउंड्रीवाल के भीतर हो रहे निर्माण कार्य रोके जाने की मांग की है।

राष्ट्रीय भृष्टाचार दमन परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि नगर के रायसत्ती स्थित भागीरथी तीर्थ रायसत्ती मंदिर पुरातत्व विभाग के अंदर आता ह जिसकी आराजी पर पुजारियों व भूमाफियों की मिली भगत से मंदिर के बाहर की दीवारों के अंदर अवैध दुकानों का निर्माण बिना किसी नक्शा पास कराये अथवा बिना किसी प्रस्ताव कराये अवैध रूप से मोटी रकम लेकर वर्ग विशेष को बेच दी गयी हैं। जिस पर वर्तमान में निर्माण तेज गति से चल रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी परिषद और अन्य संगठनों द्वारा शिकायत दर्ज करा दी गयी,लेकिन इस पर अभी तक कोइ संज्ञान नहीं लिया गया।ज्ञापन में चिंता जताते हुए कहा गया कि भीगरथी तीर्थ के जीर्णोद्वार को मख्यमंत्री की और से स्पेशल पैकेज भी घोषित किया था। जिस पर कार्यदायी संस्था द्वारा इसकी दीवार भी बनायी गयी और एक सोलर प्लांट भी लगवाया गया। उसके बाद पुजारियों ने ट्रस्ट बना दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि मंदिर परिसर में केवल पुजारियों के रहने का अधिकार है, लेकिन बारह,तेरह लोगों को मंदिर के अंदर रख रखा है। ज्ञापन में हिंदू समाज के हित बचाये जाने के लिए भागीरथी तीर्थ रायसत्ती के पुर्जी ट्रस्ट को निरस्त कराकर मंदिर के सभी दस्तावेजों की जांच व निर्माण कार्य को ध्वस्त कराने व अवैध रूप से रह रहे परिवारों को मंदिर परिसर से बाहर करने की मांग की है।

# सपा के प्रतिनिधि मंडल ने पौंछे पीड़ित परिवार के आंसू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बुलेरो से बारात ले जाते सड़क हादसे में दूल्हा समेत आठ की मौत पर सपा के प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवारों के आंसू पौंछने पहुंचा।

प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से वार्ता की और शोक संवेदना व्यक्त कर हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल विधानसभा गुन्नौर के गांव हरगोविंदपुर पहुंचा।

प्रतिनिधि मंडल ने ब्लाक जुनावई गांव से गई बारात में दूल्हे की जुनावई कालेज की दीवार से टकराकर दूल्हा सहित आठ लोगों की मौत पर उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में आदित्य यादव सांसद बदायूं, राज्य सभा सांसद जावेद अली खान, जिया उर रहमान बर्क सांसद सम्भल के प्रतिनिधि फराद अहमद, गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव, सदर विधायक नबाब इकबाल महमूद, असमोली विधायक पिंकी सिंह यादव,जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी,पूर्व विधायक प्रदीप कुमार गुडडू पूर्व विधायक राजेश यादव, जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार,अमित यादव विधानसभा अध्यक्ष शामिल रहे। अखिलेश यादव पप्पू यादव केपी यादव रामू यादव अमरीश यादव गुल्लू यादव देव वृत यादव डा राहिल सुनील यादव रियासत सैफी आसिफ सिद्दीकी हाफिज अनजर एस पी विलाल साबिर खान शोभित कुमार काका कमल शर्मा मौजूद रहे।



**जुनावई थाने के ग्राम हरगोविंदपुर में हादसे का शिकार आठ लोगों के परिजनों को सांत्वना देता सपा का प्रतिनिधि मंडल।**

### भाविप की बैठक में बनाई तीजोत्सव की रूपरेखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सम्भल।** भारत विकास परिषद शाखा कल्कि शाखा के तीजोत्सव को लेकर बैठक रूपरेखा बनायी गयी। कोट पूर्वी स्थित सहानी वाले फाटक पर महिला सहभागिता कविता रस्तोगी के निवास पर आयोजित बैठक में अध्यक्ष प्राची गुप्ता सचिव मुदिता गुप्ता नीरा गर्ग एवं कृष्णा शास्त्रि द्वारा भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। बैठक में तीज उत्सव मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। अध्यक्ष प्राची गुप्ता ने बताया कि महिलाओं द्वारा हरियाली तीज उत्सव में एक नाटय स्तुति दी जाएगी।

# गंदे पानी में होकर जा रहे स्कूली छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे में कई दिन से हो रही बारिश राहत से आफत लेकर आई है। स्कूल जाने वाले रास्ते में एक खाली प्लॉट पर पानी भर गया। यहो से स्कूल जाने वाले छात्र गंदे पानी से होकर स्कूल जाते हैं।

कस्बे के मौहल्ला गिन्नौरी में वालमीकि बस्ती के पास मुख्य नाले के पश्चिम दिशा में एक खाली प्लाट है।यहां आसपास रहले वालो के आने-जाने का रास्ता इस प्लॉट के बराबर में छोड़ा गया स्थान है।

पूरे प्लाट में बरसाती पानी भर जाने से मुख्य मार्ग भी पानी में डूब गया है। जिससे आसपास रहने वालों के साथ ही ए जी एम स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्रायें भी इसी गंदे पानी में होकर जाते है। जिससे आने-जाने में काफी असुविधा होती है।



**सिरसी। गंदे पानीसे होकर गुजरते नन्हे छात्र-छात्राएं**

# तेज रफ्तार डम्पर की टक्कर से छात्रा की मौत

**सम्भल।** इम्प्रूमेंट की परीक्षा देकर पिता के साथ लौटती स्कूटी को डम्फर ने टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौत हो गयी। जबकि पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने डम्पर को कब्जे में कर लिया और मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना हयातनगर के कस्बा सरायतरीन के मौहल्ला भालेभाज खां निवासी रूपेश आर्य की पुत्री खुशी नगर के बाल विद्या मंदिर सी. सै. स्कूल में कक्षा 12 की छात्र थी। वह इम्प्रूमेंट की परीक्षा देने के लिए मंगलवार को पिता के साथ स्कूटी से चन्दौसी गई थी। परीक्षा देकर छात्रा अपने पिता के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर वापस लौट रही थी। छात्रा और पिता थाना हयातनगर क्षेत्र के बहजोई मार्ग पर ग्राम धुरैटा पीएम श्री स्कूल निकट पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार डम्पर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच पुलिस ने डम्पर को कब्जे में कर लिया। डम्पर और क्षतिग्रस्त स्कूटी को थाने ले आई। घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने मृतक छात्रा का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# रिक्त दुकानों को लेकर कार्रवाई पर डीएम नाराज

## दो माह से लम्बित रखने पर सम्बंधित पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकान, खाद्य विपणन एवं मंडी की समीक्षा बैठक में लम्बित दुकानों को लेकर की जा रही कार्रवाई पर डीएम ने नाराजगी जतायी और मृतक सम्बंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के साथ मृतक आश्रित की रिक्त दुकानों का आवंटन शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में राशन की रिक्त लंबित दुकानों को लेकर विकासखंड वार चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते कहा कि जो दुकान रिक्त है और दो माह से उसे दुकान को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी की जाए। उन्होने लंबित दुकानों की कार्रवाई को लेकर नाराजगी व्यक्त की और सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए स्तर पर लंबित दुकानों की पत्रावलियों को लेकर जिलाधिकारी ने सचेत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी किसी भी दुकान की पत्रावली 7 दिन से अधिक किसी भी अधिकारी के स्तर पर लंबित रहती है तो जिला आपूर्ति अधिकारी, अपर जिलाधिकारी के साथ बैठकर समीक्षा बैठक करें। मृतक आश्रित की रिक्त दुकानों का आवंटन यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाए। जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्डो के सत्यापन के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत से राशन कार्ड बनाने के लिए जो प्रस्ताव आए हैं उन प्रस्तावों का गहनता से अवलोकन किया जाए एवं पात्रता की पुन: जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में मॉडल शॉप को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो मॉडल शॉप निर्माणधीन है उनको यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करते हुए हैंडोवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए जबकि जिन मॉडल शापों का भूमि चिन्हाकंन नहीं किया गया है उप जिलाधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराने और अगले माह सभी उप जिलाधिकारी बैठक में समस्त सूचनाओं के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, तथा सभी पूर्ति निरीक्षक आदि मौजूद रहे।



**कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा की रिक्त दुकानों की समीक्षा करते जिलाधिकारी।**

# ट्रम्प के अपने ही घर में आफत: 20 राज्यों ने दायर किए मुकदमें

## स्कूल कार्यक्रमों के लिए धनराशि रोकने का मामला

**ईस्ट प्रोविडेंस।** अमेरिका के 20 से ज्यादा राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। उनका कहना है कि ट्रम्प प्रशासन ने स्कूल के बाद और ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों तथा अन्य के लिए दी जाने वाली अरबों डॉलर की धनराशि रोक दी है।

ऐडेन कैजारेस उन 14 लाख बच्चों और किशोरों में से एक हैं, जो स्कूल के बाद या गर्मियों में बायज एंड गर्ल्स क्लब, वाईएमसीए या किसी पब्लिक स्कूल में मुफ्त में कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं। ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं।



- कांग्रेस ने रखी थी रकम, ट्रम्प प्रशासन ने रोकी
- ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं
- अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है

कांग्रेस ने ज्यादातर कम आय वाले परिवारों को शैक्षणिक सहायता, संवर्धन और बाल देखभाल प्रदान करने के लिए इन कार्यक्रमों के लिए धनराशि अलग रखी थी, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने हाल ही में इस धनराशि को रोक दिया है। 21वीं सदी के सामुदायिक शिक्षण केंद्रों के लिए दी जाने वाली राशि, जो संघीय शिक्षा अनुदानों में से एक है, को भी ट्रम्प प्रशासन ने रोक दिया है। ये रकम कुल मिलाकर 6 अरब डॉलर से ज्यादा है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जिन संस्थाओं को पैसा दिया जा रहा है, वे ट्रम्प की नीतियों के अनुसार काम कर रही हैं या नहीं। ईस्ट प्रोविडेंस के बायज एंड गर्ल्स क्लब के अनुसार, रोड आइलैंड राज्य ने अपने स्तर पर ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए धन मुहैया कराया है। लेकिन शरद ऋतु में स्कूल के बाद चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर चिंता बनी हुई है। बायज एंड गर्ल्स क्लब आफ अमेरिका की संचार उपाध्यक्ष सारा ल्यूटजिंगर ने कहा कि अगर ट्रम्प प्रशासन अगले तीन से पांच हफ्तों में धनराशि जारी नहीं करता है, तो देशभर में 926 क्लबों में से कई बंद हो सकते हैं। वाईएमसीए और सेव च चिल्ड्रन संगठन ने भी कहा है कि उनके कई केंद्रों को भी बंद करना पड़ सकता है। सेव द चिल्ड्रन एक्शन नेटवर्क की कार्यकारी निदेशक क्रिस्टी ग्लीसन ने कहा कि समय की बहुत अहमियत है। उनके संगठन ने अमेरिका के दक्षिणी ग्रामीण इलाकों और वाशिंगटन राज्य के 41 स्कूलों में कार्यक्रम शुरू किए हैं, जहां अगस्त से स्कूल शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है। जिन स्कूलों की फंडिंग रोकी गई है, उनमें ज्यादातर रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं वाले इलाकों में हैं। वामपंथी थिंक टैंक, न्यू अमेरिका के एक विश्लेषण के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित 100 स्कूल जिलों में से 91 रिपब्लिकन इलाकों में हैं। ये जिले खास तौर पर कैलिफोर्निया, वेस्ट वर्जीनिया, फ्लोरिडा और जार्जिया राज्यों में हैं।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनेंगी यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन सकती हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनकी सिफारिश की है। यूलिया, जेलेंस्की की करीबी मानी जाती हैं। वह 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह लेंगी। जेलेंस्की ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वे सरकार में जरूरी बदलाव चाहते हैं। हालांकि यूलिया का पीएम बनाना संसद की मंजूरी पर निर्भर करता है। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट आफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे देश की अगली पीएम बनेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक यूलिया के प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर आज संसद में चर्चा हो सकती है। यूलिया को नए पीएम बनाए जाने की कोशिश को लेकर विपक्षी पार्टियां नाराज हैं। उनका कहना है कि उप-प्रधानमंत्री को ही प्रधानमंत्री बनाना कोई बड़ा बदलाव नहीं है, बल्कि बस चेहरों की अदला-बदली है। कुछ विरोधियों का यह भी आरोप है कि जेलेंस्की ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि वह अपनी सत्ता और मजबूत कर सकें। उन्होंने जेलेंस्की पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।



मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास एक डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी।

## आतंकवाद से सख्ती से निपटने के उद्देश्यों पर अड़िग रहे एससीओ: जयशंकर

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा। डा. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियो की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ए तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निदा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश नौसेना ने 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**ढाका।** बंगलादेश की नौसेना ने कथित तौर पर उनके देश की समुद्री सीमा में प्रवेश करने और बंगाल की खाड़ी में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है। एक समाचार रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार कल समुद्र में फेयरवे बॉय क्षेत्र के पास मछली पकड़ने वाले दो ट्रॉलर, एफबी झोर और एफबी मंगल चांदी-38 को भी जब्त कर लिया गया। हिरासत में लिए गए मछुआरों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए मोंगला भेजा गया है।

### गजनी में हमलावरों ने की पांच लोगों की गोली मारकर हत्या

**काबुल।** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पाँच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सईदी ने बताया कि इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

### कनाडा में गर्मी की अनेक चेतावनी जारी की

**ओटावा।** कनाडा के पर्यावरण प्राधिकरण ने सोमवार दोपहर को ओंटारियो, क्यूबेक और अटलांटिक प्रांतों सहित कई प्रांतों के लिए गर्मी की चेतावनी जारी की। पर्यावरण कनाडा के अनुसार, गर्मी की चेतावनी में टोरंटो, ओटावा और मॉन्ट्रियल जैसे बड़े शहर भी शामिल हैं जहां दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है जो उच्च आर्द्रता के साथ 42 डिग्री तक महसूस होगा और गुरुवार रात तक इसे जारी रहने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने कहा कि दक्षिणी ओंटारियो में इस सप्ताह अधिकांश समय गर्मी और उमस महसूस होगा।

## फ्रांस में राष्ट्रपति की पत्नी के पुरुष होने की चर्चाएं

### दो महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने दो महिला यूटयूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। इन महिलाओं ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि ब्रिगिट मैक्रों महिला नहीं, बल्कि पुरुष हैं। इनका कहना था कि ब्रिगिट का असली नाम जीन-मिशेल ग्रोग्रेन्क्स था। हालांकि यह नाम ब्रिगिट के भाई का है।

जीन-मिशेल और ब्रिगिट की शक्ल आपस में काफी हद तक मिलती है। इसके बाद प्रथम महिला ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपए और उनके भाई को 5 लाख रुपए हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने अब इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील



**कहा गया था, जेंडर बदलकर की शादी**

दायर की है। ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोगन्यू की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। यह मामला दिसम्बर 2021 का है, जब अमंडाइन राय नाम की महिला यूटयूबर ने एक पत्रकार नताशा रे का इंटरव्यू किया। 4 घंटे के इस इंटरव्यू में नताशा ने दावा किया कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष हैं। नताश रे ने यह भी दावा किया कि उन्होंने इस जानकारी के लिए 3 साल तक रिसर्च की। रे ने दावा कि जीन मिशेल ने लिंग परिवर्तन कराने के बाद इमैनुएल मैक्रों से शादी की थी। यह वीडियो वायरल हो गया और पूरी दुनिया में इसे लेकर कान्सपिरेसी थ्योरी फैलने लगी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। उन्होंने दावा करते हुए खहा कि यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा राजनीतिक घोटाला है। ओवेन्स ने दावा किया कि ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोग्नेक्स वास्तव में एक ही व्यक्ति हैं। यानी ब्रिगिट पहले जीन-मिशेल के नाम से एक पुरुष थीं और बाद में लिंग परिवर्तन कर महिला बनीं। ओवेन्स ने यहां तक कहा कि वह अपनी पूरी पेशेवर प्रतिष्ठा इस बात पर दांव पर लगा देंगी कि ब्रिगिट मैक्रों वास्तव में पुरुष हैं।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ की दी धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमे. रिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी का हथियार भेजेगा, साथ ही उन्होंने रूस को धमकी दिया कि अगर 50 दिनों के अंदर युद्ध समाप्ति के लिए समझौता नहीं हुआ तो वह रूस पर कड़े टैरिफ लगाएंगे। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन में नाटो प्रमुख मार्क रूटे के साथ बैठक के बाद ट्रम्प ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूक्रेन वह कर सके जो वह करना चाहता है। रूटे ने पुष्टि किया कि अमेरिका ने नाटो के माध्यम से यूक्रेन को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने का निर्णय लिया है तथा यूरोपीय देश इसका खर्च वहन करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि यूरोपीय देश यूक्रेन को अपनी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां देंगे जिस पर यूक्रेन रूस के घातक हवाई हमलों को विफल करने के लिए निर्भर है और इसके बाद अमेरिका प्रतिस्थापन प्रणाली जारी करेगा। हालांकि न तो रूटे और न ही ट्रम्प ने कीव को भेजे जाने वाले हथियारों के

- अमेरिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी के हथियार भेजेगा

बारे में विस्तार से बताया लेकिन रूटे ने कहा कि सौदे में मिसाइल और गोला-बारूद शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का हथियार देने का वादा यूक्रेन के लिए एक बड़ा कदम है। ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर मूल्य के उच्च-स्तरीय हथियार युद्धक्षेत्र में तेजी से वितरित किए जाएंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि उन्होंने रूटे के साथ बैठक करने के बाद ट्रम्प से बात की और यूक्रेन का समर्थन करने, हत्याओं को रोकने तथा स्थायी एवं न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के लिए साथ मिलकर काम करने की उनकी इच्छा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ रूसी हमलों से लोगों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने और अपनी स्थिति मज़बूत करने के लिए आवश्यक उपायों व समाधानों पर चर्चा की।

## सीरिया में सैन्य टैंको पर इजरायली हमला

### सरकारी बलों और ड्रूज मिलिशिया संघर्ष में 30 की मौत

**बुसरा अल-हरीर।** इजरायली सेना ने कहा कि उसने सीरिया के दक्षिणी हिस्से में कुछ सैन्य टैंकों पर हमला किया है। यह हमला उस समय हुआ, जब वहां सीरियाई सरकारी बलों और बेडौइन जनजातियों की ड्रूज मिलिशिया के बीच झड़प हुई थी। सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है और अब भी वहां शांति पूरी तरह नहीं लौटी है।

दक्षिणी सीरिया के स्वेदा प्रांत में स्थानीय मिलिशिया और कबीलों के बीच लड़ाई में दर्जनों लोग मारे गए हैं। जब सरकारी सुरक्षा बल शांति बहाल करने के लिए पहुंचे, तो उनकी भी सशस्त्र समूहों के साथ झड़प हुई। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बताया कि अब तक

- सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है

30 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और करीब 100 लोग घायल हुए हैं। ब्रिटेन की युद्ध निगरानी संस्था सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स ने बताया कि कम से कम 89 लोग मारे गए हैं, जिनमें दो बच्चे, दो महिलाएं और 14 सुरक्षा बल के सदस्य शामिल हैं। आब्जर्वेटरी ने बताया कि लड़ाई की शुरुआत ड्रूज और सुन्नी बेडौइन कबीलों के सशस्त्र समूहों के बीच हुई। सरकारी सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी बेडौइन पक्ष की मदद कर रहे थे। सीरिया के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नूरेद्दीन अल-बाबा ने बताया कि सरकारी बल व्यवस्था बहाल करने के लिए सुबह-सुबह स्वेदा में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि कुछ झड़पें गैरकानूनी सशस्त्र समूहों के साथ हुईं, लेकिन हमारी को. शिश है कि आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो। वेधशाला ने बताया कि झगड़े की शुरुआत उस समय हुई जब एक बेडौइन समूह ने एक ड्रूज युवक को पीटा और लूट लिया। इसके जवाब में दूसरे पक्ष ने भी हमला किया और अपहरण की घटनाएं शुरू हो गईं। वेधशाला के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने बताया कि संघर्ष एक ड्रूज सब्जी विक्रेता के अपहरण और लूटपाट से शुरू हुआ।

## इंडोनेशिया में नाव पलटी, 11 लोग लापता

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के मेंटावाई द्वीप समूह के तट पर सोमवार को एक नाव के पलट जाने से 11 लोग लापता हो गए। इस हादसे में सात लोग तैरकर बाहर आ गए। स्थानीय राहत एंव बचाव दल की आपातकालीन इकाई के प्रमुख डियो उल्वी फिनंदा ने यह जानक. ारी दी है। फिनंदा ने मंगलवार सुबह बताया कि नाव सिकाकाप द्वीप से सिपोरा द्वीप जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:00 बजे हुई। नाव में सवार सात लोग तैरकर किनारे तक पहुंचने में कामयाब रहे। खोज एवं बचाव कार्यालय ने सूचना के बाद एक नाव और बचाव कर्मियों के साथ एक जहाज घटनास्थल पर भेजा। हालांकि जब वे पहुंचे तो उन्हें नाव कहीं मिली।

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

## पाक से शियाओं के अकेले ईरान-इराक जाने पर बैन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने अगले साल से शिया नागरिकों के अकेले इराक-ईरान जाने पर रोक लगा दी है। पाकिस्तानी अखबार द डान के मुताबिक गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान और इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया।

नकवी ने कहा कि 1 जनवरी 2026 से शिया नागरिक अकेले नहीं बल्कि रजिस्टर्ड ग्रुप की मदद से यात्रा कर पाएंगे। इन रजिस्टर्ड ग्रुप का काम लोगों को इराक ले जाना और उन्हें वहां से वापस लाना होगा। पाकिस्तान में



- गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान-इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद फैसला लिया

शिया तीर्थयात्रियों को जायरीन कहा जाता है। हर साल हजारों शिया मुसलमान इराक और ईरान के पवित्र स्थलों की यात्रा करते हैं। इनमें से कई लोग अपने वीजा की तय सीमा से ज्यादा समय तक वहां रुक जाते हैं, कुछ अवैध काम भी करने लगते हैं। इससे पाकिस्तान का इन दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव पैदा होता है और पाकिस्तान की छवि भी खराब होती है। अब से इन दोनों की यात्रा पर जाने वाले शिया तीर्थयात्रियों को अब अधिकृत टूर आयोजकों के साथ जाना होगा। इन आयोजकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई तीर्थयात्री समय से ज्यादा इराक में न रुके।

## कनाडा में जगन्नाथ रथ यात्रा पर अंडे फेंके

**ओटावा।** कनाडा में 11 जुलाई को इस्कान की जगन्नाथ रथ यात्रा पर कुछ लोगों ने छतों से अंड़े फेंके। इस घटना का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह घटना उस वक्त घटी जब भक्त सड़कों पर नाचते हुए भजन कर रहे थे।

सोशल मीडिया यूजर संगना बजाज ने घटना का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा-किसी ने पास की इमारत से हम पर अंडे फेंके। क्यों? क्योंकि हमारा विश्वास शोर मचाता है? क्योंकि हमारी खुशी अनजान लगती है? हम नहीं रुके, क्योंकि भगवान जगन्नाथ सड़कों पर हैं, कोई नफरत हमें हिला नहीं सकती। वहीं, टोरंटो में रहने वाली एक

- भक्त बोले: नफरत विश्वास को नहीं हरा सकती, भारत सरकार से कार्रवाई की अपील

एनआरआई ने कहा- हम हैरान और आहत थे, लेकिन हमने यात्रा नहीं रोकी। नफरत कभी भी विश्वास को नहीं हरा सकती। इस घटना की निंदा करते हुए ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसे भक्तों की भावनाओं पर हमला बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा-टोरंटो में रथ यात्रा के दौरान भक्तों पर अंडे फेंके जाने की खबर से दुखी हूं। यह घटना न सिर्फ जगन्नाथ भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है, बल्कि ओडिशा के लोगों के लिए भी दुखद है।

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्र्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट